# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

गुरुवार, 06 अगस्त, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 30, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## सेंसेक्स में 152 अंकों की उछाल

नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किए जाने के बाद उतार-चढ़ाव भरे कारोबारी सत्र में बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 152 अंक चढ़कर बंद हुआ। } 10

## असम में बाढ़ से भारी नुकसान : जेपी नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने कहा कि मोन जिले से बहकर आने वाली नदी ने एक के बाद एक कई गांवों को तबाह कर दिया है। इससे जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। } 12

# आरबीआई ने रेपो में नहीं किया बदलाव

### आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेगा नीतिगण रुख पर अगला फैसला

**एजेंसी**



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच बुधवार को उम्मीद के अनुरूप प्रमुख नीतिगत दर रेपो को इस साल लगातार चौथी बार 5.25 प्रतिशत पर कायम रखने के साथ तटस्थ रुख को भी बरकरार रखा।

इसके साथ ही आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि केंद्रीय बैंक का ब्याज दरों और मौद्रिक नीति के रुख पर अगला फैसला आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेगा। आरबीआई आर्थिक परिदृश्य को लेकर सतर्क भी है। दक्षिण-पश्चिम मानसून, अल नीनो की स्थिति, वैश्विक घटनाक्रम और वैश्विक व्यापार नीतियों से जुड़े जोखिमों के कारण आर्थिक परिदृश्य अनिश्चित बना हुआ है। मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि केंद्रीय बैंक का मुख्य लक्ष्य मध्यम अवधि में खुदरा महंगाई को चार प्रतिशत के निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप लाना है। आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आम सहमति से नीतिगत रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर यथावत रखने का फैसला किया। इसके साथ ही आरबीआई ने ईरान युद्ध के कारण ऊर्जा की बढ़ी लागत के साथ भविष्य में महंगाई के रुख को लेकर अधिक स्पष्टता को लेकर इंतजार करने का विकल्प चुना। इसके साथ आरबीआई ने अपने तटस्थ रुख को भी बरकरार रखा जिसका मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक स्थिति के हिसाब से नीतिगत दर में समायोजन को लेकर लचीला बना रहेगा। चुनौतीपूर्ण स्थिति के बावजूद आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि के अनुमान को 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया है। वहीं मुद्रास्फीति के ...शेष पृष्ठ 10 पर

# लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे के टोल पर रोक

### परियोजना निष्पादन व पर्यवेक्षण में लापरवाही को लेकर निर्माता कंपनी, इंजीनियर व कई अफसरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू

**विशेष संवाददाता**





- वर्तमान व पूर्व परियोजना निदेशक पर एनएचएआई की बड़ी कार्रवाई
- दोनों पर चार्जशीट की तैयारी, वर्तमान परियोजना निदेशक को मूल विभाग वापस भेजा गया
- मरम्मत होने तक कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर टोल वसूली बंद, नुकसान की भरपाई रियायतग्राही से होगी
- निर्माण कंपनी पीएनसी इंफ्राटेक को नॉन-परफॉर्मर नोटिस, तीन करोड़ से होगी मरम्मत

लखनऊ। कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किमी-64 के पास स्लिपेज के मामले में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सख्त कार्रवाई की है। परियोजना की निगरानी में लापरवाही को लेकर वर्तमान परियोजना निदेशक नकुल प्रकाश वर्मा को मूल विभाग में वापस भेज दिया गया है, जबकि पूर्व परियोजना निदेशक सौरभ चौरसिया और वर्तमान परियोजना निदेशक नकुल वर्मा के खिलाफ आरोप-पत्र जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मामले की तकनीकी जांच के लिए आईआईटी खड़गपुर के प्रो. केएस रेड्डी के नेतृत्व में विशेषज्ञ टीम गठित की गई है। साथ ही सुधार कार्य पूरा होने तक एक्सप्रेसवे पर टोल वसूली तत्काल प्रभाव से रोक दी गई है। फिलहाल एक्सप्रेसवे पर 120 किमी प्रति घंटे की निर्धारित स्पीड लिमिट में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

एनएचएआई के क्षेत्राधिकारी व मुख्य महाप्रबंधक गौतम विशाल चरण पहारी ने बताया कि 26 जुलाई को कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किमी-64 के निकट सड़क की सतह में स्लिपेज देखा गया था। सूचना मिलते ही बहाली कार्य ...शेष पृष्ठ 10 पर

### तीन अधिकारियों पर लगी दो साल की रोक

निर्माण एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर विवेक कुमार गुप्ता, स्वतंत्र अभियंता के टीम लीडर सुरेंद्र कुमार और रेजिडेंट इंजीनियर यतेंद्र कुमार को परियोजना से हटा दिया गया है। तीनों पर दो वर्ष तक मोर्थ, एनएचएआई और एनएचआईडीसीएल की किसी परियोजना में भाग लेने पर रोक लगाई गई है। स्वतंत्र अभियंता मेसर्स थीम इंजीनियरिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को भी भविष्य ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### उच्च न्यायालय ने चैम्बर खाली करने के लिए 10 दिन का दिया समय

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कैसरबाग स्थित सिविल कोर्ट परिसर के आसपास अवैध अतिक्रमण हटाने के मामले में अपना रुख और सख्त कर दिया है। कोर्ट ने बचे हुए 72 चैम्बरों व दुकानों के कब्जेदारों को अंतिम अवसर देते हुए कहा है कि वे स्वेच्छा से अवैध कब्जा खाली कर दें अथवा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष अपने कब्जे के वैध होने का साक्ष्य प्रस्तुत करें। ऐसा नहीं करने पर संबंधित चैम्बरों व दुकानों को ध्वस्त कर दिया जाएगा। कोर्ट के आदेष पर पहले ही 100 चैम्बर ध्वस्त किये जा चुके हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चैहान व न्यायमूर्ति राजीव भारती की पीठ ने अनुराधा सिंह व अन्य के नाम से दर्ज जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। कोर्ट ने कहा कि यद्यपि कब्जेदारों को यह भली-भांति पता है कि उनके कब्जे अवैध व अनधिकृत हैं और उन्हें हटाया जाना है, फिर भी न्यायहित में उन्हें एक और अवसर दिया जा रहा है। कोर्ट ने नगर निगम, लखनऊ को निर्देश दिया है कि एक सप्ताह के भीतर सभी 72 अतिक्रमणकारियों को दोबारा नोटिस तामील कराया जाए।

### नाबालिग की गला रेतकर हत्या

लखनऊ। नरपत खेड़ा गांव में एक नाबालिग युवती की गला रेतकर हत्या किए जाने की दर्दनाक घटना सामने आई है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और ग्रामीणों में भय व आक्रोश का माहौल है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाने के साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# सपा का चरित्र अलोकतांत्रिक व शर्मनाक

### समाजवादी पार्टी ने सदन को नहीं, बल्कि दलितों-पिछड़ों, युवाओं, किसानों, महिलाओं व गरीबों के अवसर किये बाधित

**विशेष संवाददाता**



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान सपा का असली चेहरा एक बार फिर देखने को मिला। सपा सदस्यों द्वारा विधानसभा सत्र को हंगामे के हवाले करना प्रदेश के युवाओं, किसानों, महिलाओं व गरीबों के साथ भारी अन्याय है। इन लोगों ने नकारात्मक रवैये के कारण अनुपूरक बजट की जन-कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा नहीं होने दी। सपा ने इस सदन को नहीं, बल्कि दलितों-पिछड़ों, युवाओं, किसानों, महिलाओं व गरीबों के अवसर बाधित करने का काम किया है। मुख्यमंत्री बुधवार को विपक्ष के भारी हंगामे के बाद उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के उपरांत विधान भवन में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

सीएम ने कहा कि सपा का असली चरित्र दलित, पिछड़ा, युवा, गरीब, किसान, महिला विरोधी है। सदन ने उसके इसी चेहरे को बेनकाब किया है। इन लोगों का चरित्र अलोकतांत्रिक, असंवैधानिक, शर्मनाक व इन सभी तबकों के साथ अनर्थ करने वाला रहा है। सदन में सपा के इस व्यवहार की हम निंदा करते हैं और प्रदेशवासियों को आश्वस्त करते हैं कि डबल इंजन सरकार ने पिछले सवा 9 वर्षों में जिस प्रतिबद्धता के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग के हितों के लिए कार्य किया है, वह बिना रुके, डिगे, थके आगे बढ़ता रहेगा। सीएम ने कहा कि सरकार की मंशा यही रही कि मानसून सत्र में युवाओं के रोजगार, स्किलिंग कार्यक्रम बढ़ें। किसानों, गरीबों के कल्याण के लिए नए कार्यक्रम और महिलाओं के सम्मान-स्वावलंबन के लिए अतिरिक्त प्रयास आगे बढ़ें। इसीलिए सरकार 59 हजार करोड़ से अधिक का अनुपूरक बजट लेकर आई और कई जन-कल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों के लिए धनराशि की व्यवस्था की। सरकार चाहती थी कि नई योजनाओं को घोषित करने के लिए विधानसभा सदन में सार्थक चर्चा हो। मुख्यमंत्री ने दो-टूक कहा कि समाजवादी पार्टी ने अपने नकारात्मक रवैये के कारण युवाओं, अन्नदाता किसानों, महिलाओं के स्वावलंबन व गरीबों के लिए बनने वाली कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा नहीं होने दी। इनका आचरण असंवैधानिक होने के साथ ही युवा, किसान, महिला व गरीब विरोधी भी है। जन प्रतिनिधियों ने नई मांगों के साथ ही प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत ...शेष पृष्ठ 10 पर

### बिना चर्चा पारित हुआ 59 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव के चलते तीन दिनों में ही हंगामे की भेंट चढ़ गया। सदन में किसी भी महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा नहीं हो सकी। बुधवार को समाजवादी पार्टी के सदस्यों के भारी हंगामे और नारेबाजी के बीच सरकार का 59,019.54 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट ध्वनिमत से बिना चर्चा के पारित कर दिया गया।

सरकार ने सदन में संभल हिंसा प्रकरण से जुड़ी न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट भी रखी, लेकिन विपक्ष के विरोध के कारण इन पर चर्चा नहीं हो सकी। लगातार हंगामे के चलते विधानसभा की कार्यवाही निर्धारित समय से एक दिन पहले ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। बुधवार को सदन की कार्यवाही शुरू ...शेष पृष्ठ 10 पर

### अलीगंज के 51 अवैध निर्माणों पर कसेगा शिकंजा

लखनऊ। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने अलीगंज क्षेत्र में आवासीय भूखंडों पर बने अवैध व्यावसायिक निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। एलडीए ने संबंधित मामलों की फाइलें निकलवा ली हैं और विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली है। जिन निमार्णों पर किसी सक्षम न्यायालय का स्थगन आदेश (स्टे) नहीं है, उनके खिलाफ सीलिंग और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने लोकनाथन बनाम तमिलनाडु राज्य सरकार मामले की सुनवाई के दौरान लखनऊ सहित देश के अन्य महानगरों में अवैध निर्माणों के मामलों पर संबंधित विभागों से जवाब तलब किया था। सुनवाई के दौरान 22 जून 2026 को अलीगंज सेक्टर-डी स्थित आवासीय भूखंड पर बने अवैध व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स में हुई आग की घटना पर अदालत ने कड़ा रुख अपनाया था। एलडीए ने न्यायालय को अपनी रिपोर्ट में बताया कि अलीगंज क्षेत्र में आवासीय भू-उपयोग के विपरीत बने 51 व्यावसायिक निर्माण चिन्हित किए गए हैं।

# 370 हटने के बाद घाटी में व्यापक बदलाव : मोदी

### शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, उद्यमिता व खेल क्षेत्र में बढ़े अवसर

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि 2019 में अनुच्छेद 370 को हटाये जाने के बाद से जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के जीवन में बड़े बदलाव आए हैं, वहां बुनियादी ढांचे का विस्तार हुआ है तथा शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, उद्यमिता और खेल के क्षेत्रों में अवसरों में वृद्धि हुई है। अनुच्छेद 370 को हटाये जाने के सात वर्ष पूरे होने पर मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा वह यह सुनिश्चित करने के लिए भी कटिबद्ध है कि हर नागरिक को बड़े सपने देखने, उन्हें हासिल करने और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का मौका मिले।

उन्होंने कहा कि इन दो केंद्र शासित प्रदेशों में बुनियादी ढांचे का विस्तार हुआ है तथा शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, उद्यमिता और खेल जैसे क्षेत्रों में अवसर बढ़े हैं। मोदी ने कहा कि चाहे महिलाएं हों या हाशिए पर रहने वाले समुदाय, जिन्हें दशकों तक उनके बुनियादी संवैधानिक अधिकारों से वंचित रखा गया था, वे भारत के संविधान के पूरी तरह से लागू होने की वजह से सशक्त हुए हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, सात साल पहले, इसी दिन अनुच्छेद 370 और 35(ए) इतिहास बन गए, जिससे जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की यात्रा में एक निर्णायक नये अध्याय का आरंभ ...शेष पृष्ठ 10 पर

### हाथरस में साढ़े पांच टन से अधिक सिक्के जब्त

हाथरस। हाथरस जिले में कॉपी-किताब के एक व्यापारी की दुकान और घर से 5.6 टन से अधिक सिक्के जब्त किये गये हैं। मामले की जांच के लिये पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गयी है। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने मंगलवार को बताया कि व्यापारी के खिलाफ सिक्का-निर्माण अधिनियम 2011 के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है और वह अब भी फ़रार है।

उन्होंने बताया कि यह पुलिस कार्वाई जिला प्रशासन द्वारा गत एक अगस्त को नवीन कुमार की नयागंज स्थित दुकान और हनुमान गली में पास ही स्थित उसके घर पर की गई छापेमारी के बाद हुई है। सिन्हा ने बताया कि प्रशासन को सूचना मिली थी कि कुमार की दुकान और मकान में बड़ी मात्रा में सिक्के जमा किए गए हैं। उन्होंने बताया कि दोनों ही ...शेष पृष्ठ 10 पर

# पीएम आवास योजना की सुस्त चाल पर धामी सख्त

### 6,464 आवास तैयार, लाभार्थियों को कब्जा देने की प्रक्रिया तेज

**प्रमुख संवाददाता**



देहरादून। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत निमार्णाधीन आवासीय परियोजनाओं को लेकर राज्य सरकार ने अब समयसीमा और निगरानी दोनों को सख्त कर दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लंबित परियोजनाओं को तेजी से पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। आवास विभाग को 30 सितंबर 2026 तक शेष निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है। मुख्यमंत्री के निदेर्शों के क्रम में सचिवालय में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में योजना की प्रगति का परियोजनावार आकलन किया गया। सचिव आवास डॉ. आर. राजेश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्माण एजेंसियों और विकासकों से उनके-अपने प्रोजेक्ट की वर्तमान स्थिति, कार्य की रफ्तार और निर्माण में आ रही दिक्कतों की जानकारी ली गई। तैयार आवासों के आवंटन और लाभार्थियों को कब्जा देने की प्रक्रिया पर भी चर्चा हुई। सचिव आवास ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य सिर्फ आवासीय भवन खड़े करना नहीं, बल्कि उन परिवारों को स्थायी आश्रय उपलब्ध कराना है, जिनके लिए अपना घर एक बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि निर्माण पूरा होने में देरी का सीधा प्रभाव पात्र लाभार्थियों पर पड़ता है। इसलिए सभी लंबित परियोजनाओं में उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी इस्तेमाल करते हुए कार्यों की रफ्तार बढ़ाई जाए। उन्होंने निर्माण एजेंसियों और विकासकों को स्पष्ट किया कि समयसीमा का पालन करते हुए निर्माण की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। तकनीकी मानकों, निर्धारित गुणवत्ता और पारदर्शिता का पालन अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी परियोजना में ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

अधिकतम : 36.06 डिसे.
न्यूनतम : 26.04 डिसे.

**भीतर पढ़ें**


- पीडीए में पीड़ित पंडित का शार्ट फार्म है : अखिलेश (पृष्ठ-02)
- 4 माह में आबकारी राजस्व 20,862 करोड़ (पृष्ठ-02)
- सेवा क्षेत्र की वृद्धि साढ़े चार साल के निचले स्तर पर (पृष्ठ-10)
- ब्याज दरों में स्थिरता से बढ़ेगा कारोबारी भरोसा (पृष्ठ-10)
- एमडीआर पर अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी (पृष्ठ-10)


**विशेष खबर** 85.19 प्रतिशत लक्ष्य पूरा, 2.45 करोड़ से अधिक किसानों का पंजीकरण, गाजियाबाद व रामपुर ने हासिल किया 100 प्रतिशत लक्ष्य

# किसान रजिस्ट्री में यूपी की बड़ी छलांग, टॉप-10 में पहुंचा प्रदेश

**विशेष संवाददाता**





लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में किसान रजिस्ट्री अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाए जा रहे इस अभियान में प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए टॉप-10 राज्यों में स्थान बना लिया है। उत्तर प्रदेश ने भारत सरकार की ओर से निर्धारित लक्ष्य का 85.19 प्रतिशत पूरा कर लिया है और अब राष्ट्रीय रैंकिंग में नौवें स्थान के करीब पहुंच गया है।

शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए अभियान को और गति दी जा रही है। भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश के लिए 2,88,70,495 किसानों के पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके सापेक्ष अब तक 2,45,94,831 किसानों का सफलतापूर्वक पंजीकरण किया जा चुका है। इस प्रकार प्रदेश ने कुल लक्ष्य का 85.19 प्रतिशत पूरा कर लिया है। वर्तमान में 42,75,664 किसानों का पंजीकरण शेष है, जिसे जल्द पूरा करने के लिए सभी जिलों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार यदि किसान रजिस्ट्री अभियान को 29 अगस्त 2026 तक पूरा करना है तो प्रतिदिन लगभग 1,42,522 किसानों का पंजीकरण करना होगा। वहीं 29 सितंबर 2026 तक लक्ष्य पूरा करने के लिए प्रतिदिन 71,261 तथा 29 अक्टूबर 2026 तक अभियान पूरा करने के लिए प्रतिदिन 47,507 किसानों का पंजीकरण आवश्यक होगा। इसी को ध्यान में रखते हुए जिलों में विशेष शिविरों, राजस्व एवं कृषि विभाग के समन्वय तथा डिजिटल माध्यमों से पंजीकरण की प्रक्रिया तेज की जा रही है। किसान रजिस्ट्री अभियान में गाजियाबाद और रामपुर ने भारत सरकार से नर्धारित लक्ष्य का 100 प्रतिशत पंजीकरण पूरा कर प्रदेश के अन्य जिलों के लिए मिसाल पेश की है। वहीं अंश निर्धारण के कार्य में झांसी और हरदोई ने उत्कृष्ट प्रदर्शन ...शेष पृष्ठ 10 पर

# जमीन विवाद में कब्जा दिलाने या हटाने का पुलिस को अधिकार नहीं : हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता**

- उच्च न्यायालय ने निजी जमीन के विवादों में पुलिस को दूर ही रहने का दिया आदेश

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने निजी जमीन और संपत्ति के विवाद में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका को लेकर अहम फैसला करते हुए कहा है कि निजी पक्षों के बीच जमीन के स्वामित्व, कब्जे या सीमा को लेकर विवाद होने पर पुलिस और कार्यकारी अधिकारी उसका फैसला नहीं कर सकते। वे किसी एक पक्ष को कब्जा दिलाने अथवा दूसरे पक्ष को कब्जे से हटाने की कार्रवाई भी नहीं कर सकते। ऐसे विवादों का फैसला सक्षम सिविल कोर्ट ही कर सकता है। पीठ ने कहा कि पुलिस की भूमिका केवल शांति-व्यवस्था बनाए रखने और कानून-व्यवस्था बिगड़ने से रोकने तक सीमित है। न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति अबधेश कुमार चैधरी की पीठ ने यह आदेश थाना आलमबाग निवासी 85 वर्षीय इंद्रपति व एक अन्य की ओर से दाखिल रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। याची की ओर से मांग की गयी कि संबंधित अधिकारी उनकी जमीन पर शांतिपूर्ण कब्जे में हस्तक्षेप न करें और किसी सक्षम न्यायालय के अंतरिम आदेश के बिना उन्हें परेशान ...शेष पृष्ठ 10 पर

# अनुपूरक बजट विधान परिषद में पास

## कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, मानसून सत्र में संसदीय परंपराओं का सम्मान

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री एवं विधान परिषद में नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने विधान परिषद के मानसून सत्र-2026 के समापन अवसर पर कहा कि पूरे सत्र के दौरान संसदीय लोकतंत्र की गौरवशाली परंपराओं का सम्मान किया गया। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 का अनुपूरक बजट सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक वातावरण में पारित होना सदन की रचनात्मक कार्यशैली का परिचायक है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी एक ऐसी राजनीतिक पार्टी है जिसने कभी भी लोकतांत्रिक परंपराओं या व्यवस्थाओं का सम्मान नहीं किया। कल विधानसभा के अंदर पार्टी ने जिस तरह का व्यवहार किया, उसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। सपा के सदस्यों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बोलने का अवसर तक नहीं दिया। इससे पता चलता है कि उनका मकसद सिर्फ सदन का समय बर्बाद करना है। उन्हें राज्य की जनता की कोई परवाह नहीं है। जो लोग बाबर या बाबरी मस्जिद का समर्थन करते हैं, उन्हें श्री राम जन्मभूमि से जुड़े मामलों पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। चाहे वह चढ़ावे, दान या मंदिर के निर्माण से जुड़ा मामला हो।

समाजवादी पार्टी को 2027 में भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और उसका पूरी तरह से खत्म होना तय है। उप मुख्यमंत्री ने विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने सदन की कार्यवाही का निष्पक्ष, गरिमापूर्ण और कुशल संचालन किया। अपने व्यापक संसदीय अनुभव और नेतृत्व के बल पर उन्होंने सत्ता और विपक्ष के बीच संतुलन बनाए रखते हुए सभी सदस्यों को अपनी बात रखने का पूरा अवसर दिया। केशव प्रसाद मौर्य ने अपना दल (एस), निषाद पार्टी, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल, निर्दलीय समूह तथा शिक्षक दल सहित सभी राजनीतिक दलों के नेताओं और सदस्यों का भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सभी ने संसदीय मयार्दा और लोकतांत्रिक परंपराओं का पालन करते हुए सदन की गरिमा बनाए रखी। उन्होंने कहा कि 5 अगस्त भारत के इतिहास का एक गौरवपूर्ण दिन है। इसी दिन वर्ष 2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35-ए के प्रावधानों को समाप्त करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर आज विकास, शांति, समृद्धि और राष्ट्रीय एकात्मता की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है तथा वहां भी पूरे सम्मान के साथ तिरंगा लहरा रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 अगस्त 2020 को अयोध्या में भगवान श्रीरामलला के जन्मस्थान पर भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन और शिलान्यास का ऐतिहासिक कार्यक्रम संपन्न हुआ था। इस अवसर पर उन्होंने देश और प्रदेश के सभी रामभक्तों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आगामी 15 अगस्त को मनाए जाने वाले स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अवसर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने और राष्ट्र की एकता, अखंडता तथा संप्रभुता के प्रति अपने संकल्प को और मजबूत करने का है।



### सपा विधायकों का विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के विधायकों ने विधानमंडल मानसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को श्री राम मंदिर में चढ़ावा चोरी, राम धन की लूट, किसानों की समस्याओं, खाद की किल्लत, ध्वस्त कानून व्यवस्था, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, पेपर लीक की घटनाओं को लेकर विधानसभा परिसर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के पास भाजपा सरकार के खिलाफ धरना देकर प्रदर्शन किया। सपा सभी विधायकों ने लाल टोपी लगाकर, हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर भाजपा सरकार विरोधी नारे लगाये। विधायकों ने कहा कि भाजपा सरकार तानाशाही पर उतारू है। भाजपा सरकार में हर जगह, भ्रष्टाचार और लूट है।

# मातृ वंदना योजना में यूपी ने बनाया नया रिकॉर्ड, लक्ष्य से अधिक पंजीकरण

## 31 जुलाई तक 3.97 लाख के लक्ष्य के मुकाबले 4.06 लाख महिलाओं का पंजीकरण

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (ढटटए) के प्रभावी क्रियान्वयन में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में 31 जुलाई तक प्रदेश ने निर्धारित लक्ष्य का 102.13 प्रतिशत हासिल करते हुए देश के अग्रणी राज्यों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।

प्रदेश सरकार ने 3,97,567 गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया था, जबकि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा बहुओं और विभागीय अधिकारियों के समन्वित

- **86.55 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता सीधे खातों में भेजी गई**

प्रयासों से 4,06,058 महिलाओं का पंजीकरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की मिशन मोड में कार्यशैली, मजबूत आंगनबाड़ी नेटवर्क और डिजिटल मॉनिटरिंग के चलते योजना का लाभ तेजी से पात्र महिलाओं तक पहुंच रहा है। योजना के प्रभावी संचालन के लिए गांव-गांव और वार्ड-वार्ड तक विशेष अभियान चलाकर पात्र महिलाओं की पहचान और पंजीकरण सुनिश्चित किया गया। जिला एवं राज्य स्तर पर नियमित समीक्षा, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से निगरानी और समयबद्ध कार्रवाई के कारण सभी जिलों में लक्ष्य से अधिक उपलब्धि दर्ज की गई। वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक 2,61,369 किस्तों के माध्यम से 86 करोड़ 55 लाख 62 हजार रुपये से अधिक की राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जा चुकी है। योजना के तहत पहली संतान पर दो चरणों में 5,000 रुपये तथा दूसरी संतान यदि बालिका हो तो 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों में पूरी करने में मदद मिलती है। योजना की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन संचालित की जा रही है। आवेदन, सत्यापन, स्वीकृति और भुगतान डिजिटल माध्यम से किए जा रहे हैं। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए फेस रिकग्निशन सिस्टम (एफआरएस) का उपयोग किया जा रहा है, जिससे लाभार्थी की पहचान आधार से मिलान के बाद ही भुगतान किया जाता है। डिजिटल मॉनिटरिंग के माध्यम से प्रत्येक आवेदन की नियमित निगरानी की जा रही है, जिससे पात्र महिलाओं तक समयबद्ध तरीके से योजना का लाभ पहुंच रहा है।

# अवैध शराब पर सख्ती का असर, चार महीने में आबकारी राजस्व 20,862 करोड़ के पार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का आबकारी विभाग राजस्व संग्रह और अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई, दोनों मोर्चों पर लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के पहले चार महीनों (अप्रैल-जुलाई) में विभाग ने 20,862.42 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि की तुलना में 2,279.23 करोड़ रुपये यानी 12.27 प्रतिशत अधिक है। अकेले जुलाई महीने में विभाग ने 5,052.86 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया, जो पिछले वर्ष के जुलाई की तुलना में 16.04 प्रतिशत अधिक रहा। आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने कहा कि योगी सरकार की पारदर्शी नीतियों, प्रभावी निगरानी और बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था के कारण विभाग लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में आबकारी विभाग के लिए 71,278 करोड़ रुपये का

- **चार माह में आबकारी राजस्व ने रचा इतिहास, 20,862 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड संग्रह**
- **जुलाई में 16.04% की रिकॉर्ड बढ़ोतरी, आबकारी विभाग ने बनाया नया कीर्तिमान**

राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसे हासिल करने के लिए विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। सरकार का उद्देश्य केवल राजस्व बढ़ाना नहीं, बल्कि समाज को नशे के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखना भी है। आबकारी आयुक्त डॉ. आदर्श सिंह ने बताया कि राजस्व वृद्धि के साथ-साथ अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर भी सख्त कार्रवाई जारी है। अप्रैल से जून 2026 के दौरान 29,294 अभियोग दर्ज कर अवैध मदिरा एवं मादक पदार्थ बरामद किए गए। इस दौरान 4,673 लोगों को गिरफ्तार किया गया, 819 आरोपियों को जेल भेजा गया तथा तस्करी में प्रयुक्त 30 वाहन जब्त किए गए। जुलाई में भी 9,769 अभियोग दर्ज कर 1,704 लोगों की गिरफ्तारी कर 271 को जेल भेजा गया।

# 38.8 मिलियन मीट्रिक टन दुग्ध उत्पादन के साथ यूपी अव्वल

## दुग्धशाला विकास विभाग की स्वर्ण जयंती वर्ष पर डेयरी कॉन्क्लेव

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** दुग्धशाला विकास विभाग की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को सभी 75 जनपदों में डेयरी कॉन्क्लेव-2026 आयोजित किया गया। दुग्धशाला विकास विभाग एवं पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम हुआ। दुग्ध आयुक्त धनलक्ष्मी के. ने बताया कि वर्ष 2024-25 में भारत लगभग 248 मिलियन मीट्रिक टन दुग्ध उत्पादन के साथ विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है, जिसमें उत्तर प्रदेश लगभग 38.8 मिलियन मीट्रिक टन दुग्ध उत्पादन एवं लगभग 16 प्रतिशत योगदान के साथ देश में प्रथम स्थान पर है। डेयरी क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था, महिला सशक्तीकरण, रोजगार सृजन एवं किसानों की आय बढ़ाने का सशक्त माध्यम है।

उन्होंने बताया कि नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं से कुल 17,994 लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है तथा 4,951 प्रारम्भिक दुग्ध सहकारी समितियों के गठन से प्रत्यक्ष एवं

- **दुग्ध उत्पादन में 16 प्रतिशत योगदान के साथ देश में प्रथम स्थान पर उत्तर प्रदेश**

अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 2.25 लाख रोजगार सृजित हुए हैं। इस कार्यक्रम में पूरे प्रदेश में 2100 नव चयनित मुख्यमंत्री स्वदेशी गो-सवंर्धन योजना, 1500 से अधिक मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना तथा 450 से अधिक नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना के लाभार्थियों को चयन पत्र वितरित किए गये हैं। साथ ही डेयरी क्षेत्र में 28,000 करोड़ रुपये से अधिक के 829 एमओयू किए गए हैं। उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति-2022 के अंतर्गत 39 लाख लीटर प्रतिदिन दुग्ध प्रसंस्करण एवं अवशीतन क्षमता में वृद्धि हुई है तथा लगभग 10,000 रोजगार सृजित हुए हैं। निवेशकों को डीबीटी के माध्यम से लगभग 42 करोड़ रुपये का अनुदान भी उपलब्ध कराया गया है। कॉन्क्लेव में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पशुपालन एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों, दुग्ध संघों के प्रतिनिधियों, प्रगतिशील दुग्ध उत्पादक किसानों, पशुपालकों, स्वयं सहायता समूहों तथा दुग्ध सहकारी समितियों के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विभागीय अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने आधुनिक डेयरी तकनीकों वैज्ञानिक पशुपालन, पशु स्वास्थ्य, संतुलित पशु आहार तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

# 15 अगस्त तक परिषदीय विद्यालयों में शिफ्ट होंगे 15613 आंगनबाड़ी केंद्र

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने बुनियादी शिक्षा और प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के बेहतर एकीकरण के लिए बड़ा निर्णय लिया है। प्रदेश में 15 अगस्त 2026 तक 15,613 आंगनबाड़ी केंद्रों को परिषदीय विद्यालय परिसरों में स्थानांतरित किया जाएगा। ये वे आंगनबाड़ी केंद्र हैं, जो परिषदीय विद्यालयों से 200 मीटर की परिधि में स्थित होने के बावजूद वर्तमान में गैर विभागीय भवनों में संचालित हो रहे हैं। इन्हें मिशन मोड में चरणबद्ध तरीके से परिषदीय विद्यालय परिसरों में स्थानांतरित किया जाएगा। प्रदेश में 1,89,208 आंगनबाड़ी केंद्रों की मैपिंग पूरी हो चुकी है, जिनमें से 1,64,480 केंद्र पहले ही परिषदीय विद्यालय परिसरों से एकीकृत किए जा चुके हैं।

शेष 15,613 केंद्रों का स्थानांतरण 15 अगस्त तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इस पहल के तहत 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को सुरक्षित कक्ष, शुद्ध पेयजल, शौचालय, खेल का मैदान, बिजली तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं से युक्त बेहतर शिक्षण वातावरण मिलेगा। इससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा और बुनियादी शिक्षा के बीच समन्वय और मजबूत होगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका एस. गर्ग तथा निदेशक बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार हर्षिता माथुर द्वारा जारी संयुक्त निर्देशों के अनुसार सभी जिलों में यह अभियान मिशन मोड में चलाया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संयुक्त रूप से इसकी निगरानी करेंगे तथा 15 अगस्त तक स्थानांतरण सुनिश्चित करेंगे। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का सबसे महत्वपूर्ण आधार प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा है। आंगनबाड़ी केंद्रों को विद्यालय परिसरों में स्थानांतरित करने से बच्चों को शुरूआत से ही बेहतर शैक्षणिक वातावरण और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे उनकी सीखने की क्षमता और स्कूल रेडीनेस को मजबूती मिलेगी।

# 12 प्रतिशत पर रिकवरी सर्टिफिकेट जारी करने पर हाईकोर्ट सख्त

## कोर्ट ने 2 दिसंबर 2021 के बाद पद पर रहे गन्ना आयुक्तों के मांगे नाम मांगे

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने गन्ना किसानों को देरी से गन्ना मूल्य भुगतान पर 15 प्रतिशत ब्याज देने के अपने फैसले के बावजूद 12 प्रतिशत ब्याज की दर से रिकवरी सर्टिफिकेट जारी किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने गन्ना आयुक्त से दो दिसंबर 2021 के बाद पद पर रहे सभी गन्ना आयुक्तों के नाम मांगे हैं, जिन्होंने उत्तर प्रदेश गन्ना (विनियमन आपूर्ति एवं खरीद) अधिनियम, 1953 की धारा 17(3) के तहत रिकवरी सर्टिफिकेट जारी करने के आदेश दिए थे।

न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की पीठ ने किसान मजदूर संगठन के संयोजक वीएम सिंह की वर्ष 2006 से लंबित जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि प्रथमदृष्टया 15 प्रतिशत के बजाय 12 प्रतिशत ब्याज की दर से रिकवरी सर्टिफिकेट जारी करना 23 दिसंबर 2021 के हाईकोर्ट के

- **कोर्ट ने कहा- प्रथमदृष्टया अवमानना का मामला**



फैसले की अवमानना प्रतीत होता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह जांच का विषय होगा कि ऐसा चीनी मिलों को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए किया गया या किसी मिलीभगत के कारण किसानों को वित्तीय नुकसान उठाना पड़ा। सुनवाई के दौरान कोर्ट में पेष गन्ना आयुक्त ने स्वीकार किया कि ऐसे रिकवरी सर्टिफिकेट जारी हुए हैं। उन्होंने बताया कि 30 जुलाई 2026 को इन प्रमाणपत्रों में सुधार करने का आदेश जारी कर दिया गया है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि देरी से भुगतान के बकाये की वसूली 15 प्रतिशत ब्याज के साथ की जाए और अगली सुनवाई में अब तक की गई वसूली तथा किसानों को मिलने वाली अतिरिक्त रकम का पूरा ब्यौरा पेश किया जाए। कोर्ट ने गन्ना आयुक्त से पिछले तीन वर्षों के उन गन्ना बकायों का पूरा विवरण मांगा है, जिनका भुगतान 14 दिन के भीतर किया जाना था। यह भी बताना होगा कि कितनी रकम समय से किसानों को दी गई और कितनी राशि का भुगतान समयसीमा में नहीं हुआ। देरी से भुगतान पर देय ब्याज की राशि का भी विवरण देना होगा। सुनवायी के दौरान गन्ना आयुक्त ने पीठ को बताया कि वर्ष 2023-24 से अब तक देरी से भुगतान संबंधी आंकड़ों को डिजिटल किया जा चुका है। कोर्ट ने कहा कि इससे भविष्य में यह बहाना स्वीकार नहीं किया जाएगा कि गन्ना सहकारी समितियों के पास उपलब्ध आंकड़े गन्ना आयुक्त के पास उपलब्ध नहीं हैं। पीठ ने लंबित रिकवरी सर्टिफिकेट और उनमें बकाया रकम का भी विवरण मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 31 अगस्त को होगी। गन्ना आयुक्त को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई में शामिल होना होगा।

# हर पात्र महिला को स्वयं सहायता समूह से जोड़ेगी योगी सरकार

**लखनऊ।** ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में योगी सरकार ने प्रदेशव्यापी 'परिवार संतृप्तिकरण अभियान' शुरू किया है। 5 अगस्त से 20 अगस्त तक चलने वाले इस विशेष अभियान के तहत गांव-गांव और घर-घर जाकर ऐसे पात्र परिवारों की पहचान की जाएगी, जो अभी तक स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) या राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से नहीं जुड़े हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक पात्र महिला को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर स्वरोजगार, बैंकिंग सुविधाओं, ऋण, बचत और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है, ताकि ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

इस अभियान के सफल संचालन के लिए विकासखंड और ग्राम पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है। ये अधिकारी अभियान की निगरानी करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी पात्र महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ने से वंचित न रहे। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक ग्रामीण परिवारों को आजीविका मिशन से जोड़कर महिलाओं की आय बढ़ाई जाए, उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं और गांवों में आर्थिक

- **20 अगस्त तक चलेगा घर-घर अभियान, 'परिवार संतृप्तीकरण अभियान' की शुरुआत**

गतिविधियों को मजबूती मिले। सरकार ने अभियान के दौरान सभी पात्र स्वयं सहायता समूहों के बैंक खाते तत्काल खुलवाने के निर्देश दिए हैं। इससे समूहों को सरकारी वित्तीय सहायता, बैंक ऋण और अन्य योजनाओं का लाभ सीधे मिल सकेगा। बैंकिंग सुविधाओं से जुड़ने के बाद ग्रामीण महिलाओं के लिए छोटे उद्यम शुरू करना और आर्थिक गतिविधियों का विस्तार करना आसान होगा। परिवार संतृप्तिकरण अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र परिवार सरकारी योजनाओं, स्वयं सहायता समूहों और आजीविका के संसाधनों से वंचित न रहे। योगी सरकार चाहती है कि प्रत्येक पात्र महिला को आर्थिक गतिविधियों से जोड़कर उसकी आय बढ़ाई जाए और ग्रामीण परिवारों को आत्मनिर्भर बनाया जाए। जब अधिक से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ेंगी तो गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। छोटे-छोटे घरेलू उद्योग, कृषि आधारित गतिविधियां, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प और अन्य स्वरोजगार के माध्यम विकसित होंगे।

### किसान हितों की लड़ाई को आगे बढ़ाना ही सत्यपाल मलिक को सच्ची श्रद्धांजलि : सुनील सिंह

**लखनऊ।** लोकदल अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने बुधवार को ग्राम हिंगुवां, बागपत में किसान नेता एवं जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय सत्यपाल मलिक की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि सत्यपाल मलिक ने अपने सार्वजनिक जीवन में किसानों, युवाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव निर्भीक होकर आवाज उठाई। उनके विचार और संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों के अधिकारों की रक्षा, युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करना तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं को सशक्त बनाना ही सत्यपाल मलिक के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। लोकदल किसानों, मजदूरों, युवाओं और आमजन के अधिकारों की लड़ाई पूरी मजबूती के साथ लड़ता रहेगा। श्रद्धांजलि सभा में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, किसान नेता तरुण पटेल, लोकदल अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह, लोकदल के प्रदेश पदाधिकारियों, पश्चिम उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने स्वर्गीय सत्यपाल मलिक को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाये : त्रिलोक त्यागी

**लखनऊ।** लखनऊ स्थित इमेजिन रिसोर्ट में रालोद व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर रालोद व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापार प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर त्रिलोक त्यागी का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, व्यापारियों की समस्याओं के समाधान तथा रालोद की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा हुई। त्रिलोक त्यागी ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने व्यापार प्रकोष्ठ से व्यापारियों के बीच निरंतर संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश के व्यापारियों की आवाज को मजबूती से उठाने के साथ-साथ रालोद की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि त्रिलोक त्यागी के मार्गदर्शन में संगठन और अधिक सशक्त होगा।

### दस साल बाद मदरसा वेतन विधेयक का अध्याय खत्म, योगी सरकार ने लिया वापस

**लखनऊ।** अखिलेश सरकार के कार्यकाल में लाया गया मदरसा शिक्षकों और कर्मचारियों के वेतन भुगतान से संबंधित विधेयक, जो करीब दस वर्षों से संवैधानिक और कानूनी अड़चनों के चलते लंबित था, अब समाप्त हो गया है। योगी सरकार ने बुधवार को विधानमंडल के मानसून सत्र के दौरान इस विधेयक को वापस लेने का निर्णय लिया। विधानसभा और विधान परिषद, दोनों सदनों में उत्तर प्रदेश मदरसा (अध्यापकों एवं अन्य कर्मचारियों के वेतन का भुगतान) विधेयक, 2016 को औपचारिक रूप से वापस लेने की प्रक्रिया पूरी की गई। सपा सरकार ने वर्ष 2016 में मदरसा शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के वेतन भुगतान की व्यवस्था को बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों के समान करने के उद्देश्य से यह विधेयक पारित कराया था। इसमें वेतन भुगतान में देरी या लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई का प्रावधान किया गया था। हालांकि विधेयक के कुछ प्रावधानों को लेकर तत्कालीन राज्यपाल राम नाईक ने आपत्ति जताई थी। इसके बाद विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा गया, लेकिन संवैधानिक आपत्तियों के कारण इसे स्वीकृति नहीं मिल सकी। लंबे समय तक लंबित रहने के बाद योगी सरकार ने इसे वापस लेकर इस मामले को समाप्त कर दिया। सरकार का यह कदम ऐसे लंबित विधायी मामलों को निस्तारित करने की प्रक्रिया का हिस्सा माना जा रहा है।

# पीडीए में 'पी' पंडित का शार्ट फार्म है : अखिलेश यादव

## सपा अध्यक्ष ने जनेश्वर मिश्र की जयंती पर पार्क और पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर अर्पित की पुष्पांजलि

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** समाजवादी चिंतक जनेश्वर मिश्र की जयंती पर बुधवार को सपा के प्रदेश मुख्यालय समेत प्रदेश के सभी जिला कार्यालयों में जोश और उत्साह के साथ मनायी गयी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस दौरान जनेश्वर मिश्र के परिवार और पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके साथ ही उनकी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सम्बोधित किया।

अखिलेश यादव ने कहा है कि जनेश्वर मिश्र की जयंती का यह ऐतिहासिक कार्यक्रम जनेश्वर मिश्र पार्क में होना था लेकिन सरकार के लोगों ने परमीशन नहीं दी इसलिए कार्यक्रम यहां कार्यालय में करना पड़ा। आज हम लोग जनेश्वर मिश्र के मिशन को पूरा करने का संकल्प लेते है। उनका मिशन लगातार चलता रहेगा। समाजवादी सरकार में जनेश्वर मिश्र के नाम पर सबसे बड़ा पार्क बनाया गया। उन्होंने कहा कि जबसे भाजपा के लोग लोकसभा चुनाव पीडीए से हारे है तबसे पीडीए की तरह-तरह की परिभाषा बनाते है लेकिन वो जान ले पीडीए में पीड़ित पंडित का शार्ट फार्म है। भाजपा जितना पीड़ा देगी, पीड़ा बढ़ाएगी पीडीए उतना ही मजबूत होगा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार से केवल ब्राह्मण समाज के ही नहीं हर समाज के लोग दुःखी हैं। भाजपा ने हर चीज पर संकट खड़ा कर दिया है। भाजपा दूसरों को बदनाम करने के लिए नकारात्मक राजनीति करती है। देश की नई पीढ़ी जेन जी ने इन्हें जवाब दिया है। भाजपा की नकारात्मक राजनीति के पाप का घड़ा भर गया है। युवाओं ने भाजपा को सबक सिखा दिया है। जब वोट पड़ेगा तो भाजपा का पता नहीं चलेगा। उन्होंने कहा है कि सपा सबका सम्मान करती है। किसी के साथ भेदभाव नहीं करती है। पार्टी को जब भी मौका मिला है सम्मान देने का काम किया है। आज भी लखनऊ में जनेश्वर मिश्र पार्क का कोई मुकाबला नहीं है। भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के नाम पर कोई काम नहीं किया। समाजवादी सरकार में बनाए गये लोकभवन में ही प्रतिमा लगायी गयी। सपा सरकार में भगवान के नाम पर बने इकाना अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम को भाजपा ने अटल जी के नाम पर किया। यादव ने कहा कि भाजपा के लोगों ने प्रभु श्रीराम के मंदिर में चढ़ावा चोरी करके सबसे बड़ा महापाप किया है। जब चोरी पकड़ी गयी तो छोटे कर्मचारियों को पकड़कर जेल भेज दिया। चढ़ावा चोरी के खुलासे के बाद भाजपा के लोग चढ़ावे की रसीद मांग रहे हैं, इससे घटिया बात दूसरी नहीं हो सकती है। सनातनी परम्पराओं में चढ़ावा और दान की रसीद नहीं होती है। भाजपाई रसीद मांग रहे है। जिन्होंने राम धन की चोरी की है उत्तर प्रदेश की जनता उन्हें विधानसभा चुनाव में हरा देगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार में सभी का सम्मान होगा। भाजपा सरकार ने जिन महापुरूषों की छुट्टियों को समाप्त किया है उसे फिर से लागू करेंगे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो. अभिषेक मिश्रा एवं मणेन्द्र मिश्रा ने किया। जयंती समारोह में काशी के श्रीराम जानकी डमरू दल सेवा समिति के 15 बटुकों ने डमरू वादन किया। इससे पूर्व गंगा आरती हुई। स्वास्तिवाचन में अखिलेश यादव के जीवन में सफलता की कामना की। अखिलेश यादव ने बटुकों को अंग वस्त्र एवं दक्षिणा देकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर प्रबुद्ध समाज के लोगों ने अखिलेश यादव को स्मृतिचिह्न भेंटकर सम्मानित किया।

जनेश्वर मिश्र पार्क में जनेश्वर मिश्र के परिवार के सदस्य पुत्री मीना तिवारी, भाई तारकेश्वर मिश्र, चंद्रशेखर तिवारी, विश्वभूषण तिवारी, अमृता त्रिपाठी, सवानंद पाठक समेत अम्बिका चौधरी पूर्व मंत्री, सीमा राजभर प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी महिला सभा, जयसिंह जयंत जिलाध्यक्ष लखनऊ, फाखिर सिद्दीकी महानगर अध्यक्ष, सिकंदर यादव प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सभा, अनीस राजा प्रदेश अध्यक्ष यूथ बिग्रेड, शरद शरन प्रदेश अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ सहित पूर्व मेयर प्रत्याशी मीरा वर्धन, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजकुमार मिश्रा, उदयवीर सिंह पूर्व एमएलसी, नेता सपा पार्षद दल नगर निगम कामरान बेग, सोनू कनौजिया पूर्व प्रत्याशी मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र, पायल सिंह प्रदेश अध्यक्ष किन्नर सभा आदि बड़ी संख्या में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी जनेश्वर मिश्रा को नमन किया।

## संक्षेप

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत, कोहराम



प्रतापगढ़। करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। युवक के मौत की जानकारी होने पर परिजनो मे कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के नया पुरवा निवासी कोमलचन्द्र का पुत्र उन्नीस वर्षीय अमित केसरवानी बुधवार को बाबा घुइसरनाथ धाम दर्शन करने गया था। वहां से लौटने के बाद सुबह करीब सात बजे वह घर में लगे नल पर हाथ मुंह धोने पहुंचा। यहां नल को छूते ही वह करंट की चपेट में आ गया। इसकी जानकारी होते ही परिजन उसे इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आये। यहां परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बिना पीएम कराये शव का अंतिम संस्कार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### गांजा बरामद, तस्कर गिरफ्तार

प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस ने आपरेशन प्रहार के अन्तर्गत अवैध गांजा के साथ एक आरोपी को धर दबोचा। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। सांगीपुर थाने के उपनिरीक्षक अतुल तिवारी बुधवार को पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर कुम्भापुर सई नदी पुल के समीप से डभियार निवासी दिनेश सिंह को एक किलो एक सौ चौरासी ग्राम अवैध गांजा के साथ धर दबोचा। एसओ गौरव त्रिवेदी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

### वांछित धराया, गया जेल

प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने जानलेवा हमले के दर्ज मुकदमें में वांछित चल रहे एक आरोपी को बुधवार को धर दबोचा। गिरफ्तार किये गये आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया। उदयपुर थाने के दरोगा अमित द्विवेदी ने पुलिस बल के साथ गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर वांछित बलराम सिंह पुत्र बैजनाथ सिंह निवासी आहरबीहर को रामपुर कसिहा पुल के समीप से धर दबोचा। प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### किसान गोष्ठी 11 को

इटावा। अधिशासी अभियंता, इटावा प्रखंड, निंग.न. ने बताया कि जनपद सिंचाई बंधु की माह अगस्त की बैठक द्वितीय मंगलवार 11 अगस्त को निश्चित समय सुबह 11 बजे शासन द्वारा निर्गत निदेर्शों के अनुसार इटावा प्रखंड के प्रांगण में स्थित नवीन प्रशासनिक भवन के मीटिंग हाल में कृषकों की उपस्थिति में आयोजित की जाएगी। जिसकी अध्यक्षता शासन द्वारा मनोनीत उपाध्यक्ष अशोक दीक्षित द्वारा की जाएगी।

# निर्माणाधीन सैनिक कल्याण कार्यालय का निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर,** । जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी. एन. ने बुधवार को निमार्णाधीन सैनिक कल्याण कार्यालय एवं विश्राम गृह का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पूरे भवन का अवलोकन किया। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि स्वीकृत परियोजना के अंतर्गत मुख्य भवन एवं टाइप-1 आवास का निर्माण किया जा रहा है। मुख्य भवन में टाइल्स लगाने का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि अन्य कार्य प्रगति पर हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराया जाए तथा भवन का समय से हैंडओवर सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, जेई सिडको वैभव सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विधान परिषद में गूंजे शिक्षकों की पदोन्नति और स्कूल बसों के मुद्दे

प्रतापगढ़। शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद में सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों की पदोन्नति और स्कूल बसों की परमिट व्यवस्था का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सरकार से आयोग से चयनित शिक्षकों को प्रधानाचार्य पद पर पदोन्नति का अधिकार देने की मांग की। उनका कहना था कि एडेड विद्यालयों में वर्षों से कार्यरत शिक्षक पदोन्नति के अवसर से वंचित हैं, जबकि राजकीय विद्यालयों में यह सुविधा उपलब्ध है। इससे शिक्षकों का मनोबल और सम्मान प्रभावित होता है। सदन में उन्होंने स्कूल बसों के संचालन से जुड़ी समस्याएं भी उठाईं। उन्होंने कहा कि यदि बसें समय-समय पर फिटनेस जांच में सफल हो रही हैं तो केवल आयु सीमा के आधार पर उन्हें संचालन से बाहर करना उचित नहीं है। नई बस खरीदने का अतिरिक्त आर्थिक बोझ अंततः अभिभावकों और छात्रों पर पड़ता है। उमेश द्विवेदी ने स्कूल बसों के लिए परमिट व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि ये बसें व्यावसायिक रूट पर नहीं चलतीं, बल्कि सीमित क्षेत्र में बच्चों को लाने-ले जाने का कार्य करती हैं।

# पुलिस ने साइबर ठगी के 35 हजार पीड़ित के खाते में कराये वापस



इंटवा सिद्धार्थनगर। जिले के इंटवा थानाप्रभारी नि0 संजय कु0मिश्रा के नेतृत्व में थाना इटवा साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के शिकार एक व्यक्ति की 35,000 की धनराशि सफलतापूर्वक उसके बैंक खाते में वापस करा दी। पीड़ित कनीकराम ने 27 फरवरी 2026 को एनसीआरपी पोर्टल पर वित्तीय साइबर फ्रॉड की शिकायत दर्ज कराई थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में चलाए जा रहे साइबर क्राइम रिकवरी अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद, क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र के नेतृत्व में थाना इटवा साइबर टीम ने संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई की। टीम के प्रयासों से 5 अगस्त 2026 को ठगी गई पूरी ?35,000 की राशि ऑनलाइन माध्यम से पीड़ित के खाते में वापस करा दी गई।

इस सराहनीय कार्य में साइबर प्रभारी उपनिरीक्षक नागेंद्र सिंह, कांस्टेबल विपुल राय, सतीश गौड़, महिला कांस्टेबल श्रीयंका सिंह एवं मंजू चौहान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस सफलता से साइबर अपराध के पीड़ितों में विश्वास बढ़ा है।

## सरयू मुख्य नहर में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

श्रावस्ती। जनपद के सोनवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत तुलसीपुर के मजरा अडराई गांव के पास स्थित सरयू मुख्य नहर (नानपारा खंड) के गेट में बुधवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव उतराता हुआ आकर फंस गया। शव दिखाई देने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना सोनवा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकलवाने की कार्रवाई शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। शव को बाहर निकालने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं होती रहीं। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच में जुटी हुई है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में नवनिर्मित बहुउद्देशीय हॉल का लोकार्पण

## स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

जिला संवाददाता



**श्रावस्ती।** जवाहर नवोदय विद्यालय, सम्भारपुरवा, भिनगा में विद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में नवनिर्मित बहुउद्देशीय हॉल का उद्घाटन पूर्व सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने फीता काटकर किया। इसके पश्चात उन्होंने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा विद्यालय प्रबंधन समिति, सलाहकार समिति एवं जिला स्तरीय मेस कमेटी की बैठक का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि दद्दन मिश्रा ने स्थापना दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नवोदय विद्यालय ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, परिश्रम और उत्कृष्ट शिक्षा को जीवन का लक्ष्य बनाने का आह्वान करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कार और नैतिक मूल्यों का समावेश ही विद्यार्थियों को सफलता के शिखर तक पहुंचाता है। बैठक के दौरान विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति, स्वास्थ्य, दैनिक दिनचर्या, मेस व्यवस्था तथा विद्यालय में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही शिक्षकों के शैक्षणिक कार्यों एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए संचालित गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की गई। अधिकारियों ने विद्यालय प्रशासन को विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, विद्यालय के प्रधानाचार्य, जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, विद्यालय प्रबंधन समिति एवं सलाहकार समिति के सदस्य, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, अनुशासन और गरिमा से परिपूर्ण रहा।

# दो मासूम सकुशल मिले, परिजनों को सौंपा



बांसी सिद्धार्थनगर। जिले के बांसी थाना प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय कुमार पाठक के नेतृत्व में थाना बांसी पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घर से लापता दो मासूम बच्चों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की संवेदनशीलता और तत्परता की स्थानीय लोगों ने सराहना की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी बांसी सुवेन्दु सिंह की निगरानी तथा प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय कुमार पाठक के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। पंतनगर निवासी शेषमणि ने अपनी चार वर्षीय पुत्री सोनम और दो वर्षीय पुत्र शिवम के घर से लापता होने की सूचना थाना बांसी पर दी थी। सूचना मिलते ही मिशन शक्ति टीम ने तत्काल खोजबीन शुरू की और दोनों मासूम बच्चों को बांसी रोडवेज बस स्टैंड पर सुरक्षित घूमते हुए बरामद कर लिया। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बच्चों को उनके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया। इस मानवीय कार्य के लिए परिजनों और स्थानीय नागरिकों ने बांसी पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# जनता दर्शन में एसपी ने सुनीं फरियाद




सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने बुधवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कुल 20 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 3 भूमि विवाद, 9 पारिवारिक विवाद तथा 8 अन्य मामलों से संबंधित शिकायतें शामिल थीं। एसएसपी ने सभी मामलों में निष्पक्ष, समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए।

## तैनाती को लेकर कोटेदारों ने पूर्ति निरीक्षक के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन



प्रतापगढ़। पूर्ति निरीक्षक के ब्लाक में चौथी बार हुई तैनाती को लेकर बुधवार को कोटेदार संघ ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। पूर्ति निरीक्षक का स्थानांतरण निरस्त न होने पर विरोध प्रदर्शन तेज करने की चेतवानी भी दी है। विकासखण्ड सांगीपुर एवं रामपुर संग्रामगढ़ के कोटेदार बड़ी संख्या में बुधवार को लालगंज ब्लाक मुख्यालय पहुंचे। यहां जुटे कोटेदारों ने पूर्ति निरीक्षक देवी प्रसाद तिवारी की चौथी बार हुई तैनाती को लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। कोटेदारों ने पूर्ति निरीक्षक पर उत्पीड़न का भी आरोप मढ़ा है। कोटेदार संघ के महेन्द्र प्रताप, बृजेश कुमार, रामसजीवन कोरी, कालिका प्रसाद, सुरेश सिंह, पारसनाथ, राजेश कुमार, धर्मराज पटेल, शिवकुमार, राधेश्याम, हीरालाल, राजेन्द्र बहादुर आदि ने जिलाधिकारी को संबोधित प्रार्थना पत्र के जरिए पूर्ति निरीक्षक की सांगीपुर व रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक से तैनाती निरस्त किये जाने की मांग उठाई है। पूर्ति निरीक्षक देवी प्रसाद तिवारी का कहना है कि कोटेदारों का उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन समझ से परे है। उत्पीडन का आरोप निराधार है। कोटेदार समन्वय स्थापित कर ईमानदारी व पारदर्शिता से कार्य करें।

## नशामुक्ति के खिलाफ छात्र छात्राओं को किया जागरूक



प्रतापगढ़। नगर स्थित पं0 नागेशदत्त पब्लिक स्कूल अझारा लालगंज में बुधवार को नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आबकारी टीम के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को नशीले पदार्थो के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें जागरूक किया गया। आबकारी निरीक्षक लालगंज अशोक कुमार ने छात्र छात्राओं को नशीले पदार्थो के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों तथा पारिवारिक व सामाजिक क्षति के प्रति सचेत किया। उन्होने छात्र छात्राओं को नशे से दूर रहते हुए नशा मुक्ति अभियान में अपनी भूमिका निभाने का आहवान किया। कार्यक्रम में सुभद्रा गोस्वामी, बृजेश कुमार वर्मा, संतोष कुमार यादव, एकेडमिक कंट्रोलर रीमा मिश्रा ने भी छात्र छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों को लेकर सचेत किया। विद्यालय के संस्थापक सेवानिवृत्त आईएएस रमेशचंद्र मिश्र, प्रबंधक सुनीता मिश्रा, प्रकाशचंद्र मिश्र, एचआर हेड गौरव मिश्र, सीमा मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों से छात्र छात्राओं में सकारात्मक विकास की मजबूती मिला करती है। कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं ने नशा छोड़े-जीवन जोड़े तथा नशामुक्त भारत, स्वस्थ भारत का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर हिमांशु शुक्ल, श्यामशंकर मिश्र, अनीता द्विवेदी, मीनू तिवारी, मनोज शुक्ल, प्रदीप शुक्ल, शरद मिश्र, राजीवरत्न त्रिपाठी, रवीन्द्र शुक्ल, विवेक पाण्डेय, राजकुमार यादव, श्रुति शुक्ला, रामचंद्र तिवारी, अनिल द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## विश्व स्तनपान सप्ताह पर कार्यशाला आयोजित

श्रावस्ती। विश्व स्तनपान सप्ताह (1 से 7 अगस्त) के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला की अध्यक्षता अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदयनाथ ने की। कार्यशाला में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.के. वर्मा ने शिशु के बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्तनपान के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान एम्स और यूनिसेफ के प्रतिनिधियों ने भी स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया। विशेषज्ञों ने बताया कि बच्चे के जन्म के एक घंटे के भीतर मां का पहला गाढ़ा पीला दूध (कोलोस्ट्रम) जरूर पिलाना चाहिए। इसे बच्चे का पहला टीका माना जाता है, जो उसे कई बीमारियों से बचाने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि जन्म से छह माह तक शिशु को केवल मां का दूध ही देना चाहिए, यहां तक कि पानी भी नहीं देना चाहिए। कार्यशाला में बताया गया कि नियमित और सही तरीके से स्तनपान कराने से बच्चों में कुपोषण की समस्या कम होती है, उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और माताओं को भी कई गंभीर बीमारियों से बचाव मिलता है। इस अवसर पर जिले के सभी ब्लॉकों से आए चिकित्सकों, स्टाफ नर्सों और एएनएम को प्रशिक्षण दिया गया। अंत में सभी स्वास्थ्य कर्मियों से अपील की गई कि वे गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को स्तनपान के प्रति जागरूक करें, ताकि श्रावस्ती को कुपोषण मुक्त बनाने का लक्ष्य सफल हो सके।

## भक्ति ईश्वरीय कृपा को आमंत्रित करती है: आचार्य विनोद

गोला, गोरखपुर। दक्ष यज्ञ की कहानी दिखाती है कि कैसे घमंड सब कुछ खत्म कर सकता है और भगवान शिव सच में कितने दयालु हैं। घमंड पतन की ओर ले जाता है जबकि भक्ति और विनम्रता ईश्वरीय कृपा को आमंत्रित करते हैं। जीवन का सबक अहंकार रिश्तों परिवारों और शांति को नष्ट कर देता है। विनम्रता कृपा को आमंत्रित करती है। उक्त बातें गोला विकास खंड के देवकली कुड़वाआम में चल रहे शिव महा पुराण कथा में मंगलवार को अयोध्या से पधारे आचार्य विनोद महाराज ने श्रद्धालुओं को व्यास पीठ से कथा का रसपान कराते हुए कही। आगे उन्होंने कहा कि अभिमान पतन को आमंत्रित करता है। भगवान शिव हमें याद दिलाते हैं कि असली खुशी जमा करने से नहीं बल्कि संतोष और अंदर के सन्तुलन से आती है।

# डॉ. भास्कर शर्मा को मिला मदर टेरेसा सेवा रत्न अवार्ड-2026

जिला संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. भास्कर शर्मा को चिकित्सा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'मदर टेरेसा सेवा रत्न अवार्ड-2026' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 30 जुलाई 2026 को मदर टेरेसा फाउंडेशन, आंध्र प्रदेश के निदेशक डॉ. आर.पी. रेड्डी चित्रा द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. शर्मा को प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान-पत्र भेंट कर उनके उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की गई।

डॉ. भास्कर शर्मा वर्षों से होम्योपैथिक चिकित्सा, जनस्वास्थ्य जागरूकता और मानव सेवा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। उनकी चिकित्सा सेवाओं और समाज के प्रति समर्पण को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी व्यापक पहचान मिली है। यही कारण है कि उन्हें विश्व के अनेक देशों में प्रतिष्ठित सम्मानों से अलंकृत किया जा चुका है। डॉ. शर्मा को पूर्व में स्टार ऑफ होम्योपैथी (लंदन), प्रेसिडेंशियल यूथ फिटनेस अवार्ड (अमेरिका), डॉ. सैमुअल हैनीमैन इंटरनेशनल अवार्ड (लंदन), सीनियर होम्योपैथिक इंटरनेशनल अवार्ड (सिंगापुर), डॉ. एलेन इंटरनेशनल अवार्ड (थाईलैंड), डॉ. कैंट इंटरनेशनल अवार्ड (मलेशिया), ग्लोबल आइकॉन पर्सनैलिटी ऑफ होम्योपैथी (दुबई), होम्योपैथी शिरोमणि इंटरनेशनल अवार्ड (मस्कट), ग्लोबल एनवायरमेंटल अवार्ड (फिलीपींस), साहित्य रत्न अवार्ड (कनाडा), बेस्ट होम्योपैथी अवार्ड (नाइजीरिया), ग्लोबल आइकॉन पर्सनैलिटी अवार्ड (अफ्रीका), इंटरनेशनल पीस अवार्ड (इंडोनेशिया), डॉक्टरेट अवार्ड (अल्जीरिया), होम्यो भूषण (काठमांडू), होम्योपैथी श्री (गोवा), होम्योपैथी रत्न तथा चिकित्सा रत्न सम्मान सहित अनेक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। 'मदर टेरेसा सेवा रत्न अवार्ड-2026' प्राप्त होने पर चिकित्सा जगत एवं सामाजिक क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। डॉ. वीरेंद्र त्रिपाठी, डॉ. अजीत, डॉ. एम. शर्मा, डॉ. चंद्रशेखर वर्मा, डॉ. सोनपा विश्वकर्मा, डॉ. राजकुमार शर्मा, बिलाल अहमद, कृष्ण कुमार पाठक, गणेश विश्वकर्मा, देवी प्रसाद मौर्य, कृष्णलाल यादव, संजय त्रिपाठी, प्रदीप कश्यप, राहुल प्रजापति, देवेश मौर्य, वीरेंद्र प्रजापति, रामजस कनौजिया सहित अनेक चिकित्सकों, सामाजिक कार्यकताओं एवं शुभचिंतकों ने डॉ. शर्मा को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## संभावित बाढ़ को लेकर 24 घंटे कंट्रोल रूम अलर्ट

श्रावस्ती। आगामी संभावित बाढ़ और आपदा की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में तहसील भिनगा में बाढ़ नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित किया गया है, जो 24 घंटे संचालित रहेगा। उपजिलाधिकारी भिनगा आशीष भारद्वाज ने बताया कि तहसील भिनगा के कक्ष संख्या-12 में स्थापित कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 9305547187 है। बाढ़ या आपदा से प्रभावित व्यक्ति किसी भी समय इस नंबर पर सूचना दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा उपजिलाधिकारी भिनगा के मोबाइल नंबर 9454416088, तहसीलदार भिनगा के मोबाइल नंबर 9454416092 तथा नायब तहसीलदार भिनगा के कंट्रोल रूम नंबर 7007746929 और 7355492330 पर भी संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बाढ़ से संबंधित किसी भी समस्या, जलभराव या आपदा की स्थिति में तत्काल कंट्रोल रूम को सूचना दें, ताकि प्रभावित लोगों को समय रहते राहत और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

## महिला से दुष्कर्म व मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। कोतवाली भिनगा क्षेत्र के जंगल में महिला से दुष्कर्म और मारपीट के मामले में फरार चल रहे ?15 हजार के इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार, 19 जून 2026 को पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली भिनगा में आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट और धमकी देने सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान आरोपी जय जय राम चौहान पुत्र जिलेदार चौहान निवासी गौतमबुद्ध नगर, खेदूपुरवा थाना कोतवाली भिनगा, श्रावस्ती का नाम प्रकाश में आया। आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 22 जुलाई 2026 को उसकी गिरफ्तारी पर ?15 हजार का पुरस्कार घोषित किया गया था। बुधवार को कोतवाली भिनगा पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को भखलापुल, राप्ती नदी के किनारे मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राज प्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक विवेक राठौर, कांस्टेबल विपिन कुमार और संदीप कुमार शामिल रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बांदा

पृ.सं. : 1196/तद्दिनांक : 04.08.2026

स्वच्छ बांदा — स्वच्छ भारत, एक कदम स्वच्छता की ओर — सुन्दर बांदा

'निराश्रित आवारा गौवंश को संरक्षित किये जाने हेतु समस्त सम्मानित नगरवासियों से विनम्र'

**सार्वजनिक सूचना/अपील**

जिलाधिकारी महोदय के निदेर्शों के क्रम में नगर क्षेत्र में आवारा विचरण कर रहे निराश्रित गौवंशों को दुर्घटनाओं से बचाने एवं नगर में यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से समस्त पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि वे अपने पशुओं को अपने-अपने बाड़े अथवा निजी परिसर में सुरक्षित रूप से बांधकर रखें तथा उन्हें किसी भी स्थिति में सडकों मागों, चौराहों अथवा मोहल्लों में खुला न छोड़ें। यदि कोई पशु नगर क्षेत्र में किसी भी मार्ग, सार्वजनिक स्थल अथवा मोहल्ले में आवारा विचरण करता हुआ पाया जाता है, तो उसे नगर पालिका परिषद की टीम द्वारा अभियान के दौरान पकड़कर गौशाला में संरक्षित कराया जाएगा। ऐसे पशुओं के स्वामियों के विरुद्ध प्रचलित नियमों के अंतर्गत निर्धारित जुमार्ना रू. 500/- एवं दैनिक खुराक एवं देख-रेख शुल्क रू. 100/- अधिरोपित करते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही भी की जाएगी।

अतः समस्त पशुपालकों से अपेक्षा की जाती है कि वे जनहित एवं पशुहित को दृष्टिगत रखते हुए अपने पशुओं को सुरक्षित रखें तथा नगर क्षेत्र में उन्हें खुला न छोड़ें, जिससे दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं नगर की व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्राप्त हो सके।

(श्रीचन्द)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बांदा

संक्षेप

## मारपीट के मामले में पुलिस से शिकायत

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम लाला खेड़ा मजरा सीरिया निवासी बुद्धी लाल पुत्र महादेव ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की और बताया कि उसके सगे भाई भोला उसकी पत्नी सोमवती तथा पुत्री रोशनी सहित अन्य परिवार के लोग एक राय होकर मेरी जमीन पर जबरिया कब्जा करने की नियत से लकड़ी रख दिया। पीड़ित पक्ष के द्वारा मना करने पर उपरोक्त लोग एक राय होकर लाठी डंडा लेकर हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष ने भाग कर अपनी जान बचाई। हमला वर जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग गए और कहा कि किसी दिन तुम्हें परिवार सहित मार डालेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राहुल सिंह गौर ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## खुले नाले में गिरकर बछड़े की मौत

सरहरी, गोरखपुर। जंगल कौड़िया विकास खंड की ग्राम पंचायत भौरामल के गुरुनगर में जिला पंचायत द्वारा निर्मित खुले नाले में गिरने से एक बछड़े की मौत हो गई घटना के बाद ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से खुले नाले के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा सका है। ग्रामीणों के अनुसार गुरुनगर में बना यह नाला लगभग एक किलोमीटर लंबा है जो चकरा गांव से होते हुए गुरुनगर तक जाता है करीब तीन वर्ष पूर्व जिला पंचायत द्वारा इसका निर्माण कराया गया था लेकिन नाले के ऊपर कहीं भी ढक्कन नहीं लगाया गया जो हादसों का कारण बन रहा है। बताया गया कि मंगलवार को एक बछड़ा खुले नाले में गिर गया और उसके बाहर नहीं निकल पाने के कारण उसकी वही मौत हो गई घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और लोगों ने जिम्मेदार विभाग के प्रति नाराजगी जताई।ग्रामीणों का कहना है कि नाले के दोनों किनारों पर बड़ी-बड़ी घास और झाड़ियां उग आई हैं जिससे नाला पूरी तरह दिखाई नहीं देता इसी वजह से आए दिन राहगीर इसमें गिरकर चोटिल हो जाते हैं और पशु भी दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में किसी बड़ी जनहानि से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

**सूचना**

मैं रकीब अहमद पुत्र रईस अहमद नि.- कचनार, सीतापुर का हूँ। मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र जिला महिला चिकित्सालय सीतापुर से जारी किया गया था जिसमें मेरे पुत्र का नाम मो. असद (Mo Asad) दर्ज है जबकि अब मैने अपने पुत्र का नाम बदलकर मो. अजहान (Mo Azhan) रख लिया है। मेरे पुत्र का नाम अब मो. अजहान (Mo Azhan) लिखा पढ़ा व माना जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे आवंटन पत्र में मेरा नाम सुनील वर्मा दर्ज है जबकि मेरे आधार व पैन कार्ड में मेरा संशोधित नाम सुनील कुमार वर्मा दर्ज है। दोनों मेरे ही नाम हैं। अब मुझे सुनील कुमार वर्मा के नाम से ही जाना व पहचाना जाता है। **सुनील कुमर वर्मा उर्फ सुनील वर्मा पुत्र स्व. राजपाल वर्मा नि.- 537भ/465, भरत नगर, मोहिबुल्लापुर, सीतापुर रोड, लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र किशन के गलत चाल चलन व शराब पीकर प्रताड़ित करने के कारण उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कानूनी व गैर कानूनी कृत्य की जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की नहीं होगी। **लक्ष्मन सिंह पुत्र स्व. बगवीर सिंह पता-हैदर कैनाल, नाले के पास, थाना-तालकटोरा, लखनऊ।**

# पदक पाकर खिल उठे मेधावियों के चेहरे

## एमएमएमयूटी के 11वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुई महामहिम

जिला संवाददाता



गोरखपुर। उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल /कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल ने मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की। विभिन्न शोधार्थियों को उपाधि एवं छात्र छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किये। इस अवसर पर महामहिम ने विश्वविद्यालय के आधुनिक सुविधा से युक्त आर्यभट्ट हाल का लोकार्पण तथा सभी डिग्री एवं अंक पत्र को डिजीलॉकर पर अपलोड किया। वार्षिक पत्रिका मालविका, हिंदी पत्रिका प्रवाह, चित्र पत्रिका कार्विंग्स और गोद लिए गए गांव की गतिविधियों पर आधारित रिपोर्ट ग्रामोत्थान का लोकार्पण तथा देवरिया के पांच आंगनबाड़ी केंद्रों को आंगनबाड़ी किट वितरित किया तथा मेरी मां पर आधारित प्रतियोगिता के विजेता स्कूली बच्चों को सम्मानित किया तथा प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल ने स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामना देते हुए कहा कि आपकी इस सफलता में आपके माता-पिता, गुरुजनों तथा विश्वविद्यालय परिवार का भी महत्वपूर्ण योगदान है। मैं उन्हें भी हार्दिक बधाई देती हूँ। राज्यपाल महोदया ने कहा कि महामना पंडित मदन मोहन मालवीय का भारतीय शिक्षा, राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रीय चेतना के विकास में अतुलनीय योगदान रहा है। उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना कर ऐसी शिक्षा व्यवस्था की परिकल्पना की, जो ज्ञान के साथ-साथ संस्कार, चरित्र निर्माण और राष्ट्रसेवा की भावना का विकास करे। जो आज भी भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक विज्ञान के समन्वय का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को मालवीय जी के आदर्शों से प्रेरणा लेकर अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज एवं राष्ट्र के उत्थान के लिए करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि आज जब मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उनके नाम और आदर्शों को धारण किए हुए है, तब यहाँ से उपाधि प्राप्त करने वाले प्रत्येक विद्यार्थी का यह नैतिक दायित्व है कि वह अपने ज्ञान, नवाचार और तकनीकी कौशल का उपयोग केवल व्यक्तिगत सफलता तक सीमित न रखे, बल्कि समाज, राष्ट्र और मानवता के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य करे। उन्होंने कहा कि आज कुल 1474 उपाधियाँ डिजिलॉकर पर उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें 393 छात्राएँ तथा 281 छात्र सम्मिलित हैं। उन्होंने कहा कि यह भी हर्ष का विषय है कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 20 विद्यार्थियों को कुल 46 पदकों से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि पदक प्राप्त करने वालों में 60 प्रतिशत छात्राएँ तथा 40 प्रतिशत छात्र हैं। यह उच्च शिक्षा में महिला सशक्तिकरण की प्रेरक तस्वीर प्रस्तुत करती है। राज्यपाल ने कहा कि दीक्षंत समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमने समाज को क्या दिया, हमारी समाज के प्रति क्या जिम्मेदारी है। दीक्षंत समारोह केवल डिग्री लेना नही है, बल्कि संवेदना, जागृत, राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा का समारोह होता है। मुख्य अतिथि ऊर्जा क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित वैश्विक नेतृत्वकर्ता हैं, जिन्हें तीन दशकों से अधिक का समृद्ध अनुभव प्राप्त है। पेशेवर उत्कृष्टता के साथ -साथ युवा प्रतिभाओं के मार्गदर्शन और उन्हें भविष्य के नेतृत्व के लिए तैयार करने के प्रति आपका समर्पण प्रेरणादायक है। कुलाधिपति ने विधार्थियों से कहा कि जीवन में अनेक अवसर आएँगे और अनेक चुनौतियाँ भी आएँगी, चुनौतियों से कभी घबराना नही चाहिए। कठिनाइयाँ ही व्यक्ति को मजबूत बनाती हैं। असफलता अंत नहीं होती, बल्कि सफलता की तैयारी होती है। आत्मविश्वास, अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहिए। राज्यपाल महोदया ने कहा कि सभी विश्वविद्यालय विधार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ साथ मूलभुत सुविधाएं उपलब्ध कराना भी विश्वविद्यालय की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण, शौचालयों की नियमित साफ सफाई, शुद्ध पेयजल, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ परिसर तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने कहा कि विगत 5 वर्षो में अधिकांश संख्या में आंगनवाड़ी केन्द्रों को किट दिया गया। 9 वर्ष से 14 वर्ष की किशोरियों को निःशुल्क एचपीवी वैक्सिन लगाई जा रही है। जिससे सर्वाइकल कैंसर जैसी खतरानक बीमारी को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। इसे अभियान के रूप में इस वर्ग की किशोरियों को टीका करण कराया जाये।

### प्राविधिक विभाग गुणवत्तापूर्ण अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा देने में तत्पर : डॉ. आशीष पटेल

गोरखपुर। विशिष्ट अतिथि उ0प्र0 सरकार के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने उपाधि धारकों को शुभकामना देते हुए कहा कि महामहिम के द्वारा शोध, परास्नातक, स्नातक छात्र/छात्राओं को उपाधियां एवं स्वर्ण पदक प्राप्त करना गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि यह मुझे बताते हुए हर्ष हो रहा है कि मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय नैक ग्रेडेशन प्राप्त है। उन्होंने कहा कि नई कुलपति महोदया द्वारा विश्वविद्यालय की प्रगति आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी उपाधियां प्राप्त कर नए जीवन की शुरूआत कर रहे हैं उनको आगे बढ़ाने में प्राविधिक विभाग गुणवत्तापूर्ण अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा देने में तत्पर विश्वविद्यालयों के साथ समन्वय बनाकर लागातार कार्य कर रहा है। सभी उच्च शिक्षणों में महत्वपूर्ण परिवर्तन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप में से ही कोई इसरो, भाभा जैसे उच्च संस्थानों में जाकर अपनी सेवाएं देगा और प्रदेश का मान बढ़ाएगा।

## चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार



इटावा। थाना बकेवर पुलिस को मिली बड़ी सफलता, चोरी की मोटरसाइकिल पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर घूम रहे अभियुक्त को पुलिस द्वारा किया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा 12 बोर, 2 जिंदा कारतूस 12 बोर एवं फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की मोटरसाइकिल बरामद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीश चन्द्र एवं क्षेत्राधिकारी भरथना के नेतृत्व में थाना बकेवर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निदेर्शों 5 अगस्त की रात्रि को थाना बकेवर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान चैकी विजौली क्षेत्रान्तर्गत विजौली पुल से पूर्व औरैया से इटावा जाने वाले हाईवे किनारे आमहार मोड़ के पास ग्राम आमहार की तरफ से एक मोटरसाइकिल आती दिखाई दी। पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल सवार को रुकने का इशारा किया गया तो वह मोटरसाइकिल को पीछे मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए आवश्यक बल प्रयोग कर मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को पकड़ लिया। पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूछताछ की गयी तो अभियुक्त ने बताया कि उसने बरामद मोटरसाइकिल चोरी की थी तथा पुलिस को धोखा देने एवं मोटरसाइकिल की पहचान छिपाने के उद्देश्य से उसकी आगे की नम्बर प्लेट निकालकर फेंक दी थी तथा पीछे की नम्बर प्लेट बदलकर फर्जी नम्बर प्लेट लगा दी थी। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष बकेवर विपिन कुमार मलिक, उ.नि. शोभित कुमार प्रजापति रहे। पुलिस ने सुरजीत पुत्र सुनील निवासी कोकपुरा थाना फ्रेंड्स कॉलोनी को गिरफ्तार किया।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवकों को रौंदा, एक की मौत



जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के गांव धरवार निवासी दो युवक मंगलवार देर शाम बाइक से फिरोजाबाद जा रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग पर कटफोरी के समीप उनकी बाइक को पीछे से आए अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रॉमा सेंटर फिरोजाबाद रेफर किया गया है। धरवार निवासी 30 वर्षीय अंशुल पुत्र प्रेमचंद्र और 20 वर्षीय राहुल कुमार पुत्र अशोक कुमार बाइक से फिरोजाबाद जा रहे थे। जैसे ही वे कटफोरी के पास पहुंचे, पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर जा गिरे और अंशुल गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए एनएचएआई एंबुलेंस के ड्राइवर बंसन्त और ईएमटी दिनेश के सहयोग से अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों ने अंशुल को मृत घोषित कर दिया। वहीं राहुल को पहले सीएचसी सिरसागंज में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए ट्रॉमा सेंटर फिरोजाबाद रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## लो-वोल्टेज और पानी के संकट से बेहाल ग्रामीणों ने विद्युत उपकेंद्र पर किया प्रदर्शन



गीडा, गोरखपुर। भीषण गर्मी और उमस के बीच पिछले एक महीने से लो-वोल्टेज तथा पेयजल संकट से जूझ रहे नगवा गांव के ग्रामीणों के सब्र का बांध आखिरकार बुधवार को टूट गया। बिजली विभाग की लगातार उपेक्षा से आक्रोशित ग्रामीणों ने भारी संख्या में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र नौसड़ पहुंचकर विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे विनोद यादव उर्फ बिल्लू ने बताया कि गांव में स्थापित 400 केवीए ट्रांसफार्मर से जुड़े उपभोक्ता बीते एक महीने से विकराल लो-वोल्टेज की समस्या झेल रहे हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि घरों में न तो पंखे चल पा रहे हैं और न ही पानी की मोटरें। नतीजतन पूरा गांव पीने के पानी की बूंद-बूंद को तरस रहा है और जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्रामीणों ने कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि इस समस्या से स्थानीय लाइनमैन से लेकर नौसड़ उपकेंद्र के उच्च अधिकारियों को बार-बार अवगत कराया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ऐसा प्रतीत होता है कि बिजली निगम बेखबर होकर सो रहा है और ग्रामीणों की लाचारी का तमाशा देख रहा है। उपकेंद्र पहुंचने पर अवर अभियंता के अनुपस्थिति के कारण ग्रामीणों ने कर्मचारियों को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल विद्युत उपखंड अधिकारी नौसड़ के कार्यालय पहुंचा और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से बिजली निगम को स्पष्ट अल्टीमेटम दिया है कि यदि 400 केवीए ट्रांसफार्मर से जुड़ी लो-वोल्टेज की समस्या का अविलंब और स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे नौसड़ विद्युत उपकेंद्र का पूर्ण घेराव कर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को मजबूर होंगे। उन्होंने साफ किया कि आंदोलन के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी अप्रिय स्थिति या परिणाम की पूरी जवाबदेही बिजली निगम प्रशासन की होगी। प्रदर्शन के दौरान रविंद्र पाण्डेय, राधे गौंड, रामकिशुन गौंड, मुस्तकीम खान, राजेश मौर्य, राजकुमार कन्नौजिया, बृजेश पाण्डेय, गोलू यादव, लोढ़ाई यादव, लालू प्रजापति, धीरज श्रीवास्तव, किशन देव सिह, ज्वाला कन्नौजिया, भोलू कन्नौजिया, आसकर सिंह, विक्कू प्रजापति समेत भारी संख्या में उपभोक्ता उपस्थित रहे।

इस संबंध में नौसड़ विद्युत उपखंड अधिकारी अमित सिंह ने कहा कि मामला मेरे संज्ञान में आया है। गांव में लो-वोल्टेज आने के तकनीकी कारणों की जांच कराई जा रही है। बहुत जल्द ही समस्या का समाधान कर ग्रामीणों को सुचारू विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## किशोरी को जबरन नेपाल ले जा रहे तीन आरोपी गिरफ्तार

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के बरगदवा चौराहे पर मोबाइल फोन से अल्पब्यस्क किशोरी को बुला कर जबरन नेपाल ले जा रहे तीन अरोपियो को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया मोबाइल फोन से हुई जान पहचान एवं बात पर कुशीनगर जिले के तमकुही राज निवासी सद्दाम हुसेन पुत्र अब्दुल लतीफ महराजगंज जिले के कोठीभार थाना क्षेत्र एक गाँव की रहने वाली किशोरी को गोरखपुर के बरगदवा चौराहे पर बुला कर दो अन्य साथियो सबरे आलम एवं फिरोज खान के सहयोग से चार पहिया बाहन में बैठा कर जबरदस्ती नेपाल ले जाने लगे। किशोरी के 112 न० की सूचना पर हरकत में आई चिलुआताल पुलिस तीनो आरोपियो को गिरफ्तार कर बिधिक कार्यवाही करते हुये सम्बन्धित बाहन को कब्जे में लेकर सीज कर आरोपियो को जेल भेज दिया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत फत्तेपुर विकास खण्ड लखीमपुर, खीरी**

पत्रांक - मेमो/ वी0बी0जी0 राम जी/ वित्तीय वर्ष 2026-27 दिनांक 04.08.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में वी0बी0जी0 राम जी वित्त योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत फत्तेपुर में अनुमोदित कार्ययोजना के सापेक्ष निम्न लिखित सारणी में अंकित कार्य हेतु निर्माण सामग्री की आपूर्ति किये जाने हेतु अति अल्प कालीन निविदा दिनांक 06.08.2026 से आमंत्रित की जाती है, सभी पंजीकृत निविदा सीलबंद लिफाफे में रजिस्टर्ड डाक से अथवा कार्यालय ग्राम पंचायत के निविदा बॉक्स में 12.08.2026 तक आमंत्रित की जाती है जो कि उसी दिन 02 बजे खोली जाएगी। निविदा की दरें समस्त व्यय व कर एवं कार्य स्थल पर आपूर्ति करने सहित दी जाये, अलग से कोई व्यय देय नहीं होगा। किसी भी एक या सभी निविदा को निरस्त करने का एवं सामग्री की मात्रा को घटाने अथवा बढ़ाने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | कृपाली के मकान से थाना खीरी पुलिया तक नाला निर्माण कार्य। | सीमेन्ट, मौरंग, रोड़ा बालू आदि। | 942710.00 |

श्रीमती पुष्पा देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत फत्तेपुर
विकास खण्ड लखीमपुर, खीरी

श्री अलोक कुमार
ग्राम पं. अधिकारी
ग्राम पंचायत फत्तेपुर
विकास खण्ड लखीमपुर, खीरी

## एनसीसी यूनिट का औचक निरीक्षण

### बालिका कैडेट्स के उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रभावित हुए कर्नल



पाटन, उन्नाव। बाबू जयशंकर गया प्रसाद महाविद्यालय, सुमेरपुर में यूपी 57 बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रजत पांडे एवं उनके साथ आए सैन्य अधिकारियों सुबेदार कवीन्द्र चन्द्र तिवारी, हवलदार मुक्ता एवं जीसीआई प्रगति शर्मा द्वारा महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एनसीसी कार्यालय, अभिलेखों, प्रशिक्षण व्यवस्था एवं कैडेट्स की गतिविधियों का गहन अवलोकन किया तथा समस्त व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. तुनीरा भदौरिया ने कर्नल रजत पांडे का पुष्पगुच्छ एवं पौधा भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। उन्होंने महाविद्यालय में संचालित एनसीसी गतिविधियों, कैडेट्स की उपलब्धियों तथा संस्थान की शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों की विस्तृत जानकारी भी साझा की। निरीक्षण के दौरान कर्नल रजत पांडे विशेष रूप से एसडब्ल्यू (बालिका) विंग के अनुशासन, उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण स्तर से अत्यंत प्रभावित हुए। उन्होंने कैडेट्स की प्रतिबद्धता और उपलब्धियों की सराहना करते हुए एनसीसी सीटों बालिकाओं की प्रतिभागिता बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। युवाओं में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, सेवा, समर्पण, सहयोग एवं एकता की भावना का विकास ही सशक्त भारत की आधारशिला है तथा एनसीसी इन मूल्यों को व्यवहारिक रूप से विकसित करने का सर्वोत्तम माध्यम है। प्राचार्या डॉ. तुनीरा भदौरिया ने अपने संबोधन में कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रभावी मंच है, जो उनमें नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना का विकास करता है। महाविद्यालय के एएनओ शिवेंद्र श्रीवास्तव ने एनसीसी की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान समय में एनसीसी कैडेट्स रक्षा सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट अवसर प्राप्त कर देश की सेवा कर रहे हैं।

## छोटे लोहिया की जयंती पर छात्राओं को दी साइकिल



उन्नाव। प्रखर समाजवादी चिंतक एवं समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्यों में शामिल स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की 93वीं जयंती के अवसर पर पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों की आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को साइकिल वितरित कर जनेश्वर मिश्रा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्हें अनेक स्थानों पर छात्राएं कई किलोमीटर पैदल चलकर विद्यालय जाती हुई मिलीं। बातचीत में पता चला कि आर्थिक तंगी के कारण वे साइकिल नहीं खरीद पा रही हैं, जिससे उन्हें प्रतिदिन लंबी दूरी पैदल तय करनी पड़ती है। इसी समस्या को देखते हुए उन्होंने व्यक्तिगत स्तर पर जरूरतमंद बेटियों को साइकिल उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र ने समाजवाद के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सम्मान पहुंचाने का जो सपना देखा था, उसी विचारधारा से प्रेरित होकर वे समाजहित में निरंतर कार्य करने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी ताकत है और यह छोटा सा प्रयास उनकी शिक्षा यात्रा को सुगम बनाने में सहायक होगा। साइकिल प्राप्त करने वाली छात्राओं में अनामिका गौतम, मुस्कान रावत, आंचल कुशवाहा, साक्षी कुरील, पम्मी यादव, शगुन कश्यप, निहारिका सविता, अंजली लोधी एवं आकांक्षा द्विवेदी सहित अन्य छात्राएं शामिल रहीं।

## अनियंत्रित होकर पलटा टैंकर

जसवंतनगर, इटावा। राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम कुरसेना से आगे जमुनाबाग फ्लाईओवर पुल के पास बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। इटावा से आगरा की ओर जा रहा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के दौरान टैंकर के पिछले हिस्से में एक मोटरसाइकिल फंस गई, जो करीब 50 मीटर तक घिसटती चली गई। इससे बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों की पहचान ग्राम धरवार निवासी 26 वर्षीय आकाश पुत्र अरविंद, 53 वर्षीय प्रेम सिंह पुत्र राजाराम तथा 50 वर्षीय बुद्ध श्री पत्नी प्रेम सिंह के रूप में हुई है।

## पेट्रोल से दुर्गंधयुक्त पानी निकलने से ग्रामीण परेशान



भरथना, इटावा। विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत असफपुर के मजरा ग्राम तुरुकपुर में पिछले करीब एक सप्ताह से घरों में लगे हैंडपम्प आदि समरसेविल, मोटर पम्पों से पेट्रोलियम के दुर्गन्ध युक्त पानी निकलने से कौतूहल मचा हुआ है। साथ ही ग्रामीण गांव की पेयजल व्यवस्था और अपने स्वास्थ्य को लेकर परेशान बने हुए हैं। स्वास्थ्य के प्रति सजगता को लेकर ग्रामीण महिला-पुरुष, युवक-युवतियां गांव के बाहर करीब एक किमी. दूर लगे एक ट्यूबबैल से पीने का पानी लाने को मजबूर बने हुए हैं। ग्रामीणों की इस समस्या को लेकर प्रशासन अभी तक बेखबर बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार समरसेविल और हैंडपम्प से निकलने वाले पानी में डीजल-पेट्रोल जैसी तेज दुर्गन्ध आने से ग्रामीण परेशान हैं। पूरे गांव में करीब दो दर्जन घरों में यह समस्या देखने को मिली। ग्रामीण गजेन्द्र सिंह, नीलेश, रघुवर दयाल, रन सिंह, सोहन प्रजापति, लल्लन, रामा देवी, सरिता, सुमन, आरती और सुशीला भदौरिया समेत अन्य ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि उनके घरों में लगे समरसेविल और हैंडपम्प से निकलने वाले पानी में करीब एक सप्ताह से डीजल-पेट्रोल जैसी तेज महक आ रही है। ग्रामीणों के अनुसार बाल्टी या किसी बर्तन में पानी भरने के बाद भी काफी देर तक दुर्गंध आती रहती है, साथ ही उक्त पानी कुछ ही देर में पीले रंग का हो जाता है। जिसके कारण पानी का उपयोग करने में उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों से गांव में पहुंचकर मामले की जांच कराने और पानी के नमूने लेकर उसकी गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। साथ ही जल जीवन मिशन के तहत अधूरे पड़े कार्य को जल्द पूरा कराकर पाइप लाइन से पानी की आपूर्ति शुरू कराने की भी मांग की है।

## बारिश में भरभराकर गिरा जर्जर मकान, मलबे में दब गई गृहस्थी

इकदिल, इटावा। कस्बे के सड़क बाजार में लगातार हो रही बारिश के बीच बुधवार सुबह करीब आठ बजे एक जर्जर मकान की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे के समय परिवार के सदस्य घर के अंदर मौजूद थे। गनीमत रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई। दीवार और मकान का बड़ा हिस्सा गिरने से परिवार की पूरी गृहस्थी मलबे में दबकर बर्बाद हो गई। मकान का हिस्सा ढहने के



बाद परिवार के सामने सिर छिपाने के साथ-साथ रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने का भी संकट खड़ा हो गया है। सड़क बाजार निवासी हेमेंद्र श्रीवास्तव पुत्र स्व. नानकचंद श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार सुबह अचानक मकान की दीवार भरभराकर गिर गई। उस समय उनका पुत्र सौरभ, पत्नी आरती देवी और बेटी भूमि श्रीवास्तव कमरे में मौजूद थे। अचानक दीवार गिरने से परिवार में चीख-पुकार मच गई। हालांकि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। पीड़ित के अनुसार, परिवार पहले से ही आर्थिक तंगी से गुजर रहा है और मकान के एक कमरे में किसी तरह रहकर गुजर-बसर कर रहा था। मकान का बड़ा हिस्सा गिरने से चारपाई, बिस्तर, कपड़े, बर्तन, राशन, घरेलू उपकरण समेत गृहस्थी का अधिकांश सामान मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। अब परिवार के पास रहने के लिए सुरक्षित स्थान तक नहीं बचा है। कॉलोनी के लिए कई बार किया आवेदन, नहीं मिला आवास। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मलबा हटाने में परिवार की मदद की। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता, खाद्यान्न सामग्री और सुरक्षित रहने की व्यवस्था कराने की मांग की है। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना अथवा पात्रता के अनुसार किसी अन्य सरकारी आवास योजना के तहत परिवार को आवास उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

## एक्स-रे सहायक पर मरीज से पैसे लेने का आरोप, नोटिस जारी......

गोला, गोरखपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में तैनात एक्स-रे सहायक जगत नारायण गुप्ता का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। वायरल वीडियो में एक महिला मरीज एक्स-रे सहायक पर एक्स-रे, दवा और प्लास्टर के नाम पर पैसे मांगने का आरोप लगाती नजर आ रही है। जिसके बाद सीएचसी अधीक्षक अमरेन्द्र ठाकुर ने सहायक को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। वीडियो में महिला आरोप लगाते हुए दिख रही है कि एक्स-रे कराने के लिए उससे 30 रुपये, दवा के नाम पर 80 रुपये लिए गए, जबकि प्लास्टर करने के एवज में सहायक के द्वारा 500 रुपये की मांग की गई। महिला मरीज का कहना है कि सरकारी अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बावजूद उससे अवैध रूप से रुपये वसूले गए। हालांकि, वायरल वीडियो में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि दैनिक भास्कर नहीं करता है। मामले की गंभीरता इसलिए भी बढ़ गई है क्योंकि नियमानुसार एक्स-रे सहायक को मरीज का इलाज करने, दवा देने या प्लास्टर करने का अधिकार नहीं होता। ऐसे में यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह मरीजों के साथ गंभीर अनियमितता और सरकारी व्यवस्था का दुरुपयोग माना जाएगा। गौरतलब है कि इससे पहले भी सीएचसी गोला में एक फार्मासिस्ट पर रेबीज का इंजेक्शन लगाने के बदले पैसे लेने का आरोप लग चुका है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना सं. 41/2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं :

**क्र. सं. : 1, कार्य का विवरण :** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के समइं/काशीपुर के अंतर्गत लालकुआँ जंक्शन स्टेशन पर रेलवे लाइनों का विस्तार एवं यार्ड रिमॉडलिंग के कार्य से जुड़े अर्थवर्क, ब्लैंकेटिंग, पुलों का विस्तार, बैलास्ट सप्लाई, ट्रैक का कार्य, बिल्डिंग का कार्य एवं अन्य संबंधित कार्य, **अनुमानित लागत** : रु. 17,87,35,472.99, **बयाना राशि** : रु. 35,74,700/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 माह।

**1.** ई-निविदा दिनांक 27.08.2026 को 15.00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे। **2.** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी.)
मुजाधि/डब्ल्यू-258 इज्जतनगर

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

संख्या: **NER-BSB0SnT-OT-42-2026**

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/ पूर्वोत्तर रेलवे /वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रमांक : 1, निविदा सूचना सं. एवं कार्य का नाम : NER-BSB0SnT-OT-42-2026 कार्य का नाम :–** वाराणसी मंडल में मीडिया रिडंडेंसी के रूप में IBH सेक्शन में एक्सल काउंटर के लिए 6 क्वाड केबल का प्रावधान। (कुल 4 IBH), **विवरण : अनुमानित लागत : ₹14469448.77, बयाना की राशि : ₹289400.00, निविदा प्रपत्र की कीमत : ₹00.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 180 DAYS, निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय :** 28/08/2026 को 15:00 बजे, 1. ई–निविदा दिनांक 28/08/2026 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा किया जा सकेगा। 2. पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेवसाईट i.e. **www.ireps.gov.in** देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार
मुजाधि/सिग्नल–90 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

संक्षेप

## युवक का शव कुएं से बरामद

लखीमपुर खीरी। बीती 19 जुलाई से लापता 20 वर्षीय युवक का शव बुधवार सुबह गांव के पास अठारहवें दिन खेतों में बने एक कुएं में तैरता हुआ मिला। शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया और क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मितौली थाना क्षेत्र की कस्ता चौकी के अंतर्गत ग्राम भिखनापुर के रहने वाले प्यारे लाल राठौर का 20 वर्षीय पुत्र गोविंद 19 जुलाई को अचानक घर से गायब हो गया था। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने 21 जुलाई को मितौली थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पीड़ित पिता ने लखनऊ और नीमसार तीर्थ तक जाकर फोटो-पोस्टर लगवाने सहित काफी जगहों पर जा-जाकर पता किया, लेकिन गोविंद का कोई सुराग नहीं लगा। बुधवार सुबह गांव के निवासी जिलेदार के खेत में कुएं के पास चप्पलें रखी देखा जब उन्होंने अंदर झांका, तो युवक का शव उतराता हुआ दिखाई दिया, जिसकी जानकारी परिजनों को दी। कस्ता चौकी प्रभारी जयकृष्ण तिवारी, दीवान राजेश मिश्रा, सिपाही अंकित हुड्डा व विशाल की पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कुएं से बाहर निकलवाया। शव पूरी तरह सड़ा-गला था, जिसकी पहचान गोविंद के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## शारदा नहर में उतराता मिला चालक का शव

पसगवां खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी की ग्राम पसगवां के रहने वाले टेंपो चालक का शव बुधवार की सुबह जनपद हरदोई के पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम हरिहरपुर से गुजरने बाली शारदा नहर में उतराता हुआ मिला है। ग्रामीणों ने जिसकी तत्काल सूचना पिहानी पुलिस को दी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पिहानी पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को नहर से बाहर निकलवाया और शिनाख्त में जुट गई, जिसके बाद शव की पहचान आशीष शुक्ला (62) उर्फ चुंगन पुत्र स्व बृजेश चंद शुक्ला निवासी ग्राम पसगवां जनपद खीरी के रूप में हुई है, मौत की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पहुंचे। परिजनों ने बताया कि बीती मंगलवार की शाम आशीष शुक्ला शौच करने के लिए घर से गए हुए थे, जब काफी देर तक घर वापस नही लौट तो परिजनों ने उनकी काफी खोजबिन को लेकिन कोई पता नहीं चल सका। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतक आशीष शुक्ला का शव पीएम हाउस से आने के बाद उनका अन्तिम संस्कार उनके पैतृक बाग पसगवां में किया गया। मृतक की पत्नी सोनी शुक्ला और दो बेटे प्रखर शुक्ल( 26 ) व शगुन शुक्ला (19) भी है, मौत की सूचना में बाद मृतक की पत्नी सोनी का रो रो कर बुरा हाल है। इस संबध कोतवाली प्रभारी पिहानी श्याम नारायण सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्यवाही की जाएंगी।

# प्रेम विवाह की रंजिश में समधी की हत्या

## 24 घंटे में हत्याकांड का खुलासा, हिस्ट्रीशीटर समेत छह गिरफ्तार



सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में प्रेम विवाह की रंजिश ने एक परिवार को खून से रंग दिया। हिस्ट्रीशीटर बदलू ने अपने भाई और पांच अन्य साथियों के साथ मिलकर समधी विजय विक्रम (55) की गोली मारकर हत्या कर दी।

वारदात को अंजाम देने से पहले आरोपियों ने कई दिनों तक विजय विक्रम की दिनचर्या और आने-जाने के रास्ते की रेकी की। मंगलवार रात करीब 10:30 बजे गन्ने के खेत के पास घात लगाकर बैठे आरोपियों ने बाइक रोककर तमंचे से फायर कर दिया। गोली लगते ही विजय विक्रम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, फोरेंसिक साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी बदलू और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि पांच अन्य आरोपियों की तलाश में टीमें दबिश दे रही हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि हत्या के पीछे छह माह पहले हुआ प्रेम विवाह प्रमुख वजह था। आरोपी इस रिश्ते का लगातार विरोध कर रहा था और उसी रंजिश में उसने समधी की हत्या की साजिश रची।

पुलिस पूरे घटनाक्रम और अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच में जुटी है। बेटे ने की प्रेम विवाह, पिता को चुकानी पड़ी जान की कीमत मृतक विजय विक्रम के बेटे अंग्रेज और हिस्ट्रीशीटर बदलू की तलाकशुदा बेटी मनोरमा के बीच करीब एक वर्ष से प्रेम संबंध थे। छह माह पहले दोनों घर से भागकर प्रेम विवाह कर खेतुआपुर गांव में रहने लगे। बेटी के इस फैसले से नाराज बदलू ने अंग्रेज के परिवार से दुश्मनी पाल ली। पुलिस के अनुसार इसी रंजिश में उसने पहले समधी की गतिविधियों की रेकी कराई और फिर सुनियोजित तरीके से हत्या की वारदात को अंजाम दे दिया। प्रेम विवाह की यह रंजिश आखिरकार एक परिवार के मुखिया की जान ले गई।

सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में विजय विक्रम हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए हिस्ट्रीशीटर बदलू समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त अवैध 12 बोर बंदूक, तीन खोखा और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में पुलिस टीम ने सभी आरोपियों को बेनियापुर गौशाला तिराहे के पास से गिरफ्तार किया।

पूछताछ में मुख्य आरोपी बदलू ने बताया कि छह माह पहले उसकी बेटी ने मृतक के बेटे अमन उर्फ अंग्रेज के साथ प्रेम विवाह कर लिया था। इसी रंजिश में उसने परिजनों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। पुलिस के अनुसार वारदात के दौरान बदलू और उसके भाई महेश ने गोली चलाई, जबकि अन्य आरोपी मृतक को पकड़ने और निगरानी करने में शामिल थे। सभी आरोपियों का चालान कर न्यायालय भेज दिया गया है। मुख्य आरोपी बदलू के खिलाफ पहले से कई गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## किसानों के फार्म पर पहुंचे गन्ना वैज्ञानिक उन्नत बीज उत्पादन का किया निरीक्षण



सिंगाही/लखीमपुर खीरी। गन्ना विकास परिषद एवं सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां क्षेत्र में गन्ने की नई एवं उन्नत प्रजातियों के प्रसार तथा उच्च गुणवत्ता वाले बीज उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर के वैज्ञानिकों ने प्रगतिशील किसानों के फार्म का निरीक्षण किया। उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद के वैज्ञानिक डॉ. सोनिया यादव एवं डॉ. श्रीप्रकाश यादव ने अभिजनक (ब्रीडर) सीड उत्पादन के लिए चयनित प्रगतिशील किसानों के खेतों का स्थलीय सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश चयनित प्लॉटों में हरी खाद के रूप में ढैंचा की खड़ी फसल पाई गई, जिसे वैज्ञानिकों ने बीज उत्पादन के लिए लाभकारी बताया। वैज्ञानिकों ने किसानों को बीज की शुद्धता, गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन, बीज उपलब्धता, बीज बदलाव तथा गन्ने की विभिन्न प्रजातियों के संतुलन के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को उन्नत तकनीकों को अपनाकर अधिक उत्पादन एवं बेहतर गुणवत्ता प्राप्त करने के लिए भी प्रेरित किया।

## ट्रेनों में अतिरिक्त जनरल कोच लगाने की मांग

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने सावन मेले के दौरान गोला गोकर्णनाथ आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ट्रेनों में अतिरिक्त जनरल कोच लगाए जाने की मांग की है। संगठन ने बुधवार को एसडीएम के माध्यम से पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, गोरखपुर को ज्ञापन भेजा। साथ ही तहसील क्षेत्र में किसानों की वर्षों से लंबित दाखिल-खारिज के मामलों का शीघ्र निस्तारण कराने की मांग भी उठाई।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने बताया कि सावन माह में लखनऊ, बरेली, पीलीभीत, कासगंज, सीतापुर सहित विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। ट्रेनों में अत्यधिक भीड़ होने से यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने ऐशबाग-लखनऊ से कासगंज, बरेली और पीलीभीत रूट पर संचालित ट्रेनों में अतिरिक्त जनरल कोच लगाए जाने की मांग की। ज्ञापन में तहसील गोला गोकर्णनाथ में भूमि के लंबित दाखिल-खारिज मामलों का भी उल्लेख किया गया। संगठन का कहना है कि सैकड़ों किसानों की खरीदी गई भूमि के नामांतरण के प्रकरण लंबे समय से लंबित हैं। ग्राम अजान निवासी सरला देवी तथा गोला देहात की सुधा देवी ने बताया कि फरवरी 2024 में बैनामा कराने के बाद लेखपाल की आख्या न्यायालय में प्रस्तुत हो चुकी है, लेकिन अब तक दाखिल-खारिज की कार्रवाई पूरी नहीं हो सकी है। इससे उन्हें लगातार तहसील के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

संगठन ने प्रशासन से श्रद्धालुओं की यात्रा सुविधा सुनिश्चित करने के साथ ही किसानों के लंबित दाखिल-खारिज प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कराने की मांग की है।

## व्यापारी की सड़क हादसे में मौत

सीतापुर। अटरिया थाना इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग पर जयपालपुर के पास बुधवार तड़के अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवा सब्जी व्यापारी की मौत हो गई। हादसे के बाद राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस से घायल को सीएचसी इटौंजा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार अटरिया थाना क्षेत्र के नरपतिपुर गांव निवासी ओमकार सिंह उर्फ मन्नू (19) पुत्र नायब सिंह बुधवार सुबह करीब चार बजे बाइक से सब्जी लेकर मानपुर मंडी बेचने जा रहे थे। जयपालपुर के पास पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

## कांवड़ियों का जत्था राजघाट रवाना



सीतापुर। सावन माह में भगवान शिव की भक्ति का उत्साह चरम पर है। बुधवार को कमलापुर क्षेत्र से करीब 300 कांवड़ियों का जत्था कन्नौज के राजघाट से गंगाजल लेने के लिए रवाना हुआ। प्रस्थान से पहले सभी कांवड़िए कस्बे के राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में एकत्र हुए, जहां पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा निकाली गई। भगवा वस्त्र धारण किए कांवड़ियों का जत्था बोल बम और हर-हर महादेव के गगनभेदी जयघोष के साथ कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने कांवड़ियों का स्वागत किया। भक्तिमय माहौल से पूरा कस्बा शिवमय हो उठा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इसके बाद कांवड़ियों का दल कन्नौज के राजघाट के लिए रवाना हो गया, जहां से गंगाजल लेकर विभिन्न शिवालयों में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेगा। इस अवसर पर विनोद कश्यप, मंडिक यादव, धर्मेंद्र सिंह प्रधान, शुभ तिवारी, टिल्लू मिश्रा, छोटेलाल सहित अनेक श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## टीकाकरण व्यवस्था में लापरवाही पर एएनएम पर कार्रवाई के निर्देश

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने बुधवार को विकास खंड पिसावां के नेरी गांव में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) सत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वैक्सीन के रखरखाव और अभिलेखों में अनियमितताएं मिलने पर उन्होंने संबंधित एएनएम के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम की तैयारी न मिलने तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ती के रजिस्टर में त्रुटियां पाए जाने पर नोटिस जारी करने के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने एएनएम से गांव की जनसंख्या, टीकाकरण की स्थिति तथा स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने वैक्सीनेशन किट, आइस बॉक्स और ब्लड प्रेशर मशीन की जांच की। वैक्सीन के रखरखाव में लापरवाही मिलने पर एएनएम को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। डीएम ने सत्र में मौजूद एक गर्भवती महिला से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं और टीकाकरण का फीडबैक लिया तथा मौके पर ही उसकी ब्लड जांच कराकर व्यवस्थाओं की गुणवत्ता परखी।

## मिड-डे मील में लापरवाही पर की प्रधानाध्यापिका निलंबित

सीतापुर। महमूदाबाद विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय छंगापुरा में बच्चों को पानी जैसी सब्जी और जमीन पर गिरने के बाद रोटी परोसने का वीडियो वायरल होने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है।

जांच में शिकायत सही पाए जाने पर बीएसए गोरखनाथ पटेल ने प्रधानाध्यापिका कल्पना वर्मा को निलंबित कर दिया, जबकि रसोइया अनिता की सेवा समाप्त कर दी गई। वहीं निगरानी में लापरवाही पर बीईओ इंद्रमणि पटेल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सोमवार को बच्चों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार सब्जी-रोटी परोसी गई थी, लेकिन थालियों में सब्जी के नाम पर पानी और आलू के कुछ टुकड़े ही दिखाई दिए। आरोप है कि रोटियां फेंककर दी गईं और कुछ रोटियां जमीन पर गिरे सब्जी के पानी में गिरने के बाद भी बच्चों को परोस दी गईं। ग्राम प्रधान के पुत्र मोनू ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। बुधवार को बीएसए टीम के साथ विद्यालय पहुंचे और बच्चों से बातचीत की। बच्चों ने वायरल वीडियो को सही बताते हुए नियमित रूप से खराब गुणवत्ता का भोजन मिलने की शिकायत की। जांच में दूध वितरण और मिड-डे मील व्यवस्था भी मानकों के अनुरूप नहीं मिली। बीएसए ने प्रधानाध्यापिका को निलंबित करते हुए निलंबन अवधि में उन्हें प्राथमिक विद्यालय नंदवा से संबद्ध किया है। मामले की विस्तृत जांच बीईओ प्रथम पुष्पराज सिंह को सौंपी गई है और एक माह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि बच्चों के भोजन की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## तालाब और चीनी मिल के पानी के लिये गये नमूने, रिपोर्ट का इंतजार



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। भवानीगंज स्थित मत्स्यजीवी सहकारी समिति के तालाब में मछलियों की मौत के मामले में जांच तेज हो गई है। बुधवार को उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। टीम ने तालाब और चीनी मिल के पानी के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने तालाब में मृत मछलियों की स्थिति का जायजा लिया तथा समिति के पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों से घटना की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मछलियों की मौत प्रदूषित पानी के कारण हुई या इसके पीछे कोई अन्य वजह है। अधिकारियों के अनुसार 29 जुलाई को भी तालाब के पानी के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए थे। अब जांच को और प्रमाणिक बनाने के उद्देश्य से 5 अगस्त को दोबारा तालाब के साथ-साथ चीनी मिल के पानी के भी नमूने लिए गए हैं। दोनों रिपोर्टों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मत्स्यजीवी सहकारी समिति की अध्यक्ष मीनू, पत्नी स्वर्गीय डोरे लाल ने अधिकारियों को बताया कि 28 जुलाई को कथित रूप से चीनी मिल से छोड़े गए प्रदूषित पानी के कारण तालाब में बड़ी संख्या में मछलियां मर गई थीं। इससे समिति को करीब 10 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। समिति ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई और आर्थिक मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। वहीं, चीनी मिल के जनसंपर्क अधिकारी सतीश श्रीवास्तव ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि मिल का अपशिष्ट जल संबंधित तालाब की ओर नहीं जाता। उन्होंने बताया कि मिल में अपशिष्ट जल के निस्तारण की अलग व्यवस्था है और पर्यावरण मानकों का पालन किया जाता है।

## विद्या मंदिर की पूर्व छात्रा डॉ. नेहा गुप्ता बनीं नागपुर मेडिकल कॉलेज में सह-प्राध्यापक



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की पूर्व छात्रा डॉ. नेहा गुप्ता ने चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। वह महाराष्ट्र के नागपुर स्थित शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के प्लास्टिक एवं पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा विभाग में सह-प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार कन्नौजिया ने बताया कि वर्ष 2007 इंटरमीडिएट बैच की छात्रा रहीं डॉ. नेहा गुप्ता ने एमबीबीएस, एमएस और एमसीएच (प्लास्टिक एवं पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा) की उपाधियां प्राप्त की हैं। वर्तमान में वह मरीजों के उपचार के साथ-साथ प्लास्टिक एवं पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन भी दे रही हैं। उन्होंने बताया कि नागपुर का शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय मध्य भारत के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में गिना जाता है। प्रधानाचार्य ने बताया कि डॉ. नेहा गुप्ता की माता मंजूलता गुप्ता बेसिक शिक्षा विभाग से प्रधानाध्यापिका के पद से सेवानिवृत्त हैं, जबकि उनके पिता मोहन लाल गुप्ता हैं। उन्होंने बताया कि डॉ. नेहा गुप्ता के छोटे भाई एवं विद्यालय के वर्ष 2009 बैच के पूर्व छात्र सौरभ गुप्ता बेंगलुरु स्थित माइक्रोसॉफ्ट में सीनियर एनालॉग डिजाइन इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने वर्ष 2013 में आईईटी लखनऊ से बीटेक किया। इसके बाद भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड में डिप्टी इंजीनियर रहे। गेट परीक्षा में 98वीं रैंक प्राप्त करने के बाद उन्होंने भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु से एमटेक की पढ़ाई 8.8 सीजीपीए के साथ पूरी की। प्रधानाचार्य राजकुमार कन्नौजिया ने डॉ. नेहा गुप्ता और सौरभ गुप्ता की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय के ऐसे पूर्व छात्र-छात्राएं वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

## संविदा कर्मचारी का में फंदे से लटका मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

सीतापुर। संविदा कर्मचारी का शव घर में फंदे से लटका मिला, जांच में जुटी पुलिस सीतापुर। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के सुकईपुर गांव में बुधवार सुबह नगर पालिका परिषद के संविदा कर्मचारी का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान जगत गौतम (40) पुत्र किसन निवासी सुकईपुर के रूप में हुई है। वह नगर पालिका परिषद महमूदाबाद में संविदा कर्मचारी थे तथा कुछ समय पहले तक गांव की गौशाला में भी कार्यरत रहे थे। घटना के समय घर में उनकी पत्नी और बेटा मौजूद थे। प्रभारी निरीक्षक भानू प्रताप सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

## मामूली विवाद में दोस्त की गोली मारकर हत्या

सीतापुर। जिले के शहर कोतवाली अंतर्गत मुंशीगंज मोहल्ले में एक युवक की उसके दोस्तों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि कल मंगलवार देर रात मुंशीगंज के पास मृतक सलमान एवं उनके दोस्त आफाक, नौशाद, नीतीश कुमार, भैरव मिश्रा, रजत मिश्रा बियर पी रहे थे। शराब के नशे में उनमें आपस में कहासुनी होने लगी, जिसमें सलमान को गोली मार दी गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल उपचार के लिये भेजा। प्रारंभिक उपचार के बाद उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में आफाक, नौशाद, नीतीश कुमार को हिरासत में ले लिया है जबकि भैरव मिश्रा और रजत मिश्रा की तलाश की जा रही है।


## कार्यालय जिला पंचायत-बहराइच

**पत्रांक -: 326 /नि.सू./ नि.अनु./ जि.प.बह./ 2026-27** **दिनांक : 04 अगस्त, 2026**

**-: निविदा सूचना (अतिअल्पकालिक) :-**

पंचम राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत निम्नलिखित परियोजनाओं पर निर्माण कार्य कराये जाने हेतु जिला पंचायत, बहराइच तथा प्रदेश की अन्य जिला पंचायतों में पंजीकृत ठेकेदारों तथा राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त, 2026 से पूर्व स्थापना के दृष्टिगत कार्यालय जिला पंचायत, बहराइच में आफलाइन निविदाएं दिनांक 11.08.2026 तक पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा आमंत्रण उपरान्त दिनांक 11.08.2026 को ही अपरान्ह 3.30 बजे निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी !

निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 10.08.2026 तक पूर्वान्ह 11.00 से सायं 5.00 बजे तक कार्यालय जिला पंचायत, बहराइच, कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, बहराइच तथा कार्यालय जिलाधिकारी, बहराइच के न्यायालय सभाकक्ष से की जायेगी, तथा उपरोक्त टेण्डर बिक्री के स्थान पर रखे गये टेण्डर बाक्स में टेण्डर डाले जायेंगे। सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी। सभी कार्यों को पूर्ण करने की अवधि तीन माह होगी। निर्माण कार्यों का क्रियान्वयन लोक निर्माण विभाग के मानक तथा प्राक्कलन के अनुसार सम्पादित करना अनिवार्य होगा, इसमें किसी प्रकार का बिचलन नहीं किया जायेगा। निर्माण कार्य की गुणवत्ता आगणन एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित है । परियोजनाओं/कार्यों का विवरण निम्नलिखित है :-

| क्रमसं. /लाट सं. | परियोजना का नाम | लागत (रु. में) जी.एस.टी. सहित | 2 प्रतिशत अग्रिम/ धरोहर धनराशि | निविदा शुल्क GST सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | विकास खण्ड-तेजवापुर में नेवादा चौराहे पर 50 फिट ऊँचा पाइप एवं मोटराइज विन्च सिस्टम के साथ स्थायी राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना कार्य । | 310200 | 6204 | 118 |
| 2 | विकास खण्ड-रिसिया में मटेरा चौराहे पर 50 फिट ऊँचा पाइप एवं मोटराइज विन्च सिस्टम के साथ स्थायी राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना कार्य । | 310200 | 6204 | 118 |
| 3 | विकास खण्ड-रिसिया में रिसिया बाजार में 50 फिट ऊँचा पाइप एवं मोटराइज विन्च सिस्टम के साथ स्थायी राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना कार्य । | 310200 | 6204 | 118 |
| 4 | विकास खण्ड-नवाबगंज में नवाबगंज चौराहे पर 50 फिट ऊँचा पाइप एवं मोटराइज विन्च सिस्टम के साथ स्थायी राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना कार्य । | 310200 | 6204 | 118 |
| 5 | विकास खण्ड-हुजूरपुर में हरिहरपुर चौराहे पर 50 फिट ऊँचा पाइप एवं मोटराइज विन्च सिस्टम के साथ स्थायी राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना कार्य । | 310200 | 6204 | 118 |
| 6 | विकास खण्ड-हुजूरपुर में कुट्टी बाजार में 50 फिट ऊँचा पाइप एवं मोटराइज विन्च सिस्टम के साथ स्थायी राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना कार्य । | 310200 | 6204 | 118 |

**निविदा की मुख्य शर्ते :-**

1. प्रत्येक कार्य की निविदा लागत के समतुल्य बिड कैपेसिटी (Bid Capacity) तथा अन्य विभागों में प्राप्त /चालू कार्यों का विवरण नोटरी शपथ पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। अन्यथा की दशा में निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. प्रत्येक निविदादाता को प्रत्येक कार्य की निविदा के साथ निविदा शुल्क की पृथक-पृथक धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट जो राष्ट्रीयकृत बैंक/शेडयूल बैंक से 'अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, बहराइच' के पक्ष में निर्गत हो तथा देय हो निविदा के साथ संलग्न किया जायेगा तथा 2 प्रतिशत अग्रिम धरोहर धनराशि की एफ.डी.आर./टी.डी.आर. जो राष्ट्रीयकृत/शेड्यूल्ड बैंक से निर्गत हो या डाक विभाग द्वारा निर्गत राष्ट्रीय बचत पत्र (एन.एस.सी.) जो अद्यतन वैध हो तथा अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, बहराइच के पद नाम से बन्धक हो, निविदा के साथ पृथक-पृथक संलग्न किया जायेगा, और अनुबन्ध से पूर्व अवशेष 8 प्रतिशत धनराशि की FDR/TDR/NSC जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि कार्यालय में प्रपत्र-5 से जमा की जा सकती है
3. प्रत्येक निविदादाता को निविदा के साथ अद्यतन (जो निविदा खुलने की तिथि में वैध हो) का चरित्र प्रमाण पत्र हैसियत प्रमाण पत्र, ठेकेदारी पंजीयन प्रमाण पत्र, रू. 100 के स्टाम्प पर स्वघोषणा पत्र (टी-6), पैन कार्ड, जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन प्रपत्र, श्रम विभाग को पंजीयन, सम्बन्धित कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न किया जायेगा।
4. शासनादेश संख्या 1791/33-26-2020-198जी/2018 दिनांक 07 सितम्बर, 2020 के द्वारा निविदा की बिड खोले जाने के उपरान्त सफल निविदादाता होने के 21 दिवस के उपरान्त निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी एवं निविदादाता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए उसका पंजीयन निरस्त कर काली सूची में डालने की भी कार्यवाही की जायेगी ।
5. शासनादेश संख्या 622/23-12-2012-2आडिट/08टी.सी.-2 दिनांक 08 जून 2012 के अनुसार 10 प्रतिशत से अधिक Below पर 1 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर अतिरिक्त सिक्योरिटी/ परफारमेन्स गारन्टी ली जायेगी। सिक्योरिटी /परफारमेन्स गारन्टी जमा करने के उपरान्त ही अनुबन्ध गठन की कार्यवाही की जायेगी। निविदादाता द्वारा उक्त धनराशि जमा न किये जाने पर उसकी धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। समस्त निविदादाताओं/ ठेकेदारों को निर्गत आदेश कार्यालय - ज्ञाप संख्या 459 /जि.पं./चि.अनु./2024-25 दिनांक 06 नवम्बर, 2024 का अनुपालन किया जायेगा। निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री परीक्षण में गुणवत्ता संतोषजनक पारो जाने पर भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। निर्माण कार्यों का डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड 2 वर्ष है ।
6. ठेकेदार की विफलता के कारण ठेका मध्य अवधि में निरस्त किया जाता है तो उस परियोजना को अन्न ठेकेदार/एजेन्सी से पूर्ण कराने में होने वाली अतिरिक्त व्यय को प्रथम ठेकेदार की जमानत, स्थायी जमानत या अन्य देयकों से प्रतिपूर्ति की जायेगी !

**(रवीन्द्र सिंह)** अभियन्ता, जिला पंचायत, बहराइच

**(डॉ. वीरेन्द्र बहादुर)** अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, बहराइच

**(मंजू सिंह)** प्रशासक, जिला पंचायत, बहराइच

संक्षेप

## सड़क निर्माण में पक्षपात का आरोप

**महराजगंज, रायबरेली।** नगर पंचायत के पूरे सुखई आजाद नगर में निमार्णाधीन सीसी रोड एवं कवर्ड नाली के कार्य को लेकर स्थानीय लोगों ने अनियमितता और पक्षपात का आरोप लगाया है। बुधवार को मोहल्ले के दर्जनों निवासी उपजिलाधिकारी चंद्रप्रकाश गौतम से मिले और शिकायती पत्र सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। शिकायतकताओं का आरोप है कि रामदीन के मकान से छोटेलाल के घर तक नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे कवर्ड नाली एवं सीसी रोड निर्माण में ठेकेदार मनमानी कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकांश घरों के सामने सड़क की निर्धारित चौड़ाई के अनुरूप जगह छोड़ी गई है, जबकि कुछ घरों के सामने जानबूझकर कम चौड़ाई में निर्माण किया जा रहा है। इससे न केवल कुछ लोगों को अनुचित लाभ पहुंचाने का प्रयास हो रहा है, बल्कि सड़क का स्वरूप भी प्रभावित हो रहा है। लोगो ने मांग की कि पूरे मार्ग का निर्माण एक समान चौड़ाई और निर्धारित मानकों के अनुरूप कराया जाए, ताकि भविष्य में आवागमन के दौरान किसी भी व्यक्ति को वाहन निकालने या आने-जाने में परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि किसी व्यक्ति के प्रभाव में आकर सड़क की चौड़ाई में मनमाना बदलाव नहीं किया जाना चाहिए। मोहल्ले की फूलमती, राजेंद्र सहित अन्य लोगों ने एसडीएम से मामले की जांच कराकर गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुरूप निर्माण कार्य सुनिश्चित कराने की मांग की है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी चंद्रप्रकाश गौतम ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी रामाशीष वर्मा को मामले की जांच कर मानक के विपरीत हो रहे निर्माण की रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा यदि किसी स्तर पर पक्षपात पाया जाता है तो संबंधित जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## फांसी पर झूली किशोरी

**सलोन, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे चौरिहन कमालुद्दीनपुर गांव में मंगलवार को 13 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर जान दे दी।मृतका की मां ने गांव के ही एक युवक पर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## छात्र-छात्राओं ने दिया स्वच्छता का संदेश

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में 28वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों के क्रम में बुधवार को विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में आयोजित इस अभियान में शिक्षकों, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर परिसर की साफ-सफाई की। अभियान के दौरान विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न शैक्षणिक भवनों, प्रशासनिक कार्यालयों, छात्रावासों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता कार्य किया गया। साथ ही सभी को परिसर को स्वच्छ, सुंदर एवं प्लास्टिक मुक्त बनाए रखने का संदेश दिया गया। कुलपति डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय का गौरवपूर्ण आयोजन होता है और इसकी गरिमा बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त परिसर न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है, बल्कि विद्यार्थियों और समाज में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच भी विकसित करता है।

# ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रगति की डीएम ने की समीक्षा

### योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में ग्रामीण क्षेत्र के समग्र विकास एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक के दौरान वीबी जीरामजी, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं मुख्यमंत्री आवास योजना सहित अन्य ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जाए।

जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी अपूर्ण आवासों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराया जाए, वीबी जीरामजी योजना के अंतर्गत संचालित कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाए तथा प्रत्येक कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण कराया जाए, जिन ग्राम पंचायतों में वीबी जीरामजी योजना के अन्तर्गत कार्य नहीं प्रारम्भ हुवे है, उन समस्त ग्राम पंचायतों में एक सप्ताह में एक-एक कार्य प्रारम्भ कराया जाए।

जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विकास खण्डों में नियमित भ्रमण कर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण करें तथा समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता न की जाए तथा निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार प्रमोद सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए मुनेश चन्द्र, जिला विकास अधिकारी वर्षा सिंह सहित जनपद के समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक अदिति सिंह की पहल पर 27 गंभीर मरीजों को 44 लाख से अधिक की सहायता



**रायबरेली।** सदर विधानसभा क्षेत्र में गंभीर बीमारियों से जूझ रहे गरीब और असहाय परिवारों के लिए राहत की नई किरण बनी है। सदर विधायक अदिति सिंह ने स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए जुलाई में क्षेत्र के 27 जरूरतमंद मरीजों के इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से कुल ?44,11,850 की सहायता राशि स्वीकृत कराई है। विधायक अदिति सिंह ने बताया कि वह प्रत्येक माह ऐसे परिवारों की मदद के लिए लाखों रुपये की व्यवस्था कर रही हैं, जो महंगे इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ हैं। उनके प्रयासों एवं संस्तुति के आधार पर जुलाई माह में कैंसर, किडनी, हृदय रोग, दुर्घटना में घायल और अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित 27 लोगों के उपचार हेतु यह धनराशि स्वीकृत हुई है। अदिति सिंह ने कहा, परिवार का स्वास्थ्य और जीवन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी परिवार को आर्थिक तंगी के कारण इलाज से वंचित न होना पड़े, इसी संकल्प के साथ हम लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने सभी मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री के संवेदनशील सहयोग और आशीर्वाद से ही जनकल्याण के लिए यह संजीवनी मिल पा रही है। उनके मार्गदर्शन में गरीब, असहाय और पीड़ित लोगों को समय पर मदद मिल रही है। स्थानीय लोगों ने विधायक की इस पहल की सराहना की है। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से मिली सहायता से कई परिवारों को बड़े अस्पतालों में इलाज कराने में बड़ी राहत मिलेगी।

## जनेश्वर मिश्र की जयंती पर सपा नेताओं ने किया नमन

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के प्रख्यात समाजवादी चिंतक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री 'छोटे लोहिया' स्व. जनेश्वर मिश्र की जयंती बुधवार को सुपर मार्केट स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष इंजीनियर वीरेंद्र यादव की अध्यक्षता में मनाई गई, जँहा पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया।

## बार एवं बेंच न्याय व्यवस्था की दो मजबूत कड़ियां : न्यायमूर्ति आलोक माथुर



**कादीपुर, सुलतानपुर।** उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ के न्यायमूर्ति एवं जिले के प्रशासनिक जज आलोक माथुर ने कहा कि बार एवं बेंच एक-दूसरे के पूरक हैं और न्याय व्यवस्था के दो मजबूत पहिए हैं। अधिवक्ताओं का सर्वोच्च दायित्व न्यायिक प्रक्रिया में वादकारियों के हितों की प्रभावी पैरवी करना है। उन्होंने अधिवक्ताओं से अनुशासन, मयार्दा और वरिष्ठों के सम्मान की परंपरा बनाए रखने का आह्वान किया। बुधवार को तहसील परिसर में आयोजित बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति आलोक माथुर ने यहां के अधिवक्ताओं के अनुशासन की सराहना की तथा उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। समारोह की अध्यक्षता इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति चन्द्रधारी सिंह ने की। उन्होंने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अधिवक्ताओं को प्रत्येक मुकदमे की पूरी तैयारी के साथ न्यायालय में उपस्थित होना चाहिए तथा ईमानदारी और निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने वरिष्ठ अधिवक्ताओं से जूनियर अधिवक्ताओं को कम से कम एक वर्ष तक व्यावहारिक प्रशिक्षण देने की अपील करते हुए कहा कि असफलताओं से निराश हुए बिना न्याय के प्रति समर्पित रहना चाहिए। इससे पूर्व निवर्तमान अध्यक्ष बद्री प्रसाद सिंह ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। अध्यक्ष अशोक कुमार पांडे ने अतिथियों का स्वागत किया।

## यातायात व्यवस्था चरमरायी, राहगीर हलाकान

**महराजगंज, रायबरेली।** कस्बे की बिगड़ी यातायात व्यवस्था और रोज रोज जाम लगना आम समस्या हो गई है। प्रशासनिक उदासीनता की वजह से जाम का झाम, स्कूली बच्चों, व्यापारियों, दैनिक यात्रियों, कांवड़ यात्रा के साथ ही आपातकालीन सेवाओं को भी प्रभावित कर रहा है।कांवड़ यात्रा को लेकर जहां जिला प्रशासन सजग नजर आ रहा वहीं महराजगंज में प्रशासनिक अधिकारी तहसील मुख्यालय को ही अतिक्रमणकारियों के जाल से मुक्त नहीं करा सके हैं।

कस्बे में जाम की समस्या से हर कोई परेशान है। आलम यह है कि कस्बे में कब जाम लग जाए, यह किसी को पता नहीं रहता है। कस्बे के विद्यालयों में छुट्टी होने पर स्थित और भी बद्तर हो जाती है, इस दौरान कस्बे में घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। इस दौरान दैनिक यात्रियों के साथ ही स्कूली छात्र व आपातकालीन सेवा में लगी एंबुलेंस व डायल 112 के वाहन जाम में घंटों फंसे रहते हैं। कस्बे की साप्ताहिक बाजार वाले दिन सोमवार व शुक्रवार को स्थिति और भी खराब रहती है। इस दौरान अस्पताल आए मरीज भी जाम के झाम का शिकार हो आए दिन परेशान हो रहे हैं।लेकिन प्रशासनिक उदासीनता की वजह से इसका निस्तारण नहीं हो पा रहा है। इसका खामियाजा कस्बेवासियों व क्षेत्रीय लोगों को भुगतना पड़ता है। तहसील मुख्यालय के सामने पटरी दुकानदारों व बेतरतीब खड़े वाहनों की वजह से जाम की स्थिति बनी ही रहती है वहीं बात अगर प्रमुख मार्गों की करें तो सुबह नौ बजे से ही जाम की स्थिति शुरू हो जाती है।यह सब दुकानदारों द्वारा दुकानों के आगे अतिक्रमण व सड़क के दोनों ओर पटरियों पर सजी दुकानों से हो रहा है।उस पर ई-रिक्शा कोढ़ में खाज साबित हो रहे हैं। आलम यह है कि कस्बे की सड़कों पर एक साथ दो वाहनों के गुजरने की स्थिति में पैदल निकलना भी मुहाल है।ऐसी स्थिति में सावन माह में चल रही कांवड़ यात्रा के कांवड़िए भी जाम के झाम में फंसे नजर आ रहे हैं। आपातकालीन सेवा में लगी एंबुलेंस व गैर जनपद के कांवड़िए भी जाम मे फंसे।सावन माह में क्षेत्रीय कांवड़िए के साथ साथ बाराबंकी व अमेठी जनपद के कांवड़िए भी पवित्र गंगा का जल लेने के लिए कस्बे से होकर निकलते हैं।बंद इंतजामी की वजह से मंगलवार को पवित्र गंगा जल भरने आए गोंडा जनपद के राहुल, संजय, अमरनाथ आदि कांवड़िए भी कस्बे में जाम की समस्या से दो चार होते नजर आए। वहीं मरीज लेकर आई आपातकालीन सेवा में लगी एंबुलेंस भी कस्बे में जाम के झाम में फंसी नजर आई। ड्यूटी पर तैनात कोतवाली पुलिस के सिपाहियों के जाम के झाम से मुक्ति दिलाने के बाद जाम में फंसी एंबुलेंस मरीज को लेकर अस्पताल जा सकी।

नगर के विकास व अन्य कार्यों में ईओ की सबसे बड़ी भूमिका होती है। लेकिन महराजगंज नगर पंचायत में एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी ईओ की पूर्णकालिक तैनाती नहीं की गई है।ईओ बछरावां राम आशीष वर्मा को बछरावां के साथ साथ महराजगंज ईओ की भी जिम्मेदारी दी गई है।दोहरी जिम्मेदारी उठा रहे ईओ राम आशीष वर्मा महराजगंज में मंगलवार व शनिवार को उपलब्ध रहते हैं। ऐसे में दोहरी जिम्मेदारी उठा रहे ईओ से कस्बे में जाम के दाम से निजात दिलाने की आशा करना बेमानी ही है। ईओ राम आशीष वर्मा का कहना है किकस्बे में जाम की समस्या बढ़ी है, एसडीएम सर से वार्ता कर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा।

## दुग्धशाला विकास विभाग की स्वर्ण जयंती पर जनपदीय डेयरी कॉन्क्लेव आयोजित



**अयोध्या।** दुग्धशाला विकास विभाग, उप्र के स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास भवन सभागार, अयोध्या में एक दिवसीय जनपदीय डेयरी कॉन्क्लेव-2026 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को प्रदेश स्तर से संबोधित करते हुए दुग्ध आयुक्त, उत्तर प्रदेश धनलक्ष्मी के. ने जूम माध्यम से विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा विभाग की उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म का प्रसारण कराया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में लगभग 248 मिलियन मीट्रिक टन दुग्ध उत्पादन के साथ भारत विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। इसमें 38.8 मिलियन मीट्रिक टन उत्पादन एवं लगभग 16 प्रतिशत योगदान के साथ उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि डेयरी क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, महिला सशक्तीकरण, रोजगार सृजन तथा किसानों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत प्रदेश में 17,994 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है तथा 4,951 प्रारंभिक दुग्ध सहकारी समितियों के गठन से लगभग 2.25 लाख प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। दुग्ध आयुक्त ने बताया कि प्रदेश स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के 2,100, मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के 1,500 से अधिक तथा नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के 450 से अधिक लाभार्थियों को चयन पत्र वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त डेयरी क्षेत्र में 28 हजार करोड़ रुपये से अधिक के 829 एमओयू संपादित किए गए हैं। उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति-2022 के अंतर्गत 39 लाख लीटर प्रतिदिन दुग्ध प्रसंस्करण एवं अवशीतन क्षमता में वृद्धि हुई है तथा लगभग 10 हजार रोजगार सृजित हुए हैं। निवेशकों को डीबीटी के माध्यम से लगभग 42 करोड़ रुपये का अनुदान भी दिया गया है। कॉन्क्लेव में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. इन्द्रदेव माहर, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी बारून एवं पुराबाजार, डॉ. अजीत कुमार तथा इंडियन बैंक, अंगूरीबाग के शाखा प्रबंधक सहित विशेषज्ञों ने किसानों एवं दुग्ध उत्पादकों को आधुनिक पशुपालन, पशु रोगों की पहचान एवं रोकथाम, चारा प्रबंधन, टीकाकरण, पशु बीमा तथा पशु टैगिंग से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना हेतु जिला कार्यकारी समिति की देखरेख में ई-लॉटरी आयोजित की गई। प्राप्त 163 पात्र आवेदनों में से निर्धारित लक्ष्य के अनुसार 14 महिला एवं 14 पुरुष, कुल 28 लाभार्थियों का पारदर्शी तरीके से चयन किया गया। कार्यक्रम का संचालन दुग्ध निरीक्षक अरुण कुमार त्रिपाठी ने किया। उन्होंने नंद बाबा दुग्ध मिशन एवं दुग्ध नीति-2022 के अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए किसानों से वैज्ञानिक पशुपालन तकनीकों को अपनाने, सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने तथा जनपद में डेयरी क्षेत्र को और अधिक समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विभागीय कार्मिक रामजीत आदि का योगदान रहा।

## चला प्रशासन का बुलडोजर

**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चैकी सत्तीचैरा क्षेत्र के गांव दोस्तपुर रगघू में बुधवार को प्रशासन का बुलडोजर चला। रास्ते में आ रहे गांव के तीन लोगों से जुड़े अवैध अतिक्रमण को ढहा दिया गया। उप जिलाधिकारी न्यायालय के आदेश पर माननीय उच्च न्यायालय ने कार्रवाई के लिए धारा 133 के तहत निर्देशित किया था। जिसका राजस्व और पुलिस की टीम ने अनुपालन कराया है। नायब तहसीलदार रौनाही रेशू जैन और थाना प्रभारी रौनाही रतन शर्मा की अगुवाई में बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंची राजस्व विभाग की टीम के साथ भारी पुलिस बल कार्रवाई के दौरान मौजूद रहा। चैकी प्रभारी सत्तीचैरा सत्यम अग्रवाल मौके पर पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## युवती को बोलेरो ने रौंदा, मौत

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** खंडासा थाना क्षेत्र के सैदखानपुर गांव में मंगलवार शाम खेत की रखवाली करने जा रही 25 वर्षीय युवती की बोलेरो वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों को देखकर बोलेरो सवार वाहन छोड़कर फरार हो गए। गंभीर हालत में युवती को मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सैद खानपुर निवासी सोहनलाल ने खंडासा पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी गीत मंगलवार शाम घर से खेत की ओर जा रही थी। आरोप है कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय सैद खानपुर के पास मंगला प्रसाद उर्फ बेचूलाल पुत्र रामधीरज निवासी अघियारी, थाना खंडासा बोलेरो वाहन संख्या यूपी 61 वी 9889 चला रहे थे। वाहन में उनके साथ एक अन्य व्यक्ति भी बैठा था। परिजनों का आरोप है कि बोलेरो की चपेट में आने से गीत सड़क पर गिर गई। आरोप है कि वाहन चालक ने दोबारा भी उसके ऊपर गाड़ी चढ़ा दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके की ओर दौड़े। ग्रामीणों को आता देखकर बोलेरो सवार दोनों लोग वाहन को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गए। ग्रामीणों और परिजनों की मदद से घायल युवती को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर ले जाया गया, लेकिन वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी गांव में पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। हादसे के बाद गांव में मातम का माहौल है। समाचार लिखे जाने तक मृतका का शव गांव नहीं पहुंचा था। परिजनों ने घटना को लेकर खंडासा पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दुर्घटना में शामिल बोलेरो वाहन अभी घटनास्थल पर ही खड़ा बताया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक खंडासा सुरेंद्र कुमार सोनकर ने बुधवार को बताया कि घटना की जानकारी अभी मिली है। तहरीर प्राप्त हुई है और पुलिस टीम को घटनास्थल पर भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## समरसता का संदेश लेकर निकला पूजित कलश

- जगह-जगह हुआ अभिनंदन

जिला संवाददाता (vol)



**अयोध्या।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत पूरा बाजार क्षेत्र में कलश वंदन यात्रा निकाली गई। यात्रा में संत रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर (वाराणसी) से पूजित कलश को रथ पर विराजमान कर श्रद्धापूर्वक ले जाया गया। यात्रा का शुभारंभ अकवारा से हुआ, जहां पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, देवता पटेल, कपिल देव वर्मा, तिलकराम मौर्या एवं प्रमोद मौर्या ने कलश वंदन किया। इसके बाद कर्मा चैराहे पर अरविंद सिंह की अगुवाई में स्वागत हुआ। नरियावां में प्रदीप सिंह, सनेथू में भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, शिवम्शुक्ला, विजय रंजन कोरी तथा गंगौली चैराहे पर गन्ना समिति के चेयरमैन दीपेन्द्र सिंह ने कलश का स्वागत किया। रसूलाबाद में अमल गुप्ता, अमित तिवारी तथा पूरा बाजार में रामप्रीत वर्मा और स्वाती सिंह की अगुवाई में श्रद्धालुओं ने यात्रा का अभिनंदन किया। मड़ना ग्राम सभा में ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष एवं भाजपा महानगर महामंत्री शिवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इसके अतिरिक्त दर्जनों स्थानों पर स्थानीय ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि संत रविदास का जीवन सामाजिक समरसता, समानता और मानवता का प्रेरक संदेश देता है। उन्होंने कहा कि समरसता संकल्प अभियान का उद्देश्य संत रविदास के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना तथा समाज में जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर भाईचारे और सामाजिक एकता की भावना को मजबूत करना है। यात्रा का संयोजन अभियान संयोजक व महामंत्री शैलेन्द्र कोरी व वरूण चैधरी ने किया। मीडिया प्रभारी अमित कुमार मिश्र ने बताया कि यात्रा गुरूवार को टेढी बाजार से प्रात 10 बजे प्रारम्भ होकर कुशमाहा में सम्पन्न होगी। यात्रा में प्रधान अूनप वर्मा, सियाराम वर्मा, सुरेश यादव, शोभाराम वर्मा, प्रमोद श्रीवास्तव, आनंद सिंह, प्रमोद मौर्या, इन्द्रजीत, शिवनाथा कोरी, रामफल चैधरी, विजय बहादुर, राकेश सिंह, रमन लाल, हरिकेश सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन के पदाधिकारी एवं स्थानीय ग्रामीण शामिल रहे। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने संत रविदास के जयकारों के साथ कलश के दर्शन कर श्रद्धा व्यक्त की।

## नव विवाहिता ने नहर में लगायी छलांग, तलाश में जुटी पुलिस



**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक नवविवाहिता ने शारदा सहायक खंड-16 नहर में छलांग लगा दी। घटना रामचंद्रपुर गांव स्थित नहर पुल के पास की है। महिला के नहर में कूदने की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर जुट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने ग्रामीणों की मदद से नहर में महिला की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक कि खेत से लौट रहे एक दंपति ने एक महिला को नहर में छलांग लगाते देखा। दोनों ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को जानकारी दी। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई। नहर में कूदने वाली महिला की पहचान गोसाईगंज थाना क्षेत्र के मूंगर तुरकहिया निवासी हकीकुल के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, हकीकुल का निकाह पिछले वर्ष नवंबर में रामचंद्रपुर निवासी शमशाद के साथ हुआ था। शादी के कुछ समय बाद पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया था। इसके बाद वह मायके में रह रही थी। नव विवाहिता की मां ने बताया कि मंगलवार शाम पति-पत्नी के बीच फोन पर किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। बुधवार सुबह करीब 10:00 बजे हकीकुल घर से निकली और कुछ देर बाद उसके नहर में छलांग लगाने की सूचना मिली।मौके पर पुलिस को महिला की एक चप्पल और छाता मिला है। थानाध्यक्ष अखंड देव मिश्रा पुलिस बल और फायर ब्रिगेड टीम के साथ मौके पर मौजूद हैं। गोताखोरों व ग्रामीणों की मदद से नहर में महिला की तलाश जारी है। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## 28 रिक्त पदों के लिए 51 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार

### रिक्त चल रहे पदों को भरने की चल रहा कवायद

**सुलतानपुर (वीओएल)।** ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को घर के नजदीक बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बीसी सखी के रिक्त पदों को भरने की कवायद शुरू हो गई है। जिले के 14 विकास खंडों में पूर्व में बीसी सखियों की तैनाती की गई थी। इनका मुख्य कार्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के बैंक खातों में धनराशि जमा कराने और निकासी समेत अन्य बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराना है। समय के साथ कुछ बीसी सखियों ने किन्हीं कारणों से कार्य छोड़ दिया, जिससे कई पद रिक्त हो गए। इन्हीं रिक्त पदों पर नई तैनाती के लिए बुधवार को विकास भवन स्थित उपायुक्त स्वतः रोजगार कार्यालय में अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। जयसिंहपुर, कूरेभार, लम्भुआ, भदैंया और पीपी कमैचा विकास खंडों में रिक्त चल रहे 28 बीसी सखी के पदों के लिए परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले 51 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था। अधिकारियों ने अभ्यर्थियों की योग्यता और कार्य क्षमता के आधार पर चयन प्रक्रिया पूरी की। उपायुक्त स्वतः रोजगार के.डी. गोस्वामी ने बताया कि पांच विकास खंडों में रिक्त पदों के लिए बुधवार को साक्षात्कार कराया गया है। शेष विकास खंडों में रिक्त पदों के लिए परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को गुरुवार को बुलाया गया है। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

## विधायक-विवाद में 'ऑडियो वार' से गरमाया सियासी माहौल

**सुलतानपुर (वीओएल)।** शहर विधायक विनोद सिंह और महिला से जुड़े प्रकरण में सोशल मीडिया पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। अब दोनों पक्षों की ओर से पुराने ऑडियो सामने आने के बाद मामला एक नए मोड़ पर पहुंच गया है। विधायक पुत्र पुलकित सिंह ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कुछ लोगों पर निशाना साधते हुए ऑडियो रिकॉर्डिंग के स्रोत पर सवाल उठाए और कानूनी कार्रवाई की बात कही है। मामले की शुरूआत उस समय हुई, जब दिल्ली में बैठक का दावा करते हुए एक महिला ने करीब 11 मिनट का वीडियो जारी कर विधायक पर गंभीर आरोप लगाए। महिला ने दुष्कर्म के प्रयास और अपने परिवार पर हमले की आशंका जताई। इसके बाद विधायक प्रतिनिधियों की ओर से महिला सोनिया पांडेय और उनके पति शशांक पांडेय के खिलाफ हजरतगंज थाने में दर्ज मुकदमे की एफआईआर सार्वजनिक की गई। विधायक पक्ष ने वेयर हाउस से जुड़े मामले में जालसाजी के आरोप लगाए हैं। इसके बाद विधायक और शशांक पांडेय के बीच बातचीत का कथित पुराना ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। ऑडियो सामने आने के बाद विधायक पुत्र पुलकित सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रिकॉर्डिंग विधायक पक्ष के विरोधियों तक पहुंचने पर सवाल उठाए। इसी बीच विधायक पक्ष की ओर से केएनआई कर्मचारी अनिल सिंह और शशांक पांडेय की बातचीत का एक अन्य ऑडियो सामने आया। इसमें वेयर हाउस के कागजात और परिवार को खतरे की आशंका से जुड़ी बातें होने का दावा किया जा रहा है।

## जासापारा में हर घर जल योजना पूरी, घर-घर पहुंचा शुद्ध पेयजल



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से जयसिंहपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत जासापारा में संचालित हर घर जल योजना का कार्य पूर्ण होने के बाद ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की सुविधा मिलने लगी है। करीब 358.51 लाख रुपये की लागत से तैयार इस योजना से ग्राम पंचायत के 885 परिवारों को लाभ मिलने का दावा किया गया है। योजना के तहत 250 किलोलीटर क्षमता और 16 मीटर ऊंचाई वाली ओवरहेड टंकी का निर्माण कराया गया है। पाइपलाइन के माध्यम से ग्रामीणों के घरों तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। वर्तमान में ग्रामीणों को निर्धारित रोस्टर के अनुसार प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 10 बजे तक तथा शाम 3 बजे से 6 बजे तक जलापूर्ति की जा रही है। घर के नजदीक नल से पानी मिलने से ग्रामीणों को अब पानी के लिए हैंडपंपों और दूरस्थ जलस्रोतों पर निर्भरता कम होने की उम्मीद है। ग्रामीण रामलखन ने कहा कि पहले गर्मी के दिनों में पानी की समस्या काफी बढ़ जाती थी। कई बार पानी के लिए दूर तक जाना पड़ता था, लेकिन अब घर तक पानी पहुंचने से बड़ी राहत मिली है। वहीं सुमन सिंह ने बताया कि महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी पानी भरने को लेकर होती थी। हर घर जल योजना शुरू होने से उनका काफी समय बचेगा और घरेलू कामकाज में भी सुविधा होगी। ग्रामीण प्रदीप कुमार ने कहा कि शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने से दूषित पानी से होने वाली बीमारियों का खतरा भी कम होगा। योजना का लाभ नियमित रूप से मिलता रहे, यही ग्रामीणों की सबसे बड़ी उम्मीद है। ग्रामीणों ने सरकार की इस योजना को गांव के लिए महत्वपूर्ण कदम बताते हुए जलापूर्ति व्यवस्था को नियमित बनाए रखने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि निर्धारित रोस्टर के अनुसार लगातार पानी मिलता रहा तो यह योजना गांव की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या के स्थायी समाधान में महत्वपूर्ण साबित होगी।

- 358.51 लाख की लागत से साकार हुई योजना, 885 परिवारों को मिलेगा लाभ

# लड़की-शराब की मांग व महिला से बदसलूकी के आरोप में दो सिपाही निलंबित, केस दर्ज

● बर्खास्तगी की कार्रवाई शुरू



**कुशीनगर।** मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कुशीनगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कसया थाना में तैनात दो सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके आरोपी दोनों सिपाहियों की गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया। इतना ही नही मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने बर्खास्तगी की विभागीय प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। दोनों सिपाहियों पर एक ढाबा संचालक से कथित रूप से लड़की और शराब की मांग करने, विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट व धमकी देने तथा एक महिला को जबरन गोरखपुर ले जाकर बदसलूकी करने जैसे बेहद गंभीर आरोप लगे हैं। बेशक! उत्तर प्रदेश पुलिस की छवि एक बार फिर न सिर्फ धूमिल हुई है बल्कि गंभीर सवालों के घेरे में है। एक तरफ गोरखपुर में सिपाही द्वारा दस वर्षीय मासूम बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या का जघन्य मामला पूरे प्रदेश को झकझोर चुका है, वहीं दूसरी ओर कुशीनगर के कसया थाना क्षेत्र में तैनात सिपाही उमाशंकर यादव व उसके साथी पर लड़की और शराब की मांग, मारपीट, घर में घुसकर उत्पात मचाने तथा एक महिला को जबरन वाहन में बैठाकर गोरखपुर ले जाने जैसे बेहद गंभीर आरोप सामने आए हैं। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं ने कानून की रक्षा करने वाली वर्दी की साख पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। बताया जाता है कि कसया नगर निवासी ढाबा संचालक पप्पू सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि 3 अगस्त की शाम कसया थाने में तैनात सिपाही उमाशंकर यादव ने फोन कर मिलने के लिए बुलाया। रात तकरीबन नौ बजे मुलाकात के दौरान सिपाही अपने दो साथियों के साथ शराब के नशे में था और उसने लड़की तथा शराब की व्यवस्था करने की मांग की। जब उसने इनकार किया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। शिकायत के मुताबिक रात करीब दो बजे आरोपी सिपाही अपने दो साथियों के साथ पीड़ित के आवास पर पहुंचे और दरवाजा नहीं खुलने पर दीवार फांदकर घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। परिवार की महिलाओं के साथ गाली-गलौज व अभद्र व्यवहार किया तथा सिपाहियों ने ढाबा पूरे परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। शोर सुनआसपास के लोग जुटने लगे तो आरोपी सिपाही वहां से चले गए।

**महिला ने एसपी से लगायी गुहार**

इसी प्रकरण में एक महिला ने भी एसपी को अलग शिकायती पत्र देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि वह अपनी बहन के साथ कसया में किराये के मकान में रहकर पार्लर में काम करती है। महिला का कहना है उसी रात सिपाही उमाशंकर यादव अपने साथी सिपाही महेन्द्र यादव के साथ उसके कमरे पर पहुंचा, दरवाजा तोड़कर अंदर घुसा, मारपीट की और उसे जबरन वाहन में बैठाकर गोरखपुर के माड़ापार क्षेत्र ले गया। महिला का आरोप है कि वहां कई घंटों तक उसके साथ बदसलूकी की गई और सुबह करीब साढ़े पांच बजे उसे वापस कसया छोड़ दिया गया। विरोध करने पर उसे और उसकी बहन को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच कर आरोपी सिपाही व उसके साथियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। उनका कहना है कि यदि कानून लागू कराने वाले ही कानून तोड़ने लगें तो आम जनता का पुलिस पर विश्वास कमजोर होना स्वाभाविक है।

कहना न होगा एसपी केशव कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों सिपाही उमाशंकर यादव व महेंद्र यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के बाद गिरफ्तार कराकर जेल भेज दिया है, इतना नही तेज-तर्रार व ईमानदार छवि वाले पुलिस अधीक्षक ने विभागीय स्तर पर बर्खास्तगी की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी है। एसपी का कहना है कि प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# सपा ने श्रद्धापूर्वक मनायी जनेश्वर मिश्र की जयंती

**देवरिया।** आज सापा जिला कार्यालय, बांस देवरिया स्थित मुलायम सिंह यादव सभागार में समाजवादी विचारधारा के प्रखर चिंतक, दार्शनिक, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद ₹छोटे लोहिया₹ स्वर्गीय श्री जनेश्वर मिश्र जी की जयंती समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री व्यास यादव की अध्यक्षता एवं जिला महासचिव श्री मंजूर हसन के संचालन में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई।कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र जी के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर किया गया। उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन, सादगी, समाजवादी मूल्यों, सामाजिक न्याय के प्रति उनकी अटूट निष्ठा तथा गरीब, किसान, नौजवान एवं वंचित समाज के अधिकारों के लिए किए गए संघर्ष को स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र भारतीय समाजवादी आंदोलन की ऐसी विरासत हैं, जिनका संपूर्ण जीवन सिद्धांत, संघर्ष, सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि जनेश्वर मिश्र के बताए रास्ते पर चलकर ही सामाजिक समरसता, समान अवसर व न्यायपूर्ण समाज की स्थापना का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। पूर्व विधायक सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र भारतीय समाजवादी आंदोलन के ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिन्होंने आजीवन सिद्धांतों की राजनीति की। उन्होंने सत्ता से अधिक जनता के हितों को महत्व दिया और गरीब, किसान, मजदूर, पिछड़े एवं वंचित समाज के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया। पूर्व विधायक स्वामीनाथ यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र समाजवादी आंदोलन के ऐसे प्रखर विचारक थे, जिन्होंने सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने युवाओं को संघर्ष, ईमानदारी और जनसेवा की राह दिखाई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी नेताओं एवं कार्यकताओं ने समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने तथा सामाजिक न्याय, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संविधान की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत रहने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से परवेज आलम, हृदय नारायण जायसवाल, हाफिज शहादत हुसैन अंसारी, राजवंशी राजभर, मुरली मनोहर जायसवाल, मोहन गुप्ता, डॉ. रामनाथ चौहान, लक्ष्मण निषाद, हरेंद्र सिंह त्यागी, इंद्रेश सिंह, मुन्ना यादव, हरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# संत रविदास की शिक्षा भाईचारे का संदेश देती है : अलका



**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनकी पुण्य जन्मभूमि सिर गोवर्धनपुर (वाराणसी) की पावन मिट्टी से भरे कलश के साथ समरसता संकल्प अभियान के तहत निकली कलश वंदन यात्रा ने देवरिया नगर मंडल में भ्रमण किया। संत रविदास मन्दिर एवं हनुमान मंदिर राघव नगर से शुरू हुयी यात्रा राम जानकी मंदिर सिविल लाइन, राधा कृष्ण मंदिर कसया रोड, देवरही मन्दिर होते हुये सोमनाथ मन्दिर पर समाप्त हुयी।जगह -जगह यात्रा के स्वागत के दौरान मन्दिर परिसर संत गुरु रविदास जी के जयकारों और धार्मिक भजनों से गूंज उठा। इस दौरान यात्रा में शामिल नपाध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि संत गुरु रविदास ने जीवनभर सामाजिक समरसता, समानता और मानवता का संदेश दिया।पार्टी द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान समाज में समरसता, सद्भाव और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को और अधिक सशक्त बनाने का माध्यम बन रहा है।संत गुरु रविदास जी की शिक्षाएं समाज में समानता, सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश देती हैं। समरसता संकल्प अभियान के जिला संयोजक कृष्णानाथ राय ने कहा कि समरसता संकल्प अभियान के माध्यम से गुरु रविदास जी के विचारों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।यह यात्रा पूरे महीने भ्रमण करते हुये जनपद के सभी मंदिरों तक पहुचेगी। नगर अध्यक्ष भाजपा रमेश वर्मा ने यात्रा में शामिल सभी के प्रति आभार जताया। इस दौरान प्रेम अग्रवाल, अजय उपाध्याय, अम्बिकेश पाण्डेय, रविशंकर नाथ त्रिपाठी, सुधीर मद्धेशिया, संजू सोनी, रविन्द्र राव, संजय पाण्डेय, अजय सिंह, बजरंगी मणि, अभिषेक मिश्रा, अनूप शर्मा, अमन वर्मा, वीरेन्द्र सिंह, पिंटू तिवारी आदि रहे।

## संक्षेप

### कलेक्ट्रेट परिसर में वाहन स्टैंड की नीलामी 10 को

**देवरिया।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह ने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर स्थित तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन स्टैंड का वित्तीय वर्ष 2026-27 (17 अगस्त 2026 से 31 मार्च 2027 तक) के लिए ठेका नीलामी के माध्यम से आवंटित किया जाएगा। इसके लिए 10 अगस्त 2026 को सायं 4:00 बजे अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) के कार्यकक्ष में गठित नीलामी समिति द्वारा नीलामी आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो कांवड़िये घायल

**चांदा, सुलतानपुर।** कोतवाली क्षेत्र के पूनी भीम पट्टी गांव के पास नंदगांव ढाबा के सामने बुधवार दोपहर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो कांवड़िये घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान अजय नारायण त्रिपाठी (40) पुत्र कमलाकांत त्रिपाठी तथा राम भवन (36) पुत्र जगरूप निवासी ग्राम बरुआ, थाना पश्चिम शरीरा, जनपद कौशांबी के रूप में हुई है। बताया गया कि बाइक चला रहे अजय नारायण त्रिपाठी ने हेलमेट पहन रखा था, जिससे उन्हें सिर में गंभीर चोट लगने से काफी हद तक बचाव हो गया। जानकारी के अनुसार दोनों कांवड़िये अपने साथियों के साथ धार्मिक यात्रा पर थे। काठमांडू और अयोध्या में दर्शन व जलाभिषेक के बाद वे काशी जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आई तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी और चालक वाहन समेत फरार हो गया। सूचना पर क्षेत्राधिकारी ऋतिक कुमार, थाना प्रभारी राज कुमार वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

# चाकूबाजी के शिकार किशोर की इलाज के दौरान मौत, आरोपी गिरफ्तार

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र में चाकूबाजी की घटना में गंभीर रूप से घायल 16 वर्षीय किशोर की बुधवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। किशोर की मौत के बाद परिजनों ने निजी अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही, भारी धनराशि वसूलने तथा आवश्यकता से अधिक रक्त की मांग करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना पर क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी मनोज कुमार, सदर कोतवाल राकेश राय तथा भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित कराया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, सागर वाल्मीकि उर्फ भुवर (16) पुत्र रंजीत, निवासी दक्षिणी रेलवे कॉलोनी, थाना भटनी, मंगलवार शाम किसी बात को लेकर हुए विवाद में चाकूबाजी का शिकार हो गया था। आरोप है कि दिलखुश पुत्र काशी प्रसाद, निवासी हतवा (पुराना), नगर पंचायत भटनी ने उसके पेट में चाकू मार दिया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।घायल सागर को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटनी ले जाया गया, जहां से उसे महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर भेजने की सलाह दी। इसी बीच एक निजी एंबुलेंस चालक के कहने पर परिजन उसे शहर के सोन्दा स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसका ऑपरेशन किया गया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बच सकी। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में ऑपरेशन के नाम पर रात में एक लाख रुपये जमा कराए गए। ऑपरेशन के दौरान करीब 24 यूनिट रक्त की व्यवस्था कराई गई और बाद में 18 यूनिट अतिरिक्त रक्त की भी मांग की गई। परिजनों का कहना है कि रिश्तेदारों और परिचितों ने रक्तदान कर घंटों तक रक्त उपलब्ध कराया, लेकिन इसके बावजूद सागर की जान नहीं बच सकी। मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही, अनावश्यक धन वसूली और जरूरत से अधिक रक्त की मांग करने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में हंगामा किया।

# अंश निर्धारण व पेड़ कटान की बाधाएं तत्काल दूर कर निर्माण कार्यों में लायें तेजी : डीएम




**देवरिया।** डीएम मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में एनएच, पीडब्ल्यूडी, आरएलडी तथा सेतु निगम के निमार्णाधीन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अगले माह तक हर हाल में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान राम-जानकी मार्ग, देवरिया बाईपास मार्ग, तमकुहीराज-मझौलीराज, नवलपुर, सिकंदरपुर मार्ग तथा सलेमपुर बाईपास के निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। कार्यों की प्रगति अपेक्षित न पाए जाने पर उन्होंने संबंधित अधिशासी अभियंता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां भी पेड़ कटान, भूमि अधिग्रहण, मुआवजा भुगतान अथवा अन्य किसी प्रकार की बाधा आ रही है, उसे संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर तत्काल दूर कराया जाए और कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन निर्माण कार्यों की लगभग 80 प्रतिशत प्रगति हो चुकी है, उन्हें प्रत्येक दशा में अगस्त माह के भीतर पूर्ण कर लिया जाए। पीडब्ल्यूडी के निर्माणाधीन सड़क परियोजनाओं को भी प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। आरएलडी एवं सेतु निगम के निमार्णाधीन कार्यों की भी समीक्षा करते हुए उन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सभी परियोजनाएं समयबद्ध ढंग से पूर्ण हों तथा गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। मानकविहीन या गुणवत्ताहीन कार्य किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे और दोषी पाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया जागरूक



**कुशीनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर दुदही विकास खंड क्षेत्र के बांस गांव टोला कोहरा के एक विद्यालय में शिक्षकों और बच्चों को विधिक जानकारी दी गई और नशा मुक्ति, महिला सशक्तिकरण, बाल अधिकार को लेकर जागरूक किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर के अध्यक्ष/ जिला जज संजीव कुमार त्यागी के आदेश से और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भुवन के निर्देश पर बुधवार को पीएलवी दिनेश यादव, पीएलवी ऐनुल्लाह शेख, पीएलवी पिंकी यादव द्वारा आयोजित शिविर के माध्यम में ड्रग, बाल संरक्षण, बेटी बचाओ और एसिड अटैक आदि के बारे में जानकारी दी। शिक्षा और स्वच्छता तथा बाल अपराध को लेकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक राजन कुमार मिश्रा, सहायक अध्यापक वीरेंद्र गुप्ता, सुनीता कुमारी सहित छात्र और छात्रा मौजूद रहे।

# दिव्यांग को ट्राइसाइकिल, असहाय महिला को मिला योजनाओं का सहारा

**देवरिया।** डीएम मधुसूदन हुल्गी के आज आयोजित जनता दर्शन में एक दिव्यांग फरियादी तथा एक अन्य असहाय एवं गंभीर रूप से बीमार महिला अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। दोनों फरियादियों की स्थिति देख डीएम संवेदनशील हुए और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए तत्काल संबंधित योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए। ग्राम सोनहुला रामनगर निवासी कल्पनाथ पुत्र चंचल, जो दिव्यांग हैं, ने ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। डीएम ने उनकी स्थिति को देखते हुए जिला दिव्यांगजन अधिकारी को तत्काल पत्रावली तैयार कर स्वीकृत कराने तथा फरियादी को ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीएम के निर्देश के क्रम में दिव्यांगजन विभाग द्वारा तत्काल पत्रावली तैयार कर उन्हें ट्राइसाइकिल उपलब्ध करा दी गई। दूसरे प्रकरण में ग्राम सिरजम निवासी पूजा देवी पत्नी मनोज ने अपनी दोनों किडनी खराब होने तथा आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने उनकी असहाय स्थिति को देखते हुए राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड तथा जिला प्रोबेशन विभाग की संचालित योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही फरियादी के साथ आई उनकी दो छोटी पुत्रियों को भी प्रोबेशन एवं बाल कल्याण विभाग की योजनाओं से लाभान्वित करते हुए कन्या सुमंगला योजना से आच्छादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए भी प्रेरित किया। जिलाधिकारी की इस त्वरित एवं संवेदनशील पहल से दोनों फरियादी अत्यंत प्रसन्न हुए और उन्होंने उनके प्रति आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी द्वारा तत्काल समस्याओं का समाधान कर पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने की इस मानवीय पहल की उपस्थित लोगों ने भी सराहना की।

# नगर निकायों के विकास कार्यों की डीएम ने समीक्षा कर दिये आवश्यक निर्देश



**देवरिया।** डीएम मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में नगर निकायों की कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि नगर निकाय शहरी विकास की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। शहरी क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं का विकास करना नगर निकायों की प्रमुख जिम्मेदारी है। इसलिए सभी अधिशासी अधिकारी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करते हुए नगर क्षेत्रों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं विकसित बनाएं। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं से अधिकाधिक लोगों को जोड़कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान डीएम ने कहा कि सभी अधिशासी अधिकारी नगर क्षेत्रों में ट्रैफिक जाम, पार्किंग व्यवस्था तथा सोशल सेक्टर से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, वंदन योजना, वेंडिंग जोन, जलभराव की समस्या, पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता एवं समयबद्धता से पूर्ण किए जाएं तथा वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या न उत्पन्न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी अधिशासी अधिकारी अपने-अपने नगर निकायों में संचालित कार्यों का विस्तृत प्रारूप तैयार कर अद्यतन विवरण संधारित रखें, ताकि कार्यों की समीक्षा सुगमता एवं प्रभावी ढंग से की जा सके। बैठक में नगर निकाय प्रभारी एवंए डीएम (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद देवरिया संजय तिवारी व रुद्रपुर, रामपुर कारखाना, आदि के अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान को जनभागीदारी का महापर्व बनायें

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने जनपद में हर घर तिरंगा अभियान-2026' के सफल एवं प्रभावी आयोजन हेतु सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को शासन के दिशा-निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल राष्ट्रीय ध्वज फहराने तक सीमित न रहकर राष्ट्रभक्ति, जनसहभागिता एवं स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सम्मान की भावना को सुदृढ़ करने का जनआंदोलन बने।उन्होंने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार अभियान का आयोजन 06 अगस्त से 15 अगस्त 2026 तक चरणबद्ध रूप से किया जाएगा। प्रथम चरण में विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा थीम आधारित सजावट, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं, सैनिकों एवं पुलिसकर्मियों के लिए आभार पत्र लेखन तथा शहीद स्मारकों एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। द्वितीय चरण में जनपद में तिरंगा महोत्सव, तिरंगा मेला, देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी एवं स्थानीय उत्पादों के प्रदर्शन के साथ व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के दौरान नागरिकों को हर घर तिरंगा अभियान की वेबसाइट पर तिरंगे के साथ सेल्फी अपलोड करने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने निर्देशित किया कि 13 से 15 अगस्त के दौरान सभी सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, पंचायत भवनों, सार्वजनिक एवं निजी प्रतिष्ठानों तथा प्रत्येक घर पर सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रभात फेरियां, तिरंगा यात्राएं, देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिताएं, शहीदों एवं पूर्व सैनिकों का सम्मान तथा आंगनबाड़ी केंद्रों, वृद्धाश्रमों एवं अन्य संस्थानों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

# जर्जर सड़क के शीघ्र निर्माण को कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**कुशीनगर।** जिले के सिधुवाँ बाजार तथा कठकुइयाँ मोड़ की अत्यंत जर्जर सड़क के तत्काल जीर्णोद्धार एवं नवनिर्माण की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष एवं पडरौना विधान सभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी मोहम्मद जहीरुद्दीन ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सिधुवाँ बाजार और कठकुइयाँ मोड़ को जोड़ने वाला यह मुख्य मार्ग लंबे समय से उपेक्षा का शिकार होकर बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुका है। इससे राहगीरों, विद्यार्थियों, गंभीर मरीजों एवं स्थानीय व्यापारियों का आवागमन अत्यंत जोखिमभरा हो गया है। आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में निर्दोष लोग घायल हो रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से जनहित को सर्वोपरि रखते हुए इस सड़क का अविलंब गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने का आग्रह किया। पार्टी के मीडिया प्रभारी देशदीपक मिश्रा ने जनपद की प्रशासनिक कार्यशैली पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि पूरे जिले में मानकविहीन निर्माण के कारण सड़कें समय से पूर्व ही ध्वस्त हो रही हैं। गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं ठेकेदारों पर कठोर कार्रवाई न होने के कारण आम जनता को इस नारकीय स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी जारी करते हुए स्पष्ट किया कि यदि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए सड़क निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ नहीं कराया गया, तो पार्टी बाध्य होकर चरणबद्ध एवं व्यापक जनआंदोलन का मार्ग अपनाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन एवं शासन की होगी। इस दौरान पडरौना ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल हमीद अंसारी, अब्दुर रहीम, आर्यन बाबू, मनोज कुशवाहा, राजू कुशवाहा, राजू भारतीय, विनोद भारती, वसीउल्लाह, परवेज आलम, सुरेंद्र सिंह, सुरेंद्र यादव, मोहन कुमार भारती, हसनैन अली, तबारक हुसैन, मुतुर्जा अली, हिरंजा सिद्दीकी, अफ्तर अली, सतनारायण गुप्ता तथा साकिर अली सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसपी ने पुलिस लाइन में सुनीं समस्याएं

**देवरिया।** एसपी अभिजीत आर. शंकर द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार में जनपद के पुलिस पेंशनर्स के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी का उद्देश्य सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों की समस्याओं एवं सुझावों को सुनकर उनका समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना रहा। गोष्ठी के दौरान एसपी ने उपस्थित पुलिस पेंशनर्स से आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए उनकी पेंशन, चिकित्सा सुविधा, अभिलेखों, पारिवारिक लाभ, कल्याणकारी योजनाओं सहित अन्य व्यक्तिगत एवं प्रशासनिक समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित शाखाओं के अधिकारियों को प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों का विभाग के प्रति योगदान सदैव सम्माननीय है तथा उनकी समस्याओं का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ समाधान करना पुलिस विभाग की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेंशनर्स से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब न किया जाए तथा नियमित रूप से ऐसे संवाद कार्यक्रम आयोजित कर उनकी समस्याओं का निराकरण कराया जाए। गोष्ठी के अंत में उपस्थित पेंशनर्स ने पुलिस अधीक्षक द्वारा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनने एवं त्वरित समाधान हेतु दिए गए निदेर्शों के लिए आभार व्यक्त किया।




# हर घर तिरंगा अभियान की जिला कार्यशाला संपन्न

**देवरिया।** भाजपा ने आगामी हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से बुधवार को नगरपालिका सभागार में जिला कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष कामेश्वर सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष काली प्रसाद ने की, जबकि संचालन अभियान के जिला संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने किया। मुख्य अतिथि कामेश्वर सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और आजादी के अमृतकाल में देश के प्रति जन-जन की सहभागिता का अभियान है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के प्रत्येक घर तक तिरंगा पहुंचाने और लोगों को राष्ट्रध्वज के सम्मान के प्रति जागरूक करने का कार्य करें।



उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत 6 एवं 7 अगस्त को जिले के सभी मंडलों में कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इसके बाद 10, 11 और 12 अगस्त को जिले के विभिन्न स्थानों पर भव्य तिरंगा यात्राएं निकाली जाएंगी, जबकि 13 अगस्त को जिला स्तर पर विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस के अवसर पर जिला पंचायत परिसर से शहीद रामचंद्र विद्यार्थी स्मारक तक मौन जुलूस निकाला जाएगा तथा जिला पंचायत सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें रिटायर्ड सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से इन कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष काली प्रसाद ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देश के प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रध्वज से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ अभियान को जन-जन तक पहुंचाएंगे तथा प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराने के लिए लोगों को प्रेरित करेंगे। कार्यशाला में अभियान की रूपरेखा, मंडलवार जिम्मेदारियों तथा विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई। पदाधिकारियों को अभियान के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीशचंद्र तिवारी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे, मारकंडे शाही, अंतयार्मी सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह, नीरज शाही, कृष्णनाथ राय, रामाशीष प्रसाद, डा. विनय राव, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, प्रदीप मधेशिया, डा. हेमंत मिश्रा, अरविंद पांडे 'बबुना', आनंद शाही, सुधीर श्रीवास्तव, प्रभाकर तिवारी, अजय शाही, रविंद्र कौशल आदि उपस्थित रहे।

# सियासत शर्मनाक

संसद भवन परिसर में जिस तरह का नाटक विपक्षी सांसदों ने किया उसमें जनहितों के प्रति उदासीनता तो झलकती ही है, लेकिन साथ ही यह भी स्पष्ट होता है कि सियासी लाभ के लिए कैसे नेता धर्म का अपमान और जनहित को बाधित करने तक के लिए तैयार रहते हैं। संसद देश के गणतंत्र का सर्वोच्च, पवित्र, गरिमामय और मर्यादित मंच है। बेशक हमारे माननीय सांसदों ने ही इसकी गरिमा, छवि धूमिल की है। बेशक संसद परिसर में सांसद और राजनीतिक समूह विरोध-प्रदर्शन कर सकते हैं, धरने भी दिए जाते रहे हैं, लेकिन ऐसे ढोंग, नौटंकी पर उन्हें ही विचार करना चाहिए कि ये देशहित, जनहित और असंख्य आस्थाओं के पक्ष में है अथवा नहीं। बिहार से निर्दलीय सांसद (कांग्रेस समर्थक) पप्पू यादव ने संसद परिसर में जो कुछ भी किया, निश्चित रूप से वह सनातन-विरोधी था। प्रभु श्रीराम का अपमान भी था। मिथ्या, खोखले आरोपों का नाटकीय मंचन भी था। पप्पू यादव संसद भवन को 'राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय' का प्रतीक भी नहीं दे सकते। साधु-संतों ने अयोध्या के राम मंदिर में चंदा-चढ़ावे की चोरी-डकैती की, ऐसा कोई साक्ष्य, आरोप या जांच-दल का निष्कर्ष नहीं है। इस मुद्दे पर संसद के भीतर विचारोत्तेजक बहस की जानी चाहिए और सरकार-को जवाब देने को बाध्य किया जाना चाहिए। पप्पू यादव का साधु-वेश धारण करना और चंदा-चोरी का प्रतीकात्मक अभिनय करना कमोवेश संसद भवन में नहीं किया जाना चाहिए था। पूर्णिया के लाखों लोगों ने उन्हें इसलिए निर्वाचित नहीं किया है।



**राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले में पूरा विपक्ष अमर्यादित राजनीति कर रहा है।**

संविधान लागू हुए 76 वर्ष बीत चुके हैं और 18वीं लोकसभा अभी अस्तित्व में है, लेकिन ऐसी अपमानजनक राजनीति का नाटक हमने पहले नहीं सुना। बीते तीन दशकों से देखा भी नहीं है। सचमुच प्रभु श्रीराम के मंदिर में यह चोरी अत्यंत घटिया किस्म का भ्रष्टाचार है। लेकिन इस संदर्भ में जो कार्रवाई की जानी चाहिए थी, वह की गई है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय बंसल का इस्तीफा मंजूर हो चुका है। राम मंदिर का प्रशासनिक ढांचा पूरी तरह से बदला जा रहा है। जो चेहरे सवालों के घेरे में हैं, उनसे पुलिस और जांच-दल ने पूछताछ की है। लेकिन पप्पू यादव ने ऐसे कुछ जिम्मेदार लोगों को चोर कहा है, जो कानूनन उचित नहीं है। जांच अभी जारी है। सर्वोच्च अदालत तक मामला पहुंच चुका है और अदालत ने एसआईटी रिपोर्ट का ब्यौरा मांगा है। कई आरोपी अब भी जेल में हैं और पुलिस उनसे सिलसिलेवार पूछताछ कर रही है। राम मंदिर के भीतर का यह अपराध एक आस्थावान वर्ग के लिए 'आध्यात्मिक आघात' से कम नहीं है। यदि यह अपराध न होता, तो यह मुद्दा ही न बनता, सनातन अपमानित न होता और पप्पू यादव जैसे सांसद संसद भवन में नाटक न करते, लेकिन अब यह राजनीतिक, चुनावी मुद्दा बना दिया गया है। पप्पू यादव के ड्रामे में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, अयोध्या-फैजाबाद के सपा सांसद अवधेश प्रसाद, सपा सांसद और विपक्ष के कई चेहरे सम्मिलित थे। पप्पू नाटक कर रहे थे और चंदे के रुपये अपनी जेब में डाल रहे थे। चंदा चोरी का नाटकीय मंचन किया जा रहा था। उनके सहयोगी सांसदों ने 'प्रतीकात्मक' तौर पर उनकी पिटाई भी की। पप्पू चंदे की पेटी लेकर भागने लगे, तो उनसे वह पेटी छीनने का प्रयास भी किया गया। इस नाटक ने कुछ हिंदूवादी संगठनों, साधु-संतों और सांसदों को भी आक्रोशित किया। साधु-संतों ने अयोध्या, प्रयागराज, लखनऊ जैसे शहरों में जुलूस निकाले, पप्पू के स्वांग की भर्त्सना की और प्राथमिकियां दर्ज कराई गईं। दरअसल हमारी बुनियादी चिंता और सरोकार संसद के प्रति है। स्पीकर ने पप्पू यादव के स्वांग की निंदा की है। लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। यह दंडनीय नाटक था, लिहाजा स्पीकर को दंडनीय फैसला सुनाना चाहिए। राम मंदिर के चढ़ावे में जो हेराफेरी हुई है, उसकी जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। सुप्रीम कोर्ट की इस मामले पर पूरी पहरेदारी है। कुछ कार्रवाई हो चुकी है, जबकि सिस्टम को सुधारने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं। इसमें सरकार की आलोचना हो सकती है लेकिन जो लोग साधु-संतों, भगवा और सनातन का अपमान कर रहे हैं, वे दरअसल करोड़ों की हिन्दुओं की भावना को आहत कर रहे हैं, जो ठीक नहीं है।

## विचार

जो व्यक्ति निरुत्साहित, दीन और शोकाकुल रहता है, उसके सभी काम बिगड़ जाते हैं और वह बड़े संकट में पड़ जाता है।

– महर्षि बाल्मीकि.

श्रद्धा का अर्थ है आत्मविश्वास और आत्मविश्वास का अर्थ है ईश्वर पर विश्वास।

– महात्मा गांधी.

कोई भी व्यक्ति जब तक किसी वस्तु के लिए श्रम नहीं करेगा, तब तक वह वस्तु उसे प्राप्त नहीं हो सकती।

– गारफील्ड.

जो संपूर्ण प्राणियों को शांत रखने का प्रयत्न करता है। सर्वदा सत्य व्यवहार करता है।कोमल व्यवहार होकर सबका सम्मान करता है, सर्वदा शुद्ध भावसे रहताहै, वह कुल में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।

– महात्मा विदुर.

जो व्यक्ति को कुचले, वह अत्याचारी है। चाहे उसका नाम कुछ भी क्यों न रख दिया जाये।

– गिल.

# बहुत घातक है द्विअर्थी शब्दों की राजनीति



लोकमित्र

गुजरे 3 अगस्त 2026 को तमिलनाडु के तंजावुर में डीएमके नेता और विधानसभा में लीडर ऑफ अपोजिशन उदयनिधि स्टालिन, कावेरी जल विवाद को लेकर एक सार्वजनिक रैली को संबोधित कर रहे थे। लेकिन जैसे ही उन्होंने भाषण के दौरान मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय पर निशाना साधा और कावेरी के पानी के मुद्दे पर उनकी निष्क्रियता को लेकर आलोचना की, उसी दौरान रैली में मौजूद कुछ लोग अभिनेत्री तृषा कृष्णन के नाम के नारे लगाने शुरू कर दिये, जो कि मुख्यमंत्री थलापति विजय (सी.जोसेफ) की करीबी मानी जाती हैं। भीड़ से तृषा का नाम सुनकर उदयनिधि स्टालिन कुछ क्षणों के लिए रुके और फिर व्यंग्यभरी मुस्कुराहट के साथ कहा, 'पानी यहां पहुंचे या न पहुंचे, लेकिन वहां पहुंचना चाहिए'। जब इस पर भीड़ ने जोर से हंसना और उन्हें हूट करना शुरू कर दिया, तो उन्होंने तुरंत बात को संभालते हुए कहा, 'नहीं, मैं केवल कावेरी नदी की बात कर रहा था'।

लेकिन कुछ ही घंटों में जब उदयनिधि स्टालिन की यह अश्लील टिप्पणी सोशल मीडिया में ट्रेंड करने लगी, तो दक्षिण भारत की कई प्रसिद्ध महिलाओं जिनमें अभिनेत्री खुश्बू सुंदर और गायिका चिन्मई श्रीपदा शामिल थीं, इस अश्लील टिप्पणी की जबर्दस्त भत्र्सना की और उसे अपमानजनक बताया। साथ ही टीवीके ने इस मामले में पुलिस और राष्ट्रीय महिला आयोग से शिकायत दर्ज करायी। टीवीके की तंजावुर केंद्रीय जिला महिला विंग की संयोजक एस. बैरवी ने तंजावुर (पूर्व) पुलिस थाने में उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी। साथ ही वो इस मामले को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग भी गईं और सख्त कार्यवाई की मांग की। इस पर आनन-फानन में कार्यवाई करते हुए तमिलनाडु पुलिस उदयनिधि स्टालिन को उठा ले गई और उन पर नौ धाराएं लगायी। शायद यह पहला ऐसा मामला है, जब किसी महिला पर अश्लील टिप्पणी को लेकर आनन-फानन में पुलिस द्वारा इतने सख्त कार्यवाई की गई, जिसके पीछे देश की कई महत्वपूर्ण महिलाओं का एकजुट होकर डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन की गई आलोचना थी। वास्तव

**महिलाओं के सम्मान की रक्षा के लिए की गई यह सख्त कानूनी कार्रवाई न केवल सिद्धांततः उचित है बल्कि यह आगे उन राजनेताओं के लिए एक बड़ा सबक साबित होगी, जो मंच पर चढ़ते ही महिलाओं को लेकर मनोरंजन के मूड में आ जाते हैं।**



में गायिका और अभिनेत्री चिन्मई श्रीपदा तथा अभिनेत्री खुश्बू सुंदर ने जिस तरह स्टालिन की इस टिप्पणी के आते ही सोशल मीडिया में उन्हें लताड़ लगायी, उसके कारण देखते ही देखते दक्षिण से लेकर उत्तर भारत तक की कई अभिनेत्रियां और दूसरी महत्वपूर्ण महिलाओं ने, जिनमें सांसद कंगना रनौत भी शामिल थीं, स्टालिन के इस कृत्य के विरूद्ध एकजुट हो गईं। इस कारण न सिर्फ तमिलनाडु पुलिस ने आनन-फानन में उदयनिधि स्टालिन को गिरफ्तार किया बल्कि उनके खिलाफ नौ धाराओं में मुकदमा दर्ज किया, जिसमें भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 196 यानी विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य फैलाना, बीएनएस की धारा 192 यानी दंगा भड़काने के लिए उकसाना, बीएनएस की धारा 352 यानी शांति भंग कराने की मंशा से जानबूझकर अपमान करना, बीएनएस की धारा 79 यानी किसी महिला की लज्जा/मयार्दा का अपमान करना, बीएनएस की धारा 296 (बी) यानी सार्वजनिक स्थान पर अश्लील शब्दों का प्रयोग करना, बीएनएस की धारा 61 यानी आपराधिक साजिश करना, बीएनएस की धारा 351(2) यानी आपराधिक धमकी, तमिलनाडु प्रोहिबिशन ऑफ हैरेसमेंट ऑफ वुमन (अमेंडमेंट) एक्ट, 2002 की धारा 4 यानी उत्पीड़न से संबंधित प्रावधान और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 67 यानी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से कथित आपत्तिजनक/अश्लील सामग्री का प्रकाशन या प्रसारण।

## उदयनिधि की गिरफ्तारी

तमिलनाडु की पुलिस ने विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता उदयनिधि स्टालिन को न सिर्फ इन धाराओं के साथ आनन-फानन में गिरफ्तार किया बल्कि उनसे 8 घंटे तक पूछताछ की, इसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया। छूटने के बाद स्टालिन ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उनके साथ आतंकवादी जैसा सुलूक किया गया। जबकि उनके पिता और पूर्व मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि मुख्यमंत्री विजय, मुख्यमंत्री की तरह बल्कि रील बनाने वाले की तरह व्यवहार कर रहे हैं। एमके स्टालिन ने यह भी आरोप लगाया कि विपक्ष को दबाने के लिए पुलिस तथा कानून का इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन डीएमके इससे डरने वाली नहीं है। कुल मिलाकर एमके स्टालिन ने अपने बेटे की गिरफ्तारी को कानूनी कार्यवाई नहीं बल्कि राजनीतिक बदले की कार्यवाई माना है। लेकिन सवाल है इस पूरे विवाद को क्या महज बदले की सियासी कार्यवाई के रूप में देखा जाए या फिर माना जाए कि तमिलनाडु की मौजूदा सरकार किसी महिला के विरूद्ध अश्लील हरकत को लेकर एक उचित और संवेदनशील रवैय्या दिखाया है?

निश्चित रूप से चाहे दक्षिण भारतीय सिनेमा की अभिनेत्रियां हों या बॉलीवुड, सबने एक सुर से इस अश्लील टिप्पणी के विरूद्ध तमिलनाडु पुलिस द्वारा पूर्व उपमुख्यमंत्री को 8 घंटे तक हिरासत में रखे जाने को संकेत के रूप में एक सही कार्यवाई माना है ताकि राजनेता महिलाओं के प्रति कुछ भी बोलने से पहले सोचें। किसी भी लोकतांत्रिक समाज में यह स्वीकार नहीं किया जा सकता कि किसी महिला के बारे में सार्वजनिक मंच से किसी भी तरह की टिप्पणी कर दी जाए। खास करके एक लोकप्रिय अभिनेत्री को लेकर की गई इस तरह अशोभनीय और यौन संकेतों वाली अपमानजनक टिप्पणी तो कानून ही नहीं, लोकतंत्र की भी धज्जियां उड़ाने वाली है। यदि कानून को प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हुआ कि कोई अपराध बनता है, तो इस बारे में न तो एफआईआर और न ही कई घंटों तक की गिरफ्तारी अनुचित है। भले ही पूर्व मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री अब इसे लेकर अपने विरूद्ध किया गया पुलिसिया शोषण बता रहे हों। भारतीय संविधान में महिलाओं को समान गरिमा के साथ जीने का अधिकार है। इसलिए भारतीय न्याय संहिता महिलाओं की मयार्दा का अपमान करने, अश्लील टिप्पणी करने और उत्पीड़न से संबंधित अनेक प्रावधान बनाये हैं। यदि कोई आम व्यक्ति ऐसी टिप्पणी करता और पुलिस उसके खिलाफ कार्यवाई करती, तो कोई भी व्यक्ति कुछ भी नहीं बोलता बल्कि लोग इसे पुलिस का सही कदम मानते।

अब चूंकि यह अभद्र टिप्पणी पूर्व उपमुख्यमंत्री द्वारा की गई है, जिसकी पार्टी का तमिलनाडु की राजनीति में हारने के बाद भी व्यापक प्रभाव है, इसलिए लोग इस मसले पर दो धड़ों में बंट गये हैं। किसी को लगता है अभिनेत्री तृषा कृष्णन पर की गई इस टिप्पणी के विरूद्ध पुलिस ने आनन-फानन में उदयनिधि स्टालिन के विरूद्ध इसलिए कड़ी कार्यवाई की, क्योंकि तृषा मुख्यमंत्री सी.जोसेफ विजय की नजदीकी और कुछ के मुताबिक कथित प्रेमिका हैं। इन लोगों का मानना है कि अगर ऐसा नहीं होता तो कतई स्टालिन जैसे रसूख वाले परिवार को पुलिस कभी हाथ नहीं लगाती। क्योंकि भारतीय राजनीति में नेताओं द्वारा महिला नेत्रियों, अभिनेत्रियों और यहां तक कि महिला पत्रकारों तक को लेकर अतीत में कई अभद्र टिप्पणियां होती रही हैं। कुल मिलाकर महिलाओं को सम्मान की रक्षा के लिए की गई यह सख्त कानूनी कार्यवाई न केवल सिद्धांततः उचित है बल्कि यह आगे उन राजनेताओं के लिए सबक साबित होगी, जो मंच पर चढ़ते ही महिलाओं को लेकर मनोरंजन के मूड में आ जाते हैं।

## सोशल मीडिया

सपा ने सद्गुरु रविदास जी महाराज के नाम पर बने हुए जनपद का नाम भी हटाने का पाप किया था, अब भदोही को फिर से संत रविदास नगर के नाम पर ही जाना जायेगा। सीएम योगी.



हमारे छात्रों को हर हाल में इंसाफ मिलना चाहिए, उसके साथ हुई बर्बरता की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरनी में एक स्वतंत्र व उच्च स्तरीय समिति द्वारा की जानी चाहिए। राहुल गांधी.



युवाओं के आंदोलन का एक सबक बड़े मीडिया वालों के लिए भी है। मेन स्ट्रीम मीडिया को मेन स्ट्रीट मीडिया बनना होगा, इस आंदोलन ने बड़े-बड़ों की पोजिशन रोटेट कर दी है। अखिलेश यादव.



# धारा के विपरीत मत चलो

## अंतर्दृष्टि

प्रसन्नता हर दृष्टि से मनुष्य के लिए अच्छा है। जब तुम प्रेम में होते हो और खुश होते हो तो भूल जाते हो। लेकिन, जब संघर्ष, नफरत और गुस्सा होता है तो तुम उसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने लगते हो। ऊपर से वे अक्षम लोग, वे नैतिकतावादी, वे पुरोहित, वे राजनेता, वे मिल कर चिल्लाते हैं एक स्वर से कि देखो, हमने तुमसे पहले ही कहा था, और तुमने हमारी नहीं सुनी। प्रेम को त्यागो। प्रेम दुख बनाता है। इसे त्यागो, उसे त्यागो, जीवन को त्यागो। इन बातों को अगर बार-बार दोहराया जाता रहता है तो उनका असर होने लगता है। लोग उनके सम्मोहन में फँस जाते हैं। तुम कहते हो कि तुम उपवास करते रहे हो, तुमने ब्रह्मचर्य व्रत का पालन किया है। उपवास का भला बुद्धत्व से क्या ताल्लुक हो सकता है? ब्रह्मचर्य का बुद्धत्व से कोई संबंध नहीं हो सकता? बेतुकी बात है। जो भी तुम करते हो जैसे कि तुम कहते हो कि मैं बुद्धत्व प्राप्त करने के लिए रात-रात भर जागता रहता हूँ। दिन में बुद्धत्व प्राप्त करने की कोशिश क्यों नहीं करते? रात भर जागने की क्या जरूरत है? ये कुदरत के विरोध में तुम कयों खड़े हुए हो? बुद्धत्व प्रकृति के खिलाफ नहीं होता। वह प्रकृति की परितृप्ति है। वह तो प्रकृति की चरम अभिव्यक्ति है। वह तो जितना संभव हो सकता है, उतनी प्रकृति है। प्रकृति के खिलाफ होने पर नहीं, बल्कि साथ होने पर ही तुम बुद्धत्व तक पहुँचते हो। वह बहाव के खिलाफ तैरने से नहीं, बल्कि उसके साथ बहने से मिलता है। नदी की यात्रा तो पहले से ही समुद्र की तरफ है। तुम्हें उसके खिलाफ तैरना शुरू करने की कोई जरूरत नहीं, जबकि तुम करते यही रहे हो। अब तुम पूछोगे कि तो मुझे क्या करना चाहिए? मैं कहूँगा कि दुख के प्रति अपनी आसक्ति त्याग दो। तुम बुद्धत्व की खोज नहीं कर रहे हो, बल्कि तुम तो दुख की खोज में लगे हुए हो। बुद्धत्व तो सिर्फ एक बहाना है। जीवन से प्रेम करो, और अधिक खुश रहो। जब तुम एकदम प्रसन्न होते हो, संभावना तभी होती है, वरना नहीं। कारण यह है कि दुख तुम्हें बंद कर देता है, सुख तुम्हें खोलता है। क्या तुमने यही बात अपने जीवन में नहीं देखी? जब भी तुम दुखी होते हो, बंद हो जाते हो, एक कठोर आवरण तुम्हें घेर लेता है। तुम खुद की सुरक्षा करने लगते हो, तुम एक कवच-सा ओढ़ लेते हो। वजह यह है कि तुम जानते हो कि तुम्हें पहले से काफी तकलीफ है और अब तुम और चोट बर्दाश्त नहीं कर सकते। दुखी लोग हमेशा कठोर हो जाते हैं। उनकी नरमी खत्म हो जाती है, वे चट्टानों जैसे हो जाते हैं। एक प्रसन्न व्यक्ति तो एक फूल की तरह है। उसे ऐसा वरदान मिला हुआ है कि वह सारी दुनिया को आशीर्वाद दे सकता है।

# पापी पेट का सवाल है...

## व्यंग्यलोक

चुनाव की बेला है। वायदों की भरमार है। न्यूज मंडिया भी सज-धज कर तैयार हो गयी हैं। चैनल आपस में टकरा रहे हैं। घूरे में घूमते गधों के सिर चकरा रहे हैं। अपनी ही पार्टी के, अपने ही लोग, अपने ही मुख्यमंत्री की कुर्सी पर धक्कम-प्लेट लगा रहे हैं। चैनल फिलहाल बाढ़ की रोटी तोड़ रहे हैं। चैनल रानी, कहे बाढ़ की कहानी! टीवी माता पर बैठे सर्व एंकर ज्ञानी। कशिश ड्रेस में बैठी है एंकरानी! बाढ़ ज्ञान की उल्टी करते दिखाई पड़ रहे हैं। लेकिन इन सबसे चैनलों की पेट भराई नहीं हो रही है। ऐसे में न्यूज चैनलों के आगे रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। हर एक न्यूज चैनल पर खूंखार ज्ञान बाज एंकर मौजूद हैं। ज्ञानबाज एंकर माइक के गले को कस के खड़े हैं। विचार चाहे कितने ही सड़े हैं, परन्तु ज्ञान देने के लिए अड़े हैं। चैनलों पर आजकल न्यूजों को घोट डालने का काम चल रहा है। एक समय था, जब न्यूज चैनलों पर जगपुर के जिन्न और चंचलपुर की चुड़ैलें भारी पड़ती थी। प्राइम टाइम में ये अपना जलवा बिखेरती थीं। अब नगीनानगर की नागिनों का अलग ही जलवा कायम है। प्रीतपुर के प्रेत प्राइम टाइम में डिबेट करते नजर आ रहे हैं। तीसरे जिन्न की चौथी चुड़ैल ने पांचवें प्रेत की सातवीं नागिन को आपस में मिला दिया है।



रामविलास जॉगिड़

चैनलों को अब भूत, प्रेत, नागिन, चुड़ैल, डाकिन, शाकिन, जिन्न के भरोसे ही अपनी गाड़ी आगे बढ़ानी पड़ रही है। इनकी राजनीति ही सब पर भारी है। टीवी पर फिर कोई एंकरनी आएगी। वह कुर्सी से बीन बजवाएगी। वोटर को नचवाएगी। वैसे जहां-तहां, यत्र-तत्र कुर्सियां पसरी पड़ी हैं। वोटरों को नचाती कुर्सियों का जलवा बरकरार है। देवी एंकरनी चीख रही है। खुद कुर्सी की ड्रेस में दीख रही है। प्राइम टाइम पर हमारे टीवी पर एकमात्र कुर्सी देखिए! कुर्सी जो है, इच्छाधारी, जो है हर इच्छा पर भारी। रूप बदलने में कभी नर तो कभी नारी। कभी मंत्री बन जाती है तो कभी संतरी। कभी इस पार्टी में जाती है, तो कभी उस पार्टी में जाकर सरकार गिराती है। सरकार उठाने वाली और सरकार गिराने वाली कुर्सी। इधर एक खाओ-कमाओ चैनल में बूढ़ा मंत्री बरगद पेड़ के नीचे बैठा चिल्ला-चिल्ला कर चिल्ला रहा है। आज हमारे चैनल पर देखिए लाइव मंत्री! एकदम ताजा मंत्री! मंत्री जो लाइव चैटिंग करता है! मंत्री जो डेटिंग करता है! मंत्री जो सेटिंग करता है! हमारा वाला असली जोरदार मंत्री! पहली बार एक मंत्री व दूसरे मंत्री के बीच लाइव संवाद! शमशान वाला मंत्री व कब्रिस्तान वाला मंत्री। दोनों मंत्री एकसाथ। कौमी एकता की भरपूर मिसाल। इनकी गजब की केमिस्ट्री सिर्फ हमारे चैनल पर! न्यूजों का तो वैसे ही अकाल है। पापी पेट का सवाल है।

# कवि प्रदीप के देशभक्ति गीतों के अनसुने किस्से...



साहित्य

रामचंद्र नारायणजी द्विवेदी, जो कवि प्रदीप के नाम से अधिक विख्यात हुए, ने देश प्रेम व देशभक्ति से संबंधित सैंकड़ों प्रभावी गीत लिखे, जिनमें से सर्वश्रेष्ठ 5 का चयन करना कठिन है, लेकिन उनके कुछ गीत ऐसे हैं जो न सिर्फ.आज तक लोगों की जबान पर हैं बल्कि उनके साथ ऐसे दिलचस्प किस्से जुड़े हुए हैं कि काम आसान हो जाता है। प्रदीप ने परम वीर मेजर शैतान सिंह भाटी के बारे में सुना था। वह उनकी कुबार्नी व बहादुरी से इतने प्रभावित हुए कि 'ए मेरे वतन के लोगों' गीत की रचना कर बैठे, जो देश का सबसे महान देशभक्ति गीत बना, जिसे लिखने के लिए प्रदीप को भारत सरकार ने राष्ट्रीय कवि घोषित किया। प्रदीप चाहते थे कि इस गीत को लता मंगेशकर गायें, लेकिन उस समय संगीतकार सी रामचंद्र व लता के बीच बोलचाल बंद थी, इसलिए रामचंद्र आशा भोंसले से यह गीत गवाना चाहते थे। प्रदीप को लगता था कि लता के अतिरिक्त कोई अन्य गायिका इस गीत से न्याय नहीं कर सकती। वह लता के लिए जिद पर अड़ गये। आखिर थककर रामचंद्र ने प्रदीप से कहा कि वह लता को अगर उनके साथ काम करने के लिए मना लेंगे तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी। प्रदीप लता के पास गये और बोले कि रामचंद्र के नाम पर भड़कें नहीं, पहले गीत सुन लें। गीत सुनते ही लता की आंखों में आंसू आ गये, वह गीत गाने के लिए तैयार हो गईं, लेकिन इस शर्त पर कि रिहर्सल व रिकॉर्डिंग पर प्रदीप मौजूद रहेंगे। इस तरह यह कालजयी गीत बना जिसे 26 जनवरी 1963 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर नेहरूजी के समक्ष गाया गया और वह भी इसे सुनकर रो पड़े थे।

प्रदीप ने इस गीत की रॉयल्टी 'वॉर विडो फण्ड' को दान कर दी थी, लेकिन सारेगामा (एचएमवी) ने आनाकानी की तो 25 अगस्त 2005 के बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश से दस लाख रुपये का बकाया फण्ड में गया। प्रदीप ने 1987 में कहा था, 'आपको कोई देशभक्त नहीं बना सकता। यह जज्बा आपके खून में होता है, जो आपको देश की सेवा करने के लिए प्रेरित करता है और आपको अलग बनाता है।' स्वतंत्रता संग्राम के दौरान फिल्म 'किस्मत' ऐसे समय रिलीज हुई थी जब 'भारत छोड़ो आंदोलन' चल रहा था और देश के लगभग सभी राष्ट्रवादी नेता सलाखों के पीछे थे। कवि प्रदीप ने बहुत होशियारी के साथ इस फिल्म के लिए 'आज हिमालय की चोटी से फिर हमने ललकारा है' गीत लिखा। चूंकि इस गीत में 'जर्मन व जापानी' शब्दों का प्रयोग हुआ था (शुरू हुआ है जंग तुम्हारा जाग उठो हिन्दुस्तानी/तुम न किसी के आगे झुकना जर्मन हो या जापानी/आज सभी के लिए हमारा यही कौमी नारा है/दूर हटो ए दुनिया वालों हिंदुस्तान हमारा है) इसलिए ब्रिटिश शासक इससे धोखा खा गये, विशेषकर इस वजह से भी कि वह दूसरे विश्व युद्ध में जर्मनी व जापान के विरुद्ध लड़ रहे थे और सेंसर बोर्ड ने इस गीत को पास कर दिया। लेकिन गीत के पहले बंद (दूर हटो ए दुनिया वालों हिंदुस्तान हमारा है। जहां हमारा ताज महल है और कुतुबमीनार है/जहां हमारे मंदिर मस्जिद सिखों का गुरुद्वारा है/इस धरती पर कदम बढ़ाना अत्याचार तुम्हारा है/दूर हटो ए दुनिया वालों हिंदुस्तान हमारा है) से ही भारतीय दर्शक समझ गये थे कि यह अंग्रेजों के विरोध में व भारतीयों में देश प्रेम जागृत करने के लिए लिखा गया है। इसलिए वह सिनेमाघरों में इस गीत को बार-बार चलाने की मांग करते थे। देशभर के थिएटरों में 'वन्स मोर, वन्स मोर' के नारे गूंजते और जनता को संतुष्ट करने के लिए रील को रीवाउंड करके गीत को कई बार सुनाया जाता था। 'किस्मत' ने उस समय का बॉक्स ऑफिस इतिहास रच दिया कि एक सिनेमाघर में तो साढ़े तीन साल तक चली। बहरहाल, ब्रिटिश को जल्द ही अपनी चूक का एहसास हो गया कि गीत के असल अर्थ तो कुछ और हैं और प्रदीप के खिलाफ गिरफ्तारी के वारंट जारी कर दिए गये। गिरफ्तारी से बचने के लिए प्रदीप को भूमिगत होना पड़ा। इस गीत का उल्लेख करते हुए पंडित जवाहरलाल नेहरु ने अपने संस्मरणों में लिखा है, 'प्रदीप जी दूरदर्शी थे, उन्होंने चित्रपट की क्षमता को पहचान कर एक सशक्त माध्यम के रूप में उसका इस्तेमाल किया।' प्रदीप ने एक अवसर पर पंडित नेहरु से कहा था, 'देशभक्ति के गीत लिखना मेरा रोग है, मैं इस रोग से ग्रस्त हूं।' फिल्म 'जागृति' में कवि प्रदीप ने देशभक्ति पर तीन शानदार गीत लिखे, जिन्हें हम क्रमशः तीसरे, चौथे व पांचवें नंबर पर रखना चाहते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि प्रदीप महात्मा गांधी का बहुत सम्मान करते थे और प्रेम भी, इसलिए फिल्म 'जागृति' का गीत- दे दी हमें आजादी बिना खड्ग बिना ढाल- जो उन्होंने गांधीजी के सम्मान में लिखा, वह उनके दिल की आवाज ही है।

**कैलाश सिंह.**

# आपकी बात

## कृषि में निवेश बढ़ायें

कृषि को लेकर लफ्फाजी अधिक और काम बहुत कम किया गया जिसका परिणाम आज देश के करोड़ों किसानों को गरीबी, कम आय और कृषि के लिए पर्याप्त बुनियादी संरचना की अनुपलब्धता के रूप में भुगतना पड़ रहा है। जिन्होंने अस्सी-नब्बे के दशक में पढ़ाई की है उन्होंने यह जरूर पढ़ा होगा कि, भारत कृषि प्रधान देश है, देश की सत्तर-अस्सी प्रतिशत लोगों की जीविका खेती पर निर्भर करती है, खेती से सर्वाधिक रोजगार मिलता है और तुर्रा यह भी कि 'देश की आत्मा गांवों में बसती है।' कृषि, गांव और ग्रामीण जीवन के बारे में इतना अच्छा-अच्छा किताबों में बताकर एक गुलाबी वातावरण जरूर बनाने का प्रयास किया गया लेकिन खुरदुरा सचाई यह है कि खेती और ग्रामीण जीवन को संवारने के लिए, कृषि के साथ भावनात्मक संबंधों को आगे बढ़ाते हुए इसे एक लाभप्रद व्यवसाय में बदलने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। शायद इसके पीछे एक कारण यह भी रहा हो कि यह एक लंबी प्रक्रिया थी, इसमें भारी निवेश की जरूरत थी और एक लंबे समय तक इससे कोई सियासी लाभ भी मिलने मिलने वाला नहीं था। आज जब देश में ऐसा चुनावी वातावरण बन गया है कि 'कर्ज माफी, मुफ्त बिजली' जैसे चुनावी वायदे सियासी जमातों को कुछ ही सप्ताहों, महीनों में फर्श से अर्श पर पहुंचा देते हैं, तब भला ग्रामीण विकास के लिए एक लंबी, शतत् और निवेश साध्य प्रक्रिया में उलझकर कोई भी अपने आपको घनचक्कर क्यों बनाना चाहेगा। वह भी तब जबकि मतदाता इतना सूझ-बूझ वाला है कि वह लंबे निवेश और विकास की ठोस योजनाओं के बजाय मुफ्त के माल पर ज्यादा आकर्षित होता है। बहरहाल यह सब तो सियासी हथकंडा है। असलियत यह है कि हर चुनाव में कर्जमाफी का वायदा किया जाता है, इसके बावजूद देश का किसान गंभीर कर्ज संकट के दौर से गुजर रहा है। यह सही है कि भारत की प्रगति का रास्ता गांवों से गुजरता है और इसके लिए सरकार को बड़े निवेश और दीर्घकालिक योजनाओं के साथ शतत् प्रयास की जरूरत है। अगर सरकार इस दिशा में पहल करती है, तो निश्चय ही एक-दो दशक बाद ग्रामीण भारत के साथ ही संपूर्ण देश की तकदीर बदल सकती है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अनाज भंडारण की महत्वाकांक्षी योजना की जो घोषणा की है वह ऐसी ही एक योजना है जो भारत की तकदीर और तस्वीर दोनों बदल सकती है। देश में खाद्य सुरक्षा को लेकर भी बहुत लफ्फाजी की गयी है, गैर जिम्मेदाराना तरीके से कानून बनाये गये हैं, लेकिन यह सोचने का प्रयास नहीं किया गया कि खाद्य सुरक्षा कानून बनाने से कैसे मजबूत होगी। क्या लोग कानून खायेंगे? हालांकि अनाज भंडारण की महत्वाकांक्षी योजना की जो घोषणा बीते साल की गयी है। इससे जरूर खाद्य सुरक्षा मजबूत होगी, अनाजों की बर्बादी भी कम होगी, किसानों को उनके उपज का वाजिब मूल्य दिलाने में भी मदद मिलेगी, गांवों में रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिलेगा।

**ज्ञान प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

## असंगठित श्रमिकों की दशा

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## रबी फसलों के लिए बीजों की बुकिंग जारी

बांदा। जिला कृषि अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रबी सीजन के लिए फसलों की बुवाई को 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज प्राप्त किया जा सकता है। मिनीकिट के रूप में बीज प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन बुकिंग कृषि विभाग के पोर्टल के माध्यम से जारी है। किसान कृषि विभाग की वेबसाइट पर स्वयं बुकिंग कर सकते हैं। यदि बुकिंग में कोई परेशानी आती है तो अपने विकास खण्ड में स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार में जाकर इससे बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। राजकीय कृषि बीज भंडारों से अनुदान पर तथा मिनीकिट के रूप में बीज प्राप्त करने के लिए किसान तोरिया एवं सरसों के लिये 16 अगस्त, चना, मटर एवं मसूर, तिलहनी फसलों में राई, सरसों एवं अलसी के लिए 10 जुलाई से 10 सितंबर, गेंहू, जौ बीज के लिए 30 सितंबर तक बुकिंग कर सकते हैं।

## जिले में 2485 मी.टन उर्वरक उपलब्ध

बांदा। जनपद में खरीफ सीजन की बोआई लगभग पूर्ण हो गयी है। जिला कृषि अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि धान की रोपाई चल रही है। जिला प्रशासन के निदेशानुसार फसलों की बोआई एवं बाद में उर्वरकों के उपयोग को वर्तमान में जनपद में यूरियां 16035 मी०टन, डीएपी 3498 मी०टन, एनपीके 2815 मी०टन, एसएसपी 1107 मी०टन उपलब्ध है। इसका वितरण सहकारिता एवं निजी फुटकर विकेताओं के माध्यम से किसानों को कराया जा रहा है। मांग के अनुसार सभी समितियों एवं निजी फुटकर विक्रेताओं को लगातार उर्वरक की उपलब्धता कराई जा रही है। जनपद को लगभग 1006 मी०टन डीएपी एवं 1578.78 मी०टन यूरिया का अतिरिक्त आवंटन प्राप्त हुआ है। यदि किसी विकेता द्वारा 8 बजे के बाद बिक्री की गई तो उसके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

## युवक की तालाब में डूबने से मौत

बांदा/बबेरू। थाना मर्का के ग्राम पिंडारन निवासी ननकाई का 16 वर्षीय पुत्र अनमोल जो गांव के स्वर्गीय भोला प्रसाद इंटर कालेज में कक्षा-9 में पढ़ता था। मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे मवेशियों को लेकर जंगल गया था। शाम 4 बजे वापस आ रहा था जैसे ही गांव के पास भाऊ तालाब के पास पहुंचा कि कुछ भैंसे तालाब में पानी पीने को अंदर चली गई। कुछ देर तक जब नहीं निकली तो वह तालाब में कूद कर निकालने लगा। इसी बीच वह गहरे पानी में चला गया। जहां वह डूब गया। तालाब के पास कुछ बच्चे खेल रहे थे। उन्होंने देखा तो आस पास मौजूद गांव के लोगों को जानकारी दी। साथ ही अनमोल के घर जाकर जानकारी दी। परिजन पहुंचकर तालाब में कूदकर खोजना शुरू किया। करीब एक घंटे बाद उसे बाहर निकालकर सीएचसी लाए जहां डाक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक चार भाई व दो बहनों में सबसे छोटा था। थानाध्यक्ष सूबेदार सिंह बिंद ने बताया कियुवक की तालाब में डूबने मौत हुई है।

## विभागीय के कार्यों व योजनाओं में सुधार के निर्देश

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने विभिन्न विभागों की योजनाओं से संबंधित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को प्रत्येक कार्य को कार्य योजना बनाकर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने फैमिली आईडी की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। वही आइजीआरएस की रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित बैठक में समीक्षा के दौरान पाया कि फार्मर रजिस्ट्री में जनपद का 91 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। उन्होंने समस्त कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश संबंधी विभागीय अधिकारियों को दिए। वहीं फैमिली आईडी के कार्यों में ब्लॉक नूरपुर, अफजलगढ़ व जलीलपुर की प्रगति अपेक्षा अनुरूप कम रही, जिस पर उन्होंने असंतोष व्यक्त किया। पाया गया कि ब्लॉक अफजलगढ़ व जलीलपुर की प्रगति प्रत्येक कार्यों में असंतोषजनक है जिस पर उन्होंने सुधार करने के निर्देश संबंधित खंड विकास अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत लगाए गए पौधों की जियो ट्रैगिंग की समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत जिओ ट्रैगिंग करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। समीक्षा के दौरान पाया कि उच्च शिक्षा की पांच प्रतिशत, नगर विकास की 16 प्रतिशत व प्राविधिक शिक्षा की 18 प्रतिशत जिओ ट्रैगिंग अभी तक हो पाई है, जिस पर उन्होंने सुधार करने के निर्देश दिए।

# सावन के झूलों ने मुझको बुलाया...

## लोक परंपरा की जीवंत तस्वीर हैं सावन के झूले

एस पी मिश्रा

बहराइच। श्रावण मास का आगमन होते ही प्रकृति हरियाली की चादर ओढ़ लेती है। रिमझिम फुहारें, मिट्टी की सौंधी महक, कजरी की मधुर तान और पेड़ों की डालियों पर झूलते झूले सावन की पहचान बन जाते हैं। ग्रामीण अंचलों में आज भी यह परंपरा पूरे उत्साह के साथ जीवित है। आम, नीम, पीपल और बरगद के पेड़ों पर पड़े झूले बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों सभी को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। यही कारण है कि सावन के झूले केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि भारतीय लोक संस्कृति और सामाजिक जीवन की जीवंत तस्वीर माने जाते हैं। बारिश की हल्की फुहार थमते ही गांव के चौबारे, बाग-बगीचे और खेत-खलिहान के आसपास रौनक बढ़ जाती है। बच्चे झूले पर पहले बैठने की होड़ लगाते हैं, जबकि युवतियां और महिलाएं रंग-बिरंगे परिधानों में सजी-धजी समूह बनाकर कजरी और मल्हार गाते हुए ऊंची-ऊंची पींगें भरती हैं। झूले की हर उड़ान के साथ वातावरण में हंसी, उल्लास और अपनापन घुल जाता है। ऐसा लगता है मानो पूरा गांव सावन के स्वागत में झूम उठा हो। सावन के झूलों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे लोगों को एक-दूसरे के करीब लाते हैं। मायके आई बेटियों का सखियों से मिलना, रिश्तेदारों का आना-जाना और परिवारों का एक साथ समय बिताना इस मौसम की खास पहचान है। कई गांवों में आज भी महिलाएं समूह बनाकर पारंपरिक लोकगीत गाती हैं। इन गीतों में प्रेम, विरह, प्रकृति, परिवार और ग्रामीण जीवन की सहज भावनाएं सजीव हो उठती हैं। बुजुर्ग बताते हैं कि पहले लगभग हर बाग में कई-कई झूले पड़ते थे। दिनभर बच्चों की किलकारियां और महिलाओं के लोकगीत पूरे गांव में गूंजते रहते थे। समय के साथ आधुनिक जीवनशैली, मोबाइल और इंटरनेट ने लोगों की दिनचर्या बदल दी, लेकिन सावन के झूलों का आकर्षण आज भी कम नहीं हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह परंपरा अब भी नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और जड़ों से जोड़ने का माध्यम बनी हुई है। श्रावण मास भगवान शिव की आराधना का भी पवित्र समय माना जाता है। एक ओर शिवालयों में श्रद्धालु जलाभिषेक और पूजा-अर्चना में जुटे रहते हैं, तो दूसरी ओर गांवों में झूलों की पींगें सावन के उल्लास को और अधिक जीवंत बना देती हैं। आस्था और लोक परंपरा का यह सुंदर संगम भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत को दर्शाता है।



बदलते समय में इन लोक परंपराओं को सहेजना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है। पेड़ों पर बंधे ये झूले केवल रस्सियों का सहारा नहीं, बल्कि बचपन की सुनहरी यादें, रिश्तों की गर्माहट और गांव की आत्मा से जुड़ी अमूल्य धरोहर हैं। सावन की हर पींग मानो यही संदेश देती है कि प्रकृति और अपनी लोक संस्कृति से जुड़कर ही जीवन का वास्तविक आनंद प्राप्त किया जा सकता है।यह फीचर रविवार या त्योहार विशेषांक में प्रकाशित होने योग्य शैली में तैयार किया गया है।

# त्रिलोकी गौढ़ी गांव से नर तेंदुआ सुरक्षित रेस्क्यू

## दहशत से ग्रामीणों को मिली राहत



जिला संवाददाता

बहराइच। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग की सुजौली रेंज अंतर्गत त्रिलोकी गौढ़ी गांव में पिछले कई दिनों से मवेशियों और बकरियों का शिकार कर रहे एक नर तेंदुए को वन विभाग ने मंगलवार देर रात सफलता पूर्वक सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। तेंदुए के पकड़े जाने के बाद गांव और आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने राहत की सांस ली है। वन विभाग अधिकारियों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से तेंदुए की घनी आबादी वाले इलाके में लगातार आवाजाही की सूचना मिल रही थी। इस दौरान तेंदुए ने कई मवेशियों और बकरियों को अपना शिकार बनाया, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल था। मानव-वन्यजीव संघर्ष की आशंका को देखते हुए वन विभाग की टीम ने गांव के समीप रणनीतिक स्थान पर पिंजरा लगाया था। मंगलवार देर रात तेंदुआ बिना किसी अप्रिय घटना के सुरक्षित रूप से पिंजरे में कैद हो गया।

रेस्क्यू के बाद पशु चिकित्सकों की टीम ने तेंदुए का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच में वह पूरी तरह स्वस्थ और सक्रिय पाया गया। वन विभाग के अनुसार पकड़ा गया तेंदुआ नर है और उसकी उम्र लगभग तीन से चार वर्ष आंकी गई है। चिकित्सकीय परीक्षण के बाद उसे परिवहन और प्राकृतिक आवास में छोड़े जाने के लिए पूरी तरह फिट घोषित किया गया है। वन विभाग ने बताया कि तेंदुए को उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ने के लिए आवश्यक अनुमतियां प्राप्त की जा रही हैं। पूरी प्रक्रिया राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुरूप पूरी की जाएगी, ताकि वन्यजीव की सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्र में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को भी रोका जा सके। वन विभाग ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि यदि किसी भी वन्यजीव की गतिविधि दिखाई दे तो उसे पकड़ने या भगाने का प्रयास न करें, बल्कि तत्काल निकटतम वन कार्यालय या वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दें। अधिकारियों का कहना है कि समय पर सूचना मिलने से वन्यजीव और आमजन, दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।

## हर घर तिरंगा अभियान चलेगा 10 से 15 तक




बांदा। भाजपा 10 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाएगी। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अध्यक्षता में एक कार्यशाला आयोजित की गई। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह ने कहा कि 10 से 15 अगस्त तक मंडल, विधानसभा ० जिला स्तर पर तिरंगा यात्रा निकाली जायेंगी। 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जायेगा। इसमें हर घर में ध्वज लगाया जायेगा। 13 अगस्त को जिला मुख्यालय पर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। अभियान का उद्देश्य लोगों में देश भक्ति की भावना को मजबूत करना, राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना एवं युवाओं को देश के प्रति उनके संवैधानिक कर्तव्यों से जोड़ना है। यह कार्यक्रम पार्टी की विचारधारा, सेवा सुशासन एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को जन जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। 13 व 14 अगस्त को शहीद स्मारकों पर स्वच्छता अभियान चलाना है। 14 अगस्त को भारत विभाजन विभीषिका दिवस पर गोष्ठी ०मौन जुलूस निकालना है। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, अशोक त्रिपाठी जीतू, पूर्व विधायक राजकरन कबीर, उत्तम सक्सेना, राकेश गुप्ता लल्ला, अमित सेठ भोलू, अजय पटेल, चंद्रप्रकाश खरे, दिनेश तिवारी, संगीता वेद निराला, वंदना गुप्ता, ममता मिश्रा, रामभवन उपाध्याय, सुधीर कुशवाहा, निखिल सक्सेना, ममता मिश्रा, रमन सिंह आदि मौजूद रहे।

## मिशन-2027 के लिए बसपा की बैठक, बनी रणनीति



बांदा। बहुजन समाज पार्टी ने मिशन-2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को तेज करते हुए शहर के अतर्रा रोड स्थित एक गार्डन में चित्रकूटधाम मंडल की मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, जनसंपर्क बढ़ाने और आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर मंथन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल प्रभारी लालाराम अहिरवार ने की। मंडल प्रभारी विक्रम सिंह जाटव और विशिष्ट अतिथि कोऑर्डिनेटर बलदेव प्रसाद वर्मा रहे। पूर्व मुख्य मंत्री मायावती के दिशा-निदेशों से पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। लालाराम अहिरवार ने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करते हुए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना होगा। कोऑर्डिनेटर बलदेव प्रसाद वर्मा ने कहा कि यदि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर गांव-गांव और घर-घर तक पार्टी का संदेश पहुंचाए। बैठक में रामशरण अनुरागी, मान सिंह कुशवाहा, अवधेश दिनकर, शिवकरन दिनकर, रामफूल निषाद, मौदहा के चेयरमैन रजा मोहम्मद, राजेंद्र वर्मा, अरविंद वर्मा, बांदा जिलाध्यक्ष रामसेवक प्रजापति, चित्रकूट के शिवबाबू, महोबा के गंगादीन अहिरवार, हमीरपुर के छोटेलाल वर्मा, लल्लू निषाद, मलखे श्रीवास, शिवबरन वर्मा सहित भाईचारा कमेटी, वीवीएफ और बामसेफ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विकास भवन सभागार में संपन्न हुई कार्यशाला

बहराइच। लेखांकन प्रक्रिया से सम्बंधित विभिन्न मुददों पर विचार विमर्श तथा जी.पी.एफ. अभिदाताओं को उचित मार्गदर्शन एवं त्वरित समाधान उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से विगत दिवस विकास भवन सभागार में महालेखाकार कार्यालय के वरिष्ठ उपमहालेखाकार/राजकोष राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं आहरण वितरण अधिकारियों एवं उनके प्रतिनिधियों को आदालत में सामान्य भविष्य निधि डेबिट वाउचरों/क्रेडिट शिड्यूल, ए.सी./डी.सी. बिल्स, ऋण, अंतिम भुगतान प्रकरण/मिलान प्रकरणों संबंधी अद्यतन जानकारी, अनपोस्टेड आइटमों एवं अग्रिमों के लेखा के सम्बन्ध में चर्चा की गयी।

कार्यशाला के दौरान निरीक्षण दल द्वारा सुझाव दिया गया कि सामान्य भविष्य निधि पासबुक निर्धारित प्रोफोर्मा पर ही बनवाई जाय एवं प्रत्येक माह डेबिट एवं क्रेडिट की पोस्टिंग आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा की जाये। जी.पी.एफ. पासबुक में सभी कालम स्पष्ट रूप से भरें जाय। आहरण की धनराशि अंको एवं शब्दों में लिखकर आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा सत्यापित किया जाना चाहिए। कर्मचारियों के स्थानान्तरण पर उनके एल.पी.सी. पर सा.भ.नि.लेखा संख्या का उल्लेख आवश्यक रूप से किया जाना चाहिए।

निरीक्षण दल ने कहा कि प्रायः यह देखा जाता है कि सामान्य भविष्य निधि के शिड्यूल पर त्रुटिवश सही सीरीज व लेखा संख्या अंकित नहीं किया जाता है जिसकी वजह से सही लेखा में जी.पी.एफ. धनराशि का अंकन नहीं हो पाता है इसलिए सा.भ.नि. के शिड्यूल में कर्मचारी का नाम, सही सिरीज, सही जी.पी.एफ. खाता संख्या विभाग/कार्यालय का नाम अंकित किया जाना चाहिए। शिड्यूल में कर्मचारियों का नाम एवं सा.भ.नि. खाता संख्या ए.जी. इलाहबाद द्वारा अधिकृत कम्प्यूटर मास्टर के अनुसार ही लिखा जाना चाहिए।

# हर घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा पर कार्यशाला संपन्न

बहराइच। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए प्रदेश, जिला व मंडल स्तर पर विशेष कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है इसी निमित्त आज भारतीय जनता पार्टी बहराइच जिला कार्यालय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा व अन्य रणनीतियों पर चर्चा किया गया दिनांक 10 अगस्त से 12 अगस्त तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाना है यात्रा का आयोजन 1 से 2 किलोमीटर तक होगा जो शहीद स्मारक से शुरू होकर शहर एवं गांव के प्रमुख स्थलों से होकर गुजरना है यात्रा में हमारे सुरक्षा बलों एवं बलिदानियों के साथ-साथ रक्षा उपकरणों की प्रशंसा करते हुए प्ले कार्ड भी ले जाना है

दिनांक 6 अगस्त को सभी मंडलों में कार्यशाला किया जाना है

दिनांक 12 अगस्त से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों, स्वतंत्रता आंदोलनो से जुड़ी महत्वपूर्ण स्थानो के आस पास स्वच्छता अभियान चलाया जाना है दिनांक 13 अगस्त को जिला मुख्यालय पर भव्य तिरंगा यात्रा निकलना है दिनांक 13



अगस्त से 15 अगस्त तक सभी घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराना पार्टी कार्यकताओं द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा जहां संभव हो ध्वज रोहण बच्चों के हाथों से कराया जाएगा प्रत्येक मंडल में युद्ध वीरो, शहीदों देश की सेवा में प्राण न्योछावर करने वाले पुलिसकर्मियों के घरों का दौरा कर उनके परिजनों को सम्मानित किया जाएगा स्वच्छता अभियान के उपरांत सभी स्थलों पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी दिनांक 14 अगस्त को उपयुक्त बैनर व प्ले कार्ड के साथ विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर सभी जिलों में मौन जुलूस निकाला जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडेय जी ने बताया की देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर प्रारंभ हुआ हर घर तिरंगा अभियान आज एक राष्ट्रभक्त का जन आंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर चुका है इस अभियान ने प्रत्येक भारतीयों के मन में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान गौरव और आत्मीयता की भावना को और सशक्त किया है प्रत्येक वर्ष सभी देशवासी हर्ष और उल्लास के साथ राष्ट्रोत्सव के इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लेते हैं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ बीते 12 वर्ष में देश का अद्भुत मान बढ़ा, दुनिया में सम्मान मिला यह यात्रा निरंतर जारी है और विकसित भारत के सपने के साथ आगे बढ़ रही है सशक्त, समृद्धि, सुरक्षित तथा एक भारत श्रेष्ठ भारत अब सिर्फ सपना ही नहीं मोदी के जी के नेतृत्व में यथार्थ है कहा तिरंगा हमारे लिया आन बान और शान है हम सभी लोगों को घरों पर तिरंगा लगा कर सैल्फी लेना है।

## छोटे लोहिया को सपाइयों ने किया नमन




फतेहपुर। सपा के शीर्ष नेतृत्व के निदेशानुसार आज समाजवादी पार्टी कार्यालय में समाजवादी चिंतक, विचारक, प्रौढ़ा, पंडित जनेश्वर मिश्र छोटे लोहिया की जयंती मनाई गयी चित्र पर पुष्प अर्पित करने के पश्चात छोटे लोहिया के स्मरण में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष दलजीत निषाद ने की तथा संचालन जिला महासचिव चौधरी मंजर यार ने किया जिला महासचिव ने कहा ₹जनेश्वर मिश्र ने अपना पूरा जीवन समाजवाद, सामाजिक न्याय, गरीबों की आवाज उठाने और ईमानदार राजनीति को समर्पित किया, समाजवादी विचारधारा के मजबूत समर्थक रहे , डॉ.राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों को आगे बढ़ाया। गरीब, किसान, मजदूर और पिछड़े वर्गों की आवाज बन कर उनके अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष किया, पंडित जी समाजवादी पार्टी के संस्थापक रहे तथा केंद्र में कई विभागों के मंत्री का दायित्व भी निभाया, परंतु उनका जीवन सादगी की मिसाल रहा, कार्यक्रम में मुख्यरूप से नरेश उमराव, डा राम नरेश पटेल, मनोज यादव, एड सुघर लाल यादव, अनवर सिंह यादव, शैलेन्द्र मिश्र राजू, मुन्ना बाजपेयी, गागीर्दीन बाजपेई, एड संदीप श्रीमाली, आशीष नामदेव, हीरालाल साहू, नरेंद्र प्रजापति, आनंद गौतम, कलीम खान, अभिषेक पासवान, संदीप सिंह चौहान, अरविंद सिंह यादव, कामता प्रसाद, ओम प्रकाश वर्मा, राजेश बाल्मीकि आदि रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में दबोचे गये शातिर अपराधी

महोबा। थाना महोबकंठ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम लिलवां में चार घरों में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए पुलिस मुठभेड़ के दौरान चोरी में संलिप्त 3 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की नगदी, आभूषण, घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल, अवैध तमंचा, जिन्दा एवं खोखा कारतूस सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में चोरी की घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तार हेतु अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ अनुरुद्ध कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना महोबकंठ पुलिस, एसओजी एवं सर्विलांस टीम की 3 टीमें गठित की गईं थीं। टीमों द्वारा सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र के आधार पर लगातार अभियान चलाया गया। मुखबिर से संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम रिवई के पास पहुंची।



इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया। एक मोटर साइकिल पर सवार दो व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए, जबकि दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्तियों को रोकने पर उनमें से एक अभियुक्त ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में एक अभियुक्त के पैर में गोली लगी, जबकि उसके दो साथियों को भागने का प्रयास करते समय घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान भूरा उर्फ हरिकिशन राजपूत पुत्र परमेश्वरी दयाल उम्र लगभग 23 वर्ष निवासी ग्राम कुलहेन्ढ़ा थाना मझगवा जनपद हमीरपुर (घायल), अंशुल राजपूत पुत्र हरिमोहन राजपूत उम्र लगभग 23 वर्ष निवासी ग्राम कैंथा थाना राठ जिला हमीरपुर, प्रिन्स राजपूत पुत्र रवीन्द्र राजपूत उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी ग्राम टोला रावत थाना मझगंवा जिला हमीरपुर के रूप में हुई है। मुठभेड़ में घायल अभियुक्त भूरा उर्फ हरिकिशन राजपूत को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति चिकित्सकों द्वारा स्थिर बताई गई है। अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने ग्राम लिलवां में हुई चोरी की घटना कारित करना स्वीकार किया है। जांच में यह भी प्रकाश में आया कि अभियुक्त पूर्व में भी चोरी, लूट, गैंगस्टर एवं आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न आपराधिक घटनाओं में संलिप्त रहे हैं। अभियुक्त भूरा उर्फ हरिकिशन राजपूत के विरुद्ध 24 तथा अभियुक्त अंशुल राजपूत के विरुद्ध 5 आपराधिक मुकदमे पंजीकृत हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए बैठक सम्पन्न

बहराइच। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो)/नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, अरबिंद गौतम ने मंगलवार शाम सिविल कोर्ट, बहराइच के सभागार में न्यायिक अधिकारियों एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच विनोद कुमार यादव के साथ आयोजित बैठक में समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट्स को निर्देशित किया कि अधिकाधिक संख्या में वादों को चिन्हित कर उनका निस्तारण आगामी 12 सितम्बर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में करायें। बैठक में उपस्थित न्यायिक मजिस्ट्रेट्स से लोक अदालत को सफल बनाने में आ रही बाधाओं के बारे में पूछा गया तथा इस संबंध में उनके सुझाव भी लिये गये।

## सार्वजनिक मार्ग से हटे अतिक्रमण

फतेहपुर। सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम कांधी के ग्रामीणों ने बुधवार को जिलाधिकारी को संबोधित एक शिकायती पत्र सौंपकर गांव की सार्वजनिक भूमि पर किए गए कथित अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग की। ज्ञापन में ग्रामीणों ने आरोप लगाया और मांग की है कि गांव के ही निवासी एक व्यक्ति ने अपने मकान के सामने सार्वजनिक रास्ते और आबादी की भूमि पर दीवार व टीन शेड बनाकर अवैध अतिक्रमण कर लिया है। इससे ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो रहा है तथा आए दिन विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अतिक्रमण के कारण बच्चों के खेलने का स्थान भी प्रभावित हो गया है और रास्ता संकरा होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से राजस्व विभाग द्वारा पैमाइश कराकर अवैध निर्माण हटाने और सार्वजनिक रास्ते को पूर्ववत बहाल कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो वे उच्च अधिकारियों से भी शिकायत कर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। वहीं ज्ञापन देने वालों में रामनरेश, दीपक, आकाश, वीरेंद कुमार और रामबाबू, धर्मेंद्र, अंजू, माया सहित सहित अन्य ग्रामीण रहे।

# आम जन के स्वास्थ्य से समझौता नहीं: डीएम

## 125 होटल व ढाबों पर की छापेमारी, 81 खाद्य नमूने जांच को भेजे



जिला संवाददाता

बिजनौर। कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा कांवड़ मार्ग पर स्थित होटल, ढाबों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। यात्रियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के साथ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जा रहे हैं। सहायक आयुक्त (खाद्य) ने बताया कि सभी होटल एवं ढाबा संचालकों को प्रतिष्ठानों के बाहर रेट सूची अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने, भोजन, चाय, दूध एवं अन्य खाद्य पदार्थों की शुद्धता बनाए रखने तथा खाद्य सामग्री को ढककर रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा कुट्टू के आटे, खोया एवं अन्य दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता और ताजगी बनाए रखने के लिए विशेष निगरानी की जा रही है, ताकि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की खाद्य जनित अप्रिय घटना न हो। प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत अब तक खाद्य तेल, पनीर, दूध, मावा, ड्राई फ्रूट, आइसक्रीम, शरबत, मख्खन एवं आटा सहित 81 खाद्य नमूने एकत्र कर रासायनिक परीक्षण हेतु राजकीय प्रयोगशाला भेजे गए हैं। इसके अतिरिक्त कांवड़ मार्ग पर स्थित मेडिकल स्टोरों तथा कांवड़ सेवा शिविरों में वितरित की जाने वाली औषधियों का भी निरीक्षण किया गया है। खाद्य एवं पेय पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों की तैनाती की गई है। विभाग द्वारा अब तक 125 होटल, ढाबों एवं रेस्टोरेंटों का निरीक्षण कर स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने स्पष्ट किया है कि कांवड़ यात्रा के दौरान निगरानी, निरीक्षण एवं आवश्यक प्रवर्तन कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।


# स्वतंत्रता दिवस आमजन के सहयोग से पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाये : डीएम

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को भव्य रूप से मनाए जाने के लिए अधिकारियों को रूपरेखा तैयार कर कार्यों को करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की सहभागिता से पूरे हर्षोल्लाह व भव्य रूप से स्वतंत्रता दिवस को मनाया जाए। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने



बीते दिन कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि हर घर तिरंगा पोर्टल लॉन्च किया गया है। अबकी बार तिरंगा रैली, तिरंगा कंसर्ट, तिरंगा प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि झंडा फहराने और उतारने के लिए नियम बनाए गए हैं ,इसका अनुपालन कराया जाए। उन्होंने बताया कि प्रत्येक कार्यक्रम में राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रगीत का भी गायन किया जाएगा, इसको सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त को विभाजन विभिषिका दिवस भी मनाया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने बताया कि इस बार जनपद में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की स्वयं सहायता समूह की दीदिया झंडा बना रही है। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को झंडा वितरण का लक्ष्य भी बताया। सरकारी भवन पर सुबह झंडा फहराया जाएगा और शाम को उतारा जाएगा वहीं 9 अगस्त से 17 अगस्त तक वाणिज्य प्रतिष्ठानों, प्राइवेट कंपनियों व घरों पर ध्वज फहराया जा सकेगा इसके अतिरिक्त सेल्फी विद तिरंगा पोर्टल भी लॉन्च किया गया है जिस पर 9 अगस्त से आमजन राष्ट्रीय ध्वज के साथ फोटो लेकर उसको अपलोड कर सकते हैं। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## वादों को खारिज करने से पूर्व प्रभावित पक्षों को सुनवाई का अवसर दें: मंडलायुक्त



बिजनौर। आयुक्त मुरादाबाद मण्डल की अध्यक्षता में राजस्व वादों के गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किये जाने हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मण्डल के सभी जनपद मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर, अमरोहा एवं सम्भल के समस्त अपर जिलाधिकारियों, समस्त उपजिलाधिकारियों, समस्त तहसीलदारों द्वारा प्रतिभाग किया। सम्बन्धित जनपदों के शासकीय अधिवक्ता, नायब तहसीलदार, समस्त पेशकार तथा नामिका अधिवक्ता तथा कानूनगो के द्वारा वीडियों लिंक के माध्यम से प्रतिभाग किया गया। आयुक्त सभागार में मंगलवार को कार्यशाला का शुभारम्भ आयुक्त द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। आयुक्त द्वारा राजस्व वादो के निस्तारण में अवर न्यायालयों द्वारा की जा रही प्रक्रियात्मक त्रुटियों के सम्बन्ध में विस्तार से वर्णन किया गया, तथा राजस्व वादों के निस्तारण में विधिक प्रक्रिया अपनाते हुये साक्ष्य एवं सुनवाई का अवसर देकर गुणदोष के आधार पर आदेश पारित करने के निर्देश दिये गये और धारा 5 मियाद अधिनियम के बिन्दु पर वादों को खारिज न कर प्रभावित पक्षों को सुनवाई का अवसर प्रदान करने एवं गुणदोष के आधार पर वादों का निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया यह भी निर्देश दिये गये कि तकनीकी आधारों पर अनावश्यक रूप से वादों को खारिज न किया जाये, सभी अवर न्यायालयों के पीठासीन अधिकारी विचाराधीन पत्रावलियों के फर्द हे काम का प्रतिदिन परीक्षण करें।

## संक्षेप

### वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल का स्वर्णिम उड़ान 2047 लॉन्च

नई दिल्ली। आज वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल ने इंडियन गोल्ड इंडस्ट्री के लिए अपना लैंडमार्क विजन, स्वर्णिम उड़ान 2047: अनलॉकिंग द फुल पोटेंशियल ऑफ गोल्ड टुवार्ड्स विकसित भारत 2047 पेश किया। इस रिपोर्ट के नॉलेज पार्टनर मॉनिटर डेलॉयट हैं। इसमें भारत के आर्थिक विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक लीवर के रूप में गोल्ड को स्थापित करने के लिए एक दीर्घकालिक रोडमैप पेश किया गया है। जहाँ भारत 2047 तक 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है, वहीं, इस रिपोर्ट में गोल्ड को एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय संपत्ति माना गया है, जो वित्तीय मजबूती, एक्सपोर्ट, इनोवेशन और जवाबदेह घरेलू मूल्य निर्माण के साथ आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने में सक्षम है। इस रिपोर्ट में नीति के तालमेल और संस्थागत प्रयासों की मांग की गई है, ताकि पूरे ईकोसिस्टम को इसका ज्यादा लाभ मिल सके। भारत का ग्लोबल गोल्ड ईकोसिस्टम में एक अहम स्थान है। ग्लोबल सप्लाई चेन के मजबूत होने, फाईनेंशियल मार्केट्स के विस्तार और महत्वपूर्ण टेक्नोलॉजी के विकास के साथ भारत की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण होने वाली है। गोल्ड का महत्व केवल निवेश और ज्वेलरी में नहीं है। यह उद्योगों में इनोवेशन, वित्तीय मजबूती और आर्थिक सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। स्वर्णिम उड़ान 2047 ने भारत को अपने गोल्ड मार्केट को आधुनिक और मजबूत बनाने का एक स्पष्ट मार्ग दिया है। इससे रिसोर्सेज की सुरक्षा बढ़ेगी, वित्तीय मजबूती आएगी, आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा।

### टाटा के एडवांस्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी रीसाइकल विद रिस्पेक्ट का शुभारंभ




पटना। टाटा मोटर्स ने पर्यावरण-अनुकूल आवागमन और सर्कुलर अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के अपने वादे को दोहराते हुए, आज पटना, बिहार में अपने अत्याधुनिक रीसाइकल विद रिस्पेक्ट फैसिलिटी के उद्घाटन की घोषणा की। बिहार सरकार के परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने इस पंजीकृत वाहन स्क्रैपेज फैसिलिटी (आरवीएसएफ) का उद्घाटन किया। ये सुविधाएं पुराने वाहनों को सुरक्षित और जिम्मेदारी से डिस्मैंटल करने के लिए बनाई गई हैं और ये सभी ब्रांडों और सभी तरह के वाहनों को संभाल सकती हैं। इस सुविधा का उद्घाटन करते हुए, बिहार सरकार के परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने कहा कि पटना में इस रजिस्टर्ड वाहन स्क्रैपिंग फैसिलिटी की शुरूआत राज्य में सुरक्षित सड़कों और स्वच्छ ट्रांसपोर्ट इकोसिस्टम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राष्ट्रीय वाहन स्क्रैपेज नीति के तहत, यह सुविधा वैज्ञानिक और जिम्मेदार तरीके से पुराने और अनुपयुक्त वाहनों को हटाने में मदद करेगी, जबकि वाहन मालिकों को नए, सुरक्षित और अधिक ईंधन-कुशल वाहनों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगी। पूरे बिहार में प्रदूषण को कम करने और सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए हमारी गाड़ियों को अपग्रेड करना बहुत आवश्यक है।

### प्रेस्टीज ने लॉन्च किया नया एस्प्रेसो कॉफी मेकर

नई दिल्ली। टीटीके प्रेस्टीज ने अपना नया प्रेस्टीज एस्प्रेसो कॉफी मेकर लॉन्च किया है। कंपनी का दावा है कि यह कॉफी मेकर आधुनिक भारतीय घरों में कैफे जैसी कॉफी का अनुभव देगा। आकर्षक डिजाइन वाले इस कॉफी मेकर का इस्तेमाल करना बेहद आसान है। इसकी मदद से उपभोक्ता घर पर ही आसानी से रिच एस्प्रेसो के साथ कैप्पुचिनो, लाटे और अन्य मिल्क-बेस्ड कॉफी तैयार कर सकेंगे। प्रीमियम गोल्डन फिनिश और कॉम्पैक्ट डिजाइन वाले प्रेस्टीज एस्प्रेसो कॉफी मेकर को आधुनिक रसोई के अनुरूप तैयार किया गया है। कम जगह में आसानी से फिट होने वाला यह कॉफी मेकर रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए सुविधाजनक है और बेहतर परफॉर्मेंस सुनिश्चित करता है। इस कॉफी मेकर में 3.5 बार प्रेशर सिस्टम दिया गया है, जो रिच फ्लेवर, स्मूद क्रीमा और कैफे जैसी खुशबू वाली एस्प्रेसो तैयार करने में मदद करता है। सुबह की शुरूआत एस्प्रेसो के साथ करनी हो या दिन में कॉफी ब्रेक का आनंद लेना हो, यह हर बार बेहतरीन स्वाद और गुणवत्ता वाली कॉफी तैयार करता है।

# सेंसेक्स में 152 अंकों की उछाल



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लगातार चौथी बार अपनी प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किए जाने के बाद बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबारी सत्र में बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 152 अंक चढ़कर बंद हुआ।

इस दौरान 30 शेयर वाला सेंसेक्स 152.05 अंक या 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,581 अंक पर रहा। सेंसेक्स के 17 शेयर बढ़त में जबकि 12 नुकसान में रहे। वहीं एक बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। सूचकांक बढ़त के साथ खुला और सत्र के पहले हिस्से में 79,055.38 अंक के दिन के उच्च स्तर को छू गया। हालांकि, दोपहर के कारोबार में सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 769.64 अंक टूटकर 78,285.74 अंक के निचले स्तर पर आ गया। बाजार बंद होने से ठीक पहले दिग्गज बैंकिंग, वाहन और पूंजीगत वस्तु शेयरों में आई तेजी ने सेंसेक्स को घाटे से उबरने में मदद की। इस बीच, 50 शेयर वाला एनएसई निफ्टी 9.75 अंक या 0.04 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 24,624.65 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 24,677.60 अंक के उच्च स्तर तक गया और 24,497.95 अंक के निचले स्तर तक आया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंटरग्लोब एविएशन और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर सबसे अधिक बढ़त में रहे। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचसीएलटेक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर नुकसान में रहे। शेयर बाजारों द्वारा वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) अनुबंधों वाले शेयरों के लिए एक नई नीलामी प्रणाली शुरू करने के बाद सोमवार से सूचकांकों में काफी भिन्नता देखने को मिल रही है। इक्विटी नकद खंड में समापन नीलामी सत्र (सीएएस) सोमवार से चालू हो गया, जिसने कीमत निर्धारण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और मजबूत बनाने के उद्देश्य से पात्र शेयरों की समापन कीमतें तय करने के लिए एक नई नीलामी आधारित प्रणाली शुरू की है। इस बीच, भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को लगातार चौथी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) बैठक में अपनी प्रमुख नीतिगत दर (रेपो दर) को अपरिवर्तित रखा। इसके अतिरिक्त, वार्षिक मुद्रास्फीति अनुमानों को कम किया गया है, जो गवर्नर के खुले विचारों वाले नजरिये को दर्शाता है। इससे एक आशावादी नजरिये का संकेत मिलता है, हालांकि आगे की नीतिगत कार्वाई आंकड़ों पर निर्भर करेगी। बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.73 प्रतिशत और मिडकैप 0.45 प्रतिशत चढ़ा।

## आरबीआई के रेपो दर यथावत रखने से रुपया 13 पैसे मजबूत होकर 95.15 प्रति डॉलर पर



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पश्चिम एशिया संकट के बीच लगातार चौथी बार नीतिगत रेपो दर को यथावत रखने के फैसले के बाद रुपया बुधवार को 13 पैसे मजबूत होकर 95.15 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में रातभर आई गिरावट और अमेरिकी डॉलर की कमजोरी से निवेशकों की धारणा को समर्थन मिला। अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट से भी रुपये को सहारा मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.90 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 94.89 से 95.25 प्रति डॉलर के दायरे में रहा। अंत में यह 95.15 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव की तुलना में 13 पैसे की बढ़त है। रुपया मंगलवार को नौ पैसे मजबूत होकर 95.28 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने से वैश्विक जोखिम धारणा में सुधार हुआ है। इससे रुपये में हल्की मजबूती का रुख रहने की उम्मीद है। अमेरिका ने ईरान के साथ जल्द समझौता होने की बात कही है। कारोबारियों की नजर अब अमेरिका के आईएसएम सेवा पीएमआई आंकड़ों पर रहेगी। डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 94.80 से 95.50 के दायरे में रहने के आसार हैं। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सर्वसम्मति से रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा और नीतिगत रुख तटस्थ बनाए रखा। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.82 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 152.05 अंक चढ़कर 78,581 पर जबकि एनएसई निफ्टी 9.75 अंक की मामूली बढ़त के साथ 24,624.65 पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड का वायदा भाव 1.75 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78.48 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

## स्थिर रेपो दर से कर्ज की लागत बनी रहेगी भरोसेमंद, कर्ज प्रवाह को मिलेगा समर्थन

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर यथावत रखने और नीतिगत रुख को तटस्थ बनाए रखने के फैसले से कर्ज की लागत भरोसेमंद बनी रहेगी और ऋण प्रवाह एवं कारोबारी गतिविधियों को समर्थन मिलेगा। बैंकिंग क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने बुधवार को यह संभावना जताई। यह फैसला भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती में केंद्रीय बैंक के भरोसे को दर्शाता है। बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त पूंजी, बेहतर नकदी स्थिति और परिसंपत्तियों की गुणवत्ता वित्तीय प्रणाली की मजबूती को रेखांकित करती है। इस फैसले से ग्राहकों और कंपनियों के लिए कर्ज की लागत भरोसेमंद बनी रहेगी तथा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) सहित उत्पादक क्षेत्रों को ऋण उपलब्धता बनी रहेगी। कर्ज पर ब्याज दरों को एक समान बनाने के प्रस्ताव और शहरी सहकारी बैंकों के लाइसेंस दोबारा शुरू करने से जुड़े मसौदा दिशानिर्देशों से वित्तीय क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ेगी और ग्राहकों के हितों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित होगी। आरबीआई ने बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए कर्ज पर ब्याज दरों से जुड़ी नियामकीय रूपरेखा को अधिक सरल, तर्कसंगत और सिद्धांत-आधारित बनाने का प्रस्ताव किया है।

## सेवा क्षेत्र की वृद्धि निचले स्तर पर, नये ऑर्डर सुस्तः पीएमआई



नयी दिल्ली। देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि जुलाई में घटकर करीब साढ़े चार साल के निचले स्तर पर आ गई।

घरेलू और निर्यात, दोनों बाजारों में नए कारोबार के ऑर्डर धीमे पड़ने, कड़ी प्रतिस्पर्धा और मांग कमजोर होने के कारण कारोबारी गतिविधियों की रफ्तार सुस्त रही। एक मासिक सर्वेक्षण में बुधवार को यह जानकारी दी गई।

कारोबारी गतिविधियां पिछले 53 महीनों में सबसे धीमी गति से बढ़ीं। मांग कमजोर रहने और प्रतिस्पर्धी दबाव के बीच नए कारोबार में केवल मध्यम वृद्धि दर्ज की गई। मौसम संबंधी उतार-चढ़ाव के आधार पर समायोजित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जून के 57.4 से घटकर जुलाई में 53.3 पर आ गया। यह करीब साढ़े चार साल में वृद्धि की सबसे धीमी दर है। हालांकि, सूचकांक 50 के तटस्थ स्तर से ऊपर बना रहा, जिससे यह संकेत मिलता है कि सेवा क्षेत्र में उत्पादन का विस्तार लगातार जारी है। भारत का सेवा क्षेत्र जुलाई में भी बढ़ा, लेकिन इसकी रफ्तार कुछ धीमी रही। कई महीनों के मजबूत प्रदर्शन के बाद घरेलू और निर्यात, दोनों बाजारों में नए कारोबार की वृद्धि कमजोर पड़ी। सर्वेक्षण के अनुसार, नए कारोबार में वृद्धि फरवरी, 2022 के बाद सबसे धीमी रही। सर्वेक्षण में शामिल कंपनियों ने बताया कि कड़ी प्रतिस्पर्धा, मांग में कमी, बाजार की कमजोर परिस्थितियों और ऑर्डर टाले जाने से वृद्धि प्रभावित हुई। रोजगार के मोर्चे पर जून में छह महीने के निचले स्तर पर पहुंचने के बाद जुलाई में नियुक्तियों की रफ्तार में कुछ सुधार हुआ। हालांकि, यह सुधार सीमित रहा। केवल छह प्रतिशत कंपनियों ने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जानकारी दी, जबकि 92 प्रतिशत कंपनियों ने कहा कि उनके कर्मचारियों की संख्या में कोई बदलाव नहीं हुआ। नियुक्तियों में मध्यम सुधार हुआ।

## रेपो दर से आवास क्षेत्र में मांग व निवेश को मिलेगा समर्थन

नयी दिल्ली। जमीन, मकान के विकास से जुड़ी कंपनियों तथा विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच ब्याज दरों में स्थिरता से घर खरीदारों तथा डेवलपर का भरोसा बढ़ेगा, आवास की मांग को समर्थन मिलेगा और क्षेत्र की दीर्घकालिक वृद्धि को गति मिलेगी।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वैश्विक स्तर पर जारी अनिश्चितता के बीच महंगाई बढ़ने के जोखिम को देखते हुए नीतिगत दर रेपो को उम्मीद के मुताबिक बुधवार को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच, आरबीआई का नीतिगत दर रेपो को यथावत रखना एक संतुलित फैसला है। इस समय रियल एस्टेट क्षेत्र की नीति में स्थिरता की जरूरत थी और केंद्रीय बैंक के इस कदम से डेवलपर और घर खरीदने वालों, दोनों का भरोसा बढ़ेगा। उम्मीद है कि ब्याज दरों में स्थिरता से घरों की मांग बनी रहेगी और क्षेत्र में तेजी जारी रहेगी। रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर कायम रखने का आरबीआई का फैसला रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए स्थिरता और भरोसा लेकर आया है। मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच यथास्थिति बनाए रखने का निर्णय विश्वास और नीतिगत निरंतरता का सकारात्मक संकेत देता है।

# सोना 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी में 6200 रुपये की तेजी



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन तेजी आई और यह एक महीने के सबसे उंचे स्तर 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। ऐसा वैश्विक स्तर पर कीमती धातुओं की कीमतों में भारी उछाल के कारण हुआ।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,500 रुपये यानी 1.7 प्रतिशत बढ़कर 150,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) हो गई। मंगलवार को यह 1,47,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इससे पहले यह कीमती धातु छह जुलाई को इस स्तर के आसपास कारोबार कर रही थी। उस समय यह 1,50,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। पिछले कारोबारी सत्र में स्थिर रहने के बाद चांदी की कीमतों में फिर से तेजी आई और यह 6,200 रुपये बढ़कर लगभग एक महीने के उच्चतम स्तर 2,32,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गई। पिछले सत्र में यह 2,26,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इससे पहले चांदी नौ जुलाई को इस स्तर के आसपास कारोबार कर रही थी, जब यह 2,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सोने की कीमतें एक महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए संभावित अमेरिका-ईरान समझौते को लेकर बढ़ती उम्मीदों ने महंगाई की चिंताओं को कम किया और फेडरल रिजर्व द्वारा अधिक मौद्रिक सख्ती की उम्मीदों को घटाया। वैश्विक बाजारों में, हाजिर सोना 85.28 डॉलर यानी 2.09 प्रतिशत बढ़कर 4,162.76 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी तीन प्रतिशत से अधिक बढ़कर 61.35 डॉलर प्रति औंस हो गई। वैश्विक बाजार में हाजिर सोना दो प्रतिशत की तेजी के साथ 4,160 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने की चिंताएं कम हुई हैं।

## ब्याज दरों में स्थिरता से कारोबारी भरोसा बढ़ेगा, आर्थिक वृद्धि को मिलेगा समर्थन




नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर को यथावत रखने के निर्णय से ब्याज दरों में स्थिरता बनी रहेगी, जिससे कारोबारियों का भरोसा मजबूत होने की उम्मीद है। अर्थशास्त्रियों और उद्योग विशेषज्ञों ने यह बात कही।

उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि इससे निवेश को बढ़ावा मिलेगा और वैश्विक आर्थिक माहौल में अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की वृद्धि गति को बनाए रखने में मदद मिलेगी। साथ ही महंगाई से जुड़े जोखिम अभी बने हुए हैं, इसलिए आगे के नीतिगत फैसले उपलब्ध आंकड़ों पर निर्भर करेंगे। रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर यथावत रखना भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियाद में केंद्रीय बैंक के भरोसे को दर्शाता है। नीतिगत दरों में स्थिरता से कारोबारी भरोसा मजबूत होगा, निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच आर्थिक वृद्धि की गति बनी रहेगी। आरबीआई का यह कदम आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने, मूल्य स्थिरता बनाए रखने और वित्तीय प्रणाली की मजबूती सुनिश्चित करने के बीच संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह नीति कंपनियों के लिए एक स्थिर और भरोसेमंद माहौल उपलब्ध कराएगी। इससे आने वाले महीनों में भारत की आर्थिक वृद्धि को और मजबूती मिलेगी। यह नीति अर्थव्यवस्था के सामने मौजूद उभरते जोखिमों को लेकर संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाती है। वैश्विक अनिश्चितताएं अभी भी बनी हुई हैं, लेकिन आरबीआई का फैसला बदलती व्यापक आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप है। आरबीआई ने फिलहाल नीतिगत दरों में बदलाव नहीं किया है, लेकिन वह पूरी तरह निश्चिंत भी नहीं है। उनके अनुसार, रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर बनाए रखने और तटस्थ रुख बरकरार रखने से यह संकेत मिलता है कि अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर मजबूत बनी हुई है, जबकि दरों में और कटौती की गुंजाइश सीमित हो गई है।

## पेज एक का शेष

### आरबीआई के

अनुमान को 5.1 प्रतिशत से घटाकर 5.0 प्रतिशत किया गया है। मल्होत्रा ने कहा कि निकट अवधि में खुदरा महंगाई बढ़ने की आशंका है और यह वित्त वर्ष 2026-27 की तीसरी तिमाही में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच सकती है। इसकी मुख्य वजह खाद्य और ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी होगी, जिसके बाद महंगाई में नरमी आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि महंगाई का दबाव अभी व्यापक स्तर पर नहीं फैला है। कीमती धातुओं को छोड़कर मुख्य महंगाई (खाद्य और ईंधन की महंगाई को छोड़कर) अब भी नियंत्रित स्तर पर बनी हुई है। मल्होत्रा ने कहा, मौद्रिक नीति को सख्त करने की तत्काल जरूरत नहीं है। आरबीआई महंगाई को अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप लाने के लिए प्रतिबद्ध है और महंगाई के भविष्य के रुख को लेकर अधिक स्पष्टता आने का इंतजार कर रहा है। आरबीआई ने कहा कि अब तक महंगाई दबाव सीमित बना हुआ है। हालांकि, खाद्य पदार्थों, ईंधन और अन्य कच्चे माल की लागत में बढ़ोतरी के कारण महंगाई का दबाव व्यापक स्तर पर फैलने का जोखिम बना हुआ है।

### लखनऊ-कानपुर

शुरू कराया गया और प्रभावित स्थल का व्यापक तकनीकी परीक्षण कराने के निर्देश दिए गए। वर्तमान में प्रभावित स्थान पर यातायात डायवर्ट कर एक्सप्रेसव को सुचारु रूप से संचालित किया जा रहा है।

रियायतग्राही मेसर्स पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड को नॉन-परफॉर्मर घोषित करने का प्रस्ताव रखते हुए नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा निष्पादन सुरक्षा के दो प्रतिशत के बराबर दंड, जिम्मेदार कार्मिकों पर अधिकतम तीन वर्ष तक डिबारमेंट और कंपनी की पेवमेंट कंडीशन इंडेक्स रेटिंग डाउनग्रेड करने के संबंध में कारण बताओ नोटिस दिया गया है। प्रभावित हिस्से का करीब 3 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से पूरा सुधार रियायतग्राही अपने खर्च पर करेगा।

### तीन अधिकारियों

की एनएचएआई परियोजनाओं से प्रतिबंधित करने का प्रस्ताव करते हुए नोटिस जारी किया गया है।

### सपा का

किए जाने तथा एक्सप्रेसवे नेटवर्क को और बेहतर बनाने के लिए जो मांगें रखी थीं, अनुपूरक बजट में उसके लिए भी धनराशि का प्रावधान किया गया है। सीएम ने कहा कि आंगनवाड़ी, आशा वर्कर, रसोइए, ग्राम चौकीदार, कोटेदार आदि तमाम लोग प्रदेश के विकास के लिए मजबूती से काम कर रहे हैं। इन लोगों के साथ ही सरकार ने हर उस तबके के हित में काम करने का प्रयास किया था, जिनके मानदेय बढ़ने हैं। निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन में वृद्धि और नए पात्र लोगों को जोड़ने के प्रावधानों पर सदन में चर्चा होती, लेकिन समाजवादी पार्टी का नकारात्मक रवैया इसमें बाधा बन गया। सदस्यों द्वारा कई महत्वपूर्ण मांगों को सदन में मजबूती से बढ़ाने का प्रयास किया जाता, लेकिन सपा सदस्यों का आचरण में रुकावट बन गया। इसके बावजूद विधानसभा ने अनुपूरक मांगों को पारित किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने आउटसोर्सिंग कमीशन का गठन कर दिया है। हर आउटसोर्स कर्मी को न्यूनतम मानदेय और सामाजिक सुरक्षा की गारंटी प्राप्त हो, इसके लिए बजट में धनराशि की व्यवस्था कर दी गई है। आंगनवाड़ी, आशा कार्यकर्ता, ग्राम चौकीदार, रसोइया, कोटेदार आदि के इंसेंटिव, मानदेय को बढ़ाने के लिए भी बजट में धनराशि की व्यवस्था की गई है। विधानसभा से पारित होने के उपरांत बजट विधान परिषद से पारित होगा। इसके बाद अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार इसका लाभ हर तबके तक पहुंचाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी का यह चरित्र, अल्प मानदेय के बावजूद प्रदेश के विकास व 25 करोड़ जनता-जनार्दन की सेवा में जुटे तबके को अपमानित करने वाला है। इससे पहले भी इन लोगों ने शिक्षामित्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया था। शिक्षामित्रों को पहले 3000 मानदेय मिलता था, लेकिन हमारी सरकार ने इसे बढ़ाकर पहले 10 हजार और फिर 18 हजार किया। अनुदेशकों का मानदेय 9 हजार से बढ़ाकर 17 हजार रुपये किया। साथ ही बेसिक, माध्यमिक व उच्च शिक्षा से जुड़े शिक्षकों को भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई। सीएम ने कहा कि अनुपूरक मांगों में हम अन्य तमाम तबकों के लिए बेहतरीन योजनाएं लेकर आए थे।

### बिना चर्चा

होने से पहले ही सपा विधायकों ने राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण और अपने विधायक के निलंबन के विरोध में नारेबाजी शुरू कर दी। हंगामे से आहत विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि सदन में हुई घटनाओं से वह बेहद दुखी हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र मयार्दा और अनुशासन से चलता है। उन्होंने सदस्यों की ओर से सदन की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किए जाने को भी निंदनीय बताया। महाना ने कहा कि उन्हें इस बात पर विचार करना होगा कि क्या वह इस कुर्सी के योग्य हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन के अंतिम चरण में होने का जिक्र करते हुए कहा कि वह पिछले साढ़े चार वर्षों के कार्यकाल की समीक्षा करेंगे। दरअसल, मंगलवार को सपा विधायकों ने राम मंदिर दान प्रकरण पर चर्चा की मांग को लेकर सदन में प्रदर्शन किया था। इसी दौरान सपा विधायक सचिन यादव ने पोस्टर लहराया। विधानसभा अध्यक्ष की चेतावनी के बाद भी पोस्टर नहीं हटाने पर उन्हें पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। विधायक को सदन से बाहर करने के दौरान मार्शलों और विधायकों के बीच धक्कामुक्की की स्थिति भी बनी। बुधवार को भी सपा विधायक पोस्टर लेकर सदन पहुंचे और विरोध प्रदर्शन जारी रखा। हंगामे के बीच वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने अनुपूरक बजट पारित होने के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई।

### 370 हटने

हुआ। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने पांच अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी बना दिया था तथा तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों - जम्मू-कश्मीर और लद्दाख - में बांट दिया था। अनुच्छेद 370 के तहत पूर्व में जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का प्राप्त था। प्रधानमंत्री ने कहा हम जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की प्रगति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्धता प्रकट करते हैं कि हर नागरिक को बड़े सपने देखने, उन्हें हासिल करने और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का अवसर मिले। उन्होंने कहा इस साल पांच अगस्त का दिन और भी अहम है क्योंकि इसी साल देश श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती मना रहा है। उन्होंने कहा देश की एकता के लिए उनका आजीवन समर्पण पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। दशकों पहले उन्होंने जो सपना देखा था, वह पांच अगस्त 2019 को ऐतिहासिक रूप से सच हो गया। मुखर्जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। जनसंघ बाद में भारतीय जनता पार्टी बन गया। मुखर्जी ने अनुच्छेद 370 को हटाने तथा जम्मू-कश्मीर को बाकी भारत के साथ पूरी तरह जोड़ने के लिए संघर्ष किया था।

### हाथरस में

जगहों पर प्लास्टिक की कुल 106 बोरियां जब्त की गयीं। इतनी बड़ी मात्रा में सिक्कों की गिनती करना संभव नहीं था, इसलिए उनका वजन किया गया। कुल वजन 5666 किलोग्राम निकला। इतनी बड़ी मात्रा में सिक्के क्यों जमा किए गए थे, यह जांच का विषय है।

सिन्हा ने कहा कि सिक्का-निर्माण अधिनियम में सिक्कों को नष्ट करने, उन्हें वैध मुद्रा के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल करने या प्रतिबंधित परिस्थितियों में अपने पास रखने पर रोक है। उन्होंने कहा कि इन अपराधों के लिए अधिकतम सात साल की सजा का प्रावधान है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सिक्के कहां से आए और उनकी आपूर्ति कहां की जानी थी, इसका पता लगाने के लिए एक पुलिस टीम बनाई गई है।

### पीएम आवास

अनावश्यक विलंब या लापरवाही सामने आती है तो संबंधित स्तर पर जिम्मेदारी तय की जाएगी समीक्षा बैठक में सामने आया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत राज्य में अब तक 6,464 आवासों का निर्माण पूरा किया जा चुका है। अब विभाग का फोकस इन तैयार आवासों को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने पर है। सचिव आवास ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवास तैयार होने के बाद आवंटन और कब्जा हस्तांतरण की प्रक्रिया में अनावश्यक देरी न हो। पात्र परिवारों से संबंधित औपचारिकताओं को समयबद्ध तरीके से पूरा कर उन्हें जल्द आवास उपलब्ध कराया जाए। बैठक में अपेक्षाकृत धीमी गति से चल रही परियोजनाओं की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया गया। सचिव आवास ने संबंधित एजेंसियों को कार्य की गति बढ़ाने के साथ निर्माण स्थलों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

### किसान रजिस्ट्री

करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया है। किसान रजिस्ट्री के साथ-साथ राजस्व अभिलेखों के डिजिटलीकरण का कार्य भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार अंश निर्धारण का कार्य 88.92 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। इससे भूमि अभिलेख अधिक सटीक और अद्यतन होंगे तथा किसानों की पहचान और रिकॉर्ड को डिजिटल स्वरूप में मजबूत आधार मिलेगा। प्रदेश सरकार का लक्ष्य किसान रजिस्ट्री का शत-प्रतिशत कार्य शीघ्र पूरा कर प्रत्येक पात्र किसान को डिजिटल पहचान से जोड़ना है। इससे कृषि प्रशासन अधिक प्रभावी होगा, भूमि संबंधी अभिलेखों का प्रबंधन बेहतर होगा और किसानों को सरकारी सेवाओं का लाभ बिना किसी अनावश्यक देरी के उपलब्ध कराया जा सकेगा। सरकार का मानना है कि डिजिटल कृषि व्यवस्था भविष्य में किसानों के हितों की रक्षा, योजनाओं की निगरानी और कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### जमीन विवाद में

न किया जाए। कोर्ट ने याचिका के अवलोकन के बाद पाया कि पूरा मामला मूल रूप से पारिवारिक विवाद से जुड़ा है और पक्षकारों के बीच सिविल मुकदमा भी लंबित है। कोर्ट ने कहा कि याची यह स्पष्ट नहीं कर पाए कि ऐसे निजी सिविल विवाद में संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत हाईकोर्ट को हस्तक्षेप क्यों करना चाहिए। लिहाजा इस आधार पर याचिका में मांगी गई राहत देने का कोई आधार नहीं है। कोर्ट ने पुलिस और निजी प्रतिवादियों के बीच कथित मिलीभगत के आरोपों की विस्तृत जांच करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस तरह के आरोपों की जांच करने पर उसके परिणामस्वरूप निजी प्रतिवादियों अथवा संबंधित पुलिस अधिकारी के खिलाफ शिकायत या एफआइआर दर्ज करने जैसे अलग परिणाम हो सकते हैं। हालांकि , कोर्ट ने कहा कि यह स्थापित कानूनी स्थिति है कि पुलिस अथवा कार्यकारी अधिकारी निजी पक्षों के बीच अचल संपत्ति के स्वामित्व, कब्जे अथवा सीमा संबंधी विवाद में हस्तक्षेप या उसका निर्णय नहीं कर सकते। पीठ ने स्पष्ट किया कि यदि निजी पक्षों के बीच जमीन को लेकर विवाद है तो उसका समाधान सक्षम सिविल कोर्ट में होना चाहिए। पुलिस और राजस्व अधिकारी किसी पक्ष के सिविल अधिकारों का निर्धारण करने वाले न्यायिक प्राधिकारी नहीं हैं। आगे कहा हालांकि, यदि विवाद के कारण सार्वजनिक शांति भंग होने अथवा कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका हो तो पुलिस और कार्यकारी अधिकारी कानून के तहत आवश्यक कार्रवाई कर सकते हैं।




# कल्पना से परे ली फिटनेस परीक्षा : नीरज चोपड़ा



नयी दिल्ली। फिटनेस से जुड़ी परेशानियों से करीब एक साल तक जूझने के बाद भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने कहा कि पिछले 10 महीने उनके लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहे और उन्होंने ऐसे दौर का सामना किया, जिसकी उन्होंने कभी कल्पना नहीं की थी। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 28 साल के इस खिलाड़ी ने पिछले सप्ताह राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतकर अपने पदकों के संग्रह में एक और उपलब्धि जोड़ी।

वह मुख्य रूप से जांघ की मांसपेशियों की चोट और कुछ अन्य शारीरिक परेशानियों से प्रभावित रहे थे। चोट के कारण नीरज का सत्र देर से शुरू हुआ, लेकिन उन्होंने ग्लास्गो में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में 85.83 मीटर के सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ अपनी लय हासिल कर ली। नीरज ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर राष्ट्रमंडल खेलों के प्रदर्शन का वीडियो साझा करते हुए लिखा, कुछ भाले लंबी दूरी तय करते हैं और कुछ पल पूरी यात्रा का भार अपने साथ लेकर आते हैं। पिछले 10 महीने ने मेरी ऐसी परीक्षा ली, जिसकी मैंने कभी उम्मीद नहीं की थी। उन्होंने कहा कई चोटों से उबरना, अपने शरीर को दोबारा मजबूत बनाना, फिर से लय हासिल करना और उस समय धैर्य रखना जब मैं केवल प्रतियोगिता में उतरना चाहता था।

मैं हर दिन अभ्यास कर रहा था, लेकिन यह भी नहीं पता था कि इस साल मुझे खेलने का मौका मिलेगा या नहीं। नीरज ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में 86.47 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन चोट के कारण 2022 के सत्र में हिस्सा नहीं ले सके थे। पिछले साल सितंबर में विश्व चैंपियनशिप से ठीक पहले उन्हें कमर के निचले हिस्से में चोट लगी थी और राष्ट्रमंडल खेलों से पहले उन्होंने केवल एक प्रतियोगिता में भाग लिया था।

# पेरिस ओलंपिक के बाद मुक्केबाजी जारी रखना बड़ी उपलब्धि : लवलीना



नयी दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने कहा कि पेरिस ओलंपिक के बाद भी अपने करियर को जारी रखना उनके लिए सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है क्योंकि पिछले एक साल में चोट, आत्मविश्वास की कमी और मुश्किल दौर से गुजरने के बाद उन्होंने दोबारा वापसी की। राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के रिकॉर्ड 10 मुक्केबाजी पदक जीतने के बाद खेल मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात के दौरान 28 वर्षीय लवलीना ने पेरिस ओलंपिक के बाद की चुनौतियों को याद किया। वह 2024 ओलंपिक में क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गई थीं।

लवलीना ने पीटीआई वीडियो से कहा, सबसे पहले तो मेरे लिए इतने लंबे समय तक खेल जारी रखना ही बड़ी बात थी। पेरिस ओलंपिक के बाद कई उतार-चढ़ाव आए। कई बार यह सवाल भी उठा कि मैं आगे खेलना चाहती हूं या नहीं। लेकिन मैंने वापसी की और खेल जारी रखा। यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। तीसरी बार राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेने वाली लवलीना ने इस बार अपना पहला राष्ट्रमंडल पदक जीता। उन्होंने रजत पदक हासिल किया। उन्होंने कहा मैंने लगभग सभी खेलों और प्रतियोगिताओं में पदक जीते हैं। लेकिन अगर स्वर्ण पदक जीतती तो और अच्छा होता। मैं अपनी टीम के लिए बहुत खुश हूं, जिसने शानदार प्रदर्शन किया। सात स्वर्ण पदक हम सभी के लिए बड़ी उपलब्धि है। अब मैं एशियाई खेलों के लिए भी तैयार हूं। मुझे बेहतर प्रदर्शन करके स्वर्ण पदक जीतना है। भारतीय टीम के विदेशी कोच सैंटियागो नीवा ने राष्ट्रमंडल खेलों में टीम के प्रदर्शन को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि इस सफलता से आगामी प्रतियोगिताओं के लिए टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है। नीवा ने महिला 51 किग्रा वर्ग में साक्षी की स्वर्ण पदक जीत को भारतीय मुक्केबाजी की मजबूत प्रतिभा का उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि इस वर्ग में जगह बनाना ही कठिन था क्योंकि चयन मुकाबलों में तीन विश्व चैंपियन और दो युवा विश्व चैंपियन मौजूद थीं। उन्होंने कहा साक्षी ने फाइनल में इंग्लैंड की मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जिस तरह का प्रदर्शन किया और अपने अनुभव का इस्तेमाल किया, वह भविष्य के लिए काफी सकारात्मक संकेत है। नीवा ने कहा कि अब टीम का ध्यान अब एशियाई खेलों और ओलंपिक क्वालीफिकेशन की तैयारियों पर होगा। विश्व चैंपियन जैस्मीन लंबोरिया ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों में खिताब जीतने के बाद उनका मुख्य लक्ष्य लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक है और वह लगातार सुधार करती रहेंगी। राष्ट्रमंडल खेलों में विश्व चैंपियन के रूप में उतरने के दबाव पर जैस्मीन ने कहा कि इस पहचान ने उन्हें बीमारी से उबरकर बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा इससे मुझे काफी प्रेरणा मिली। मेरी स्थिति अच्छी नहीं थी।

मैंने केवल तीन सप्ताह प्रशिक्षण लिया। मुझे पहले ठीक होना था और फिर प्रदर्शन करना था। लेकिन अगर स्वर्ण पदक जीतती तो और अच्छा होता। मैं अपनी टीम के लिए बहुत खुश हूं, जिसने शानदार प्रदर्शन किया। सात स्वर्ण पदक हम सभी के लिए बड़ी उपलब्धि है। अब मैं एशियाई खेलों के लिए भी तैयार हूं। मुझे बेहतर प्रदर्शन करके स्वर्ण पदक जीतना है। भारतीय टीम के विदेशी कोच सैंटियागो नीवा ने राष्ट्रमंडल खेलों में टीम के प्रदर्शन को ऐतिहासिक बताया।

## संक्षेप

### भारतीय नौसेना ने डूरंड कप में नेरोका को 2-0 से हराया

इंफाल। भारतीय नौसेना ने डूरंड कप फुटबॉल के ग्रुप-डी मुकाबले में बुधवार को नेरोका एफसी को 2-0 से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की। भारतीय नौसेना के लिए रोशन पन्ना ने 23वें मिनट में पहला गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद दूसरे हाफ में ई. मुहम्मद इनायत ने 65वें मिनट में गोल कर जीत पक्की कर दी। पूरे मुकाबले में नौसेना ने अनुशासित और प्रभावी खेल का प्रदर्शन किया। इस जीत के साथ भारतीय नौसेना ने दो मैचों में तीन अंक हासिल कर ग्रुप-डी में दूसरे स्थान पर जगह बना ली। नेरोका एफसी दो मैचों में एक अंक के साथ तालिका में सबसे नीचे बनी हुई है।

### डीपी वर्ल्ड इंडिया चैम्पियनशिप में भारत की चुनौती पेश करेंगे शुभंकर, अनिर्बान

नयी दिल्ली। शुभंकर शर्मा और अनिर्बान लाहिड़ी 15 से 18 अक्टूबर तक दिल्ली गोल्फ क्लब में होने वाली डीपी वर्ल्ड इंडिया चैम्पियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे जबकि इसमें रोरी मैकलरॉय और गत चैम्पियन टॉमी फ्लीटवुड जैसे दिग्गज भी भाग लेंगे। चार मिलियन डॉलर ईनामी राशि का यह टूर्नामेंट रेस टू दुबई के नौ टूर्नामेंटों में आठवां है। डीपी वर्ल्ड टूर चैम्पियनशिप दुबई में नवंबर में होगी। शर्मा और लाहिड़ी के साथ इसमें गत ओपन चैम्पियन रियान फॉक्स, शेन लॉरी, जस्टिन रोस, यूरोपीय राइडर कप कप्तान ल्यूक डोनाल्ड और राइडर कप स्टार विक्टर होवलैंड भी नजर आयेंगे।

### दीक्षा, प्रणवी व अदिति पीआईएफ लंदन चैम्पियनशिप में

लंदन। दीक्षा डागर और अदिति अशोक समेत चार भारतीय गोल्फर 20 लाख डॉलर ईनामी राशि के लेडीज यूरोपीय टूर (एलईटी) की पीआईएफ लंदन चैम्पियनशिप में भाग लेंगी। दीक्षा दो बार एलईटी खिताब जीत चुकी हैं। वह लगातार शीर्ष दस में रही हैं और फिलहाल आर्डर आफ मेरिट में आठवें स्थान पर है। वह 2023 में शीर्ष तीन में रही थी। पांच बार की एलईटी विजेता अदिति अभी तक एलपीजीए टूर पर जीत दर्ज नहीं कर सकी हैं। उनके अलावा अवनि प्रशांत और प्रणवी उर्स भी इस टूर्नामेंट में भाग लेंगी जिसमें 120 खिलाड़ी नजर आयेंगे।

### राष्ट्रमंडल खेल : चुनौतियों का बखूबी सामना किया साइ ने, सुधार की गुंजाइश भी

नयी दिल्ली। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के लिये छह माही परीक्षा से कम नहीं थे जिसमें खेलों के अलावा प्रशासनिक चुनौतियां भी थी जिन पर खरे उतरने के बावजूद कुछ पहलुओं पर सुधार की जरूरत भी सामने आई। खेल मंत्रालय के तहत साइ राष्ट्रीय शिविरों के आयोजन, चयन, खिलाड़ियों की ट्रेनिंग और प्रतिस्पर्धाओं के कैलेंडर की निगरानी के लिये जवाबदेह है।

ग्लास्गो खेलों में 13 स्वर्ण और 17 रजत समेत 39 पदक जीतने से अपेक्षाओं पर खरे उतरने का संतोष है तो तैराकी और साइकिलिंग जैसे खेलों में और काम करने की जरूरत का भी अहसास है। इसके अलावा मुक्केबाजों और जूडो खिलाड़ियों को ग्लास्गो में समय पर सामान नहीं मिलने जैसे प्रशासनिक मसले भी सामने आये जिनमें आने वाले समय में सुधार की जरूरत है।

# वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में 6 विकेट गिरे

## दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान जीत के करीब, बढ़त सिर्फ 60 रन; साजिद को 4 विकेट

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** त्रिनिदाद और टोबैगो की राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन के क्वींस पार्क ओवल में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन पाकिस्तान ने मैच पर मजबूत पकड़ बना ली। वेस्टइंडीज को पहली पारी में 344 रन पर समेटने के बाद पाकिस्तान ने 387 रन बनाकर 43 रन की बढ़त हासिल की। इसके जवाब में मेजबान टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में 6 विकेट पर 103 रन बनाए। उसकी बढ़त अब सिर्फ 60 रन की रह गई है। तीसरे दिन का आखिरी सत्र मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। शुरूआती समय में वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाजों ने पाकिस्तान की बढ़त खत्म कर दी थी, लेकिन इसके बाद स्पिनर साजिद खान और अली उस्मान ने लगातार विकेट लेकर मैच का रुख पाकिस्तान की ओर मोड़ दिया।


साजिद खान ने तेजनारायण चंद्रपॉल को छइह आउट कर पहली सफलता दिलाई। इसके बाद उन्होंने शाई होप और नाइटवॉचमैन जेडन सील्स को भी पवेलियन भेजा। वहीं अली उस्मान ने दिन की आखिरी गेंद पर रोस्टन चेज का अपनी ही गेंद पर कैच लपककर वेस्टइंडीज को छठा झटका दिया। अब वेस्टइंडीज के सिर्फ चार विकेट बाकी हैं। ऐसे में उसके लिए पाकिस्तान के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखना आसान नहीं होगा। इससे पहले पाकिस्तान की पहली पारी 387 रन पर सिमट गई। सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक ने शानदार 150 रन बनाए और टीम को पहली पारी में 43 रन की अहम बढ़त दिलाई। हालांकि, तीसरे दिन के पहले सत्र में पाकिस्तान ने जल्दी-जल्दी विकेट गंवा दिए। बाबर आजम 88 रन पर रन आउट हो गए। इसके बाद डेब्यू कर रहे अजान जफर बिना खाता खोले आउट हुए, जबकि सलमान आगा भी शून्य पर पवेलियन लौट गए। पाकिस्तान ने 5 रन के भीतर 3 अहम विकेट गंवा दिए। इसके बाद मोहम्मद रिजवान (22 रन) और साजिद खान (20 रन) ने उपयोगी पारियां खेलकर टीम की बढ़त 43 रन तक पहुंचाई। वेस्टइंडीज की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर जोमेल वॉरीकन सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 42 रन देकर 6 विकेट लिए।

वॉरीकन ने उबैद शाह और मोहम्मद अली को लगातार गेंदों पर आउट किया, हालांकि वह हैट्रिक से चूक गए। उनकी शानदार गेंदबाजी की बदौलत ही वेस्टइंडीज पाकिस्तान को पहली पारी में बड़ी बढ़त लेने से रोक सका। वहीं दूसरी ओर रणजी ट्रॉफी के पिछले सत्र में 950 रन बनाकर सुर्खियों में आए कर्नाटक के बल्लेबाज रविचंद्रन स्मरण ने कहा है कि वह नए सत्र में भी अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए भारतीय टीम में जगह बनाने की दावेदारी मजबूत करना चाहते हैं। शीर्ष घरेलू टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाना किसी भी बल्लेबाज के लिए बड़ी उपलब्धि होने के साथ-साथ कई बार उम्मीदों का भारी बोझ भी बन सकता है, लेकिन स्मरण खुद पर अतिरिक्त दबाव नहीं डालना चाहते हैं। स्मरण ने कहा मैं उम्मीदों के बारे में ज्यादा नहीं सोचता और खुद पर किसी तरह का दबाव नहीं डालता। मेरा ध्यान केवल ज्यादा से ज्यादा रन बनाने पर रहता है।

इस 23 साल के बल्लेबाज ने कहा, सत्र शुरू होने से पहले अच्छी तरह अभ्यास और प्रशिक्षण करना जरूरी है, ताकि सही मानसिकता के साथ मैदान पर उतर सकूं। स्मरण दलीप ट्रॉफी में दक्षिण क्षेत्र के लिए मजबूत शुरुआत करना चाहते हैं। उनका मानना है कि यह टूर्नामेंट उनके लिए काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां के प्रदर्शन पर कई लोगों की नजरें रहेंगी। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए अहम टूर्नामेंट है। यहां बनाए गए रन काफी मायने रखते हैं। अगर मैं अच्छा प्रदर्शन कर पाता हूं तो इससे पूरे सत्र के लिए अच्छी शुरुआत मिलेगी। मेरा पूरा ध्यान हालांकि अच्छी तैयारी पर है और बाकी चीजें अपने आप सही होती जाएंगी। स्मरण की शानदार बल्लेबाजी से कर्नाटक पिछले सत्र में रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचने में सफल रहा था। करीब छह महीने तक लाल गेंद क्रिकेट से दूर रहने के बाद वापसी की चुनौती के बारे में स्मरण ने कहा कि आईपीएल के दौरान अप्रैल और मई में सफेद गेंद क्रिकेट खेलने के बाद दोबारा लाल गेंद क्रिकेट की मानसिकता में लौटना जरूरी था। उन्होंने कहा, यह काफी महत्वपूर्ण पहलू है।

मुझे सफेद गेंद क्रिकेट से अपने तरीके और बल्लेबाजी को लाल गेंद क्रिकेट के अनुसार ढालना था। इस मामले में कर्नाटक लीग के मुकाबले मेरी काफी मदद कर रहे हैं और मुझे नए सत्र से पहले लाल गेंद क्रिकेट के माहौल में लौटने का मौका मिल रहा है। इस खब्बू बल्लेबाज ने घरेलू क्रिकेट में स्पिन गेंदबाजी का सामना करने पर भी काम किया है। उनका मानना है कि अलग-अलग पिचों और परिस्थितियों में अच्छे स्पिनरों के खिलाफ खेलना घरेलू क्रिकेट की बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा, घरेलू क्रिकेट में आपको देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग परिस्थितियों में अच्छे स्पिनरों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए मजबूत तकनीक जरूरी है। उन्होंने कहा, स्पिनरों की लय बिगाड़ने के लिए स्वीप और रिवर्स स्वीप जैसे शॉट खेलने आने चाहिए। मैं सत्र से पहले इन पहलुओं पर काम कर रहा हूं। लाल गेंद क्रिकेट में सफलता के साथ-साथ स्मरण सीमित ओवरों के प्रारूप में भी प्रभावी रहे हैं। टी20 में उनका स्ट्राइक रेट 155 और लिस्ट-ए क्रिकेट में औसत 50.33 है।

# गुजरात के मुख्यमंत्री को सौंपा राष्ट्रमंडल खेल ध्वज




गांधीनगर। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को बुधवार को राष्ट्रमंडल खेलों का ध्वज औपचारिक तौर पर सौंप दिया गया जिससे 2030 में अहमदाबाद में होने वाले खेलों की तैयारियों की सांकेतिक शुरूआत भी हो गई। ग्लास्गो से लौटने के बाद गुजरात के उप मुख्यमंत्री हर्ष सांघवी ने पटेल को यहां कैबिनेट बैठक के दौरान ध्वज सौंपा। दो बार के ओलंपिक

**❍ 2030 की तैयारियों की सांकेतिक शुरुआत**

पदक विजेता नीरज चोपड़ा, भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा के साथ सांघवी ग्लास्गो में राष्ट्रमंडल खेलों के समापन समारोह में मौजूद थे जहां राष्ट्रमंडल खेलों का ध्वज अगले मेजबान के तौर पर भारत को सौंपा गया। एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार उप मुख्यमंत्री हर्ष सांघवी ने राष्ट्रमंडल खेलों का ध्वज औपचारिक तौर पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को यहां प्रदेश कैबिनेट बैठक के दौरान पूरे सम्मान और गरिमा के साथ सौंपा।

### हरियाणा राष्ट्रमंडल खलों के पदक विजेताओं को करेगा सम्मानित : खेल मंत्री गौतम

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार राष्ट्रमंडल खेल 2026 में पदक जीतने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार तथा प्रशस्ति-पत्र प्रदान करेगी। राज्य के खेल मंत्री गौरव गौतम ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में होने वाले इस कार्यक्रम का आयोजन सात अगस्त को पंचकूला के सेक्टर-तीन स्थित ताऊदेवी लाल स्टेडियम में होगा। गौतम ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। राज्य के 10 खिलाड़ियों ने कुल सात स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीतकर हरियाणा और देश का गौरव बढ़ाया। उन्होंने बताया कि राज्य की खेल नीति के तहत पदक विजेताओं और प्रतिभागी खिलाड़ियों को कुल 13.47 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। सातों स्वर्ण पदक विजेताओं को 1.50-1.50 करोड़ रुपये, दोनों रजत पदक विजेताओं को 75-75 लाख रुपये तथा कांस्य पदक विजेता को 50 लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा। इसके अलावा राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेने वाले 13 खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप 7.50-7.50 लाख रुपये देकर सम्मानित किया जाएगा। गौतम ने कहा कि हरियाणा सरकार का मुख्य उद्देश्य राज्य के युवाओं को विश्वस्तरीय खेल सुविधाएं और उत्कृष्ट प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है।

# एसए20 : मार्श सनराइजर्स से जुड़े, कुरेन सुपर जाइंट्स में

एजेंसी

जोहानिसबर्ग। आस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान मिचेल मार्श एसए20 में पदार्पण करके तीन बार की चैम्पियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप से जुड़ेंगे जबकि इंग्लैंड के हरफनमौला सैम कुरेन अब मुंबई इंडियंस केपटाउन की जगह डरबन सुपर जाइंट्स के लिये खेलेंगे। सनराइजर्स ईस्टर्न केप के पास क्विंटोन डिकॉक, मैथ्यू ब्रीज्के, जोर्डन हरमान और कप्तान ट्रिस्टन स्टब्स जैसे बल्लेबाज हैं। वहीं कुरेन इंग्लैंड के अपने साथी जोस बटलर के साथ सुपर जाइंट्स टीम का हिस्सा होंगे।

पिछली उपविजेता प्रिटोरिया कैपिटल्स को शीर्षक्रम में फिल साल्ट और आस्ट्रेलिया के मैट शॉर्ट जैसे बल्लेबाज मिल गए हैं। उनके पास डेवाल्ड ब्रेविस, शेरफान रदरफोर्ड, आंद्रे रसेल और कोनोर ईस्टरहुइजेन जैसे आक्रामक बल्लेबाज भी हैं।

इंग्लैंड के हरफनमौला विल जैक्स अब कैपिटल्स की जगह एमआई केपटाउन टीम में होंगे। वह आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिये खेल चुके हैं और द हंड्रेड में एमआई लंदन टीम का हिस्सा हैं। डरबन सुपर जाइंट्स और पार्ल रॉयल्स ने नीलामी से पहले अपने 19 खिलाड़ियों की टीम पूरी कर ली है। बाकी चार टीमों के लिये 19 स्थान उपलब्ध हैं। एसए20 के लीग कमिश्नर और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने कहा कि मार्श, कुरेन और साल्ट जैसे खिलाड़ियों की मौजूदगी बताती है।

# गावित की नजरें विश्व रिकॉर्ड बनाने पर

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेलों में पदार्पण करते हुए 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने के साथ रिकॉर्ड बनाने वाले पैरा एथलीट दिलीप गावित का लक्ष्य अगले महीने जापान में होने वाले पैरा एशियाई खेलों में 100 मीटर और 400 मीटर दोनों स्पर्धाओं में विश्व रिकॉर्ड कामय करने का है।

टी47 वर्ग में हिस्सा लेने वाले गावित ने पैरा खिलाड़ियों के सम्मान समारोह के दौरान कहा, मैं एशियाई खेलों में 100 मीटर और 400 मीटर में विश्व रिकॉर्ड बनाना चाहता हूं। 2022 में हांगझोउ एशियाई खेलों में मैंने 400 मीटर में स्वर्ण पदक जीता था। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में मैंने पहली बार 100 मीटर में हिस्सा लिया और इन खेलों के रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। गावित ने कहा कि उनका लक्ष्य 100 मीटर में 10.28 सेकंड का समय निकालना है, जो भारत के पुरुष वर्ग के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के करीब है। उन्होंने बताया कि पहले वह सामान्य वर्ग की प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लेते थे और राष्ट्रीय स्तर तथा खेलो इंडिया खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। उस समय उनका मुख्य ध्यान 400 मीटर दौड़ पर था। टी47 वर्ग उन खिलाड़ियों के लिए होता है, जिनके हाथों में किसी प्रकार की परेशानी होती है, जैसे एक हाथ का कट जाना या उसकी कार्यक्षमता कम होना। इसका असर संतुलन, तालमेल और दौड़ने की तकनीक पर पड़ सकता है। गावित का मानना है कि एशियाई खेलों में चुनौती काफी कठिन होगी। उन्होंने कहा, मैं 400 मीटर और 100 मीटर दोनों में हिस्सा लूंगा। वहां प्रतिस्पर्धा का स्तर काफी उंचा होगा।

मेरे कोच उसी के अनुसार मेरी तैयारी कराएंगे। दो अलग-अलग स्पर्धाओं में उतरने की चुनौती के बारे में गावित ने कहा कि उन्हें दोनों में दौड़ना पसंद है और उन्होंने किसी दबाव के बिना प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, मैं आमतौर पर 400 मीटर में दौड़ता हूं, इसलिए 100 मीटर में उतरना मुश्किल नहीं था। इसमें सिर्फ तेज दौड़ना होता है। मैं किसी दबाव में नहीं था क्योंकि मुझे 100 मीटर दौड़ना पसंद है।

# अल्काराज चोट के कारण सिनसिनाटी ओपन से हटे

एजेंसी



सिनसिनाटी। दुनिया के दूसरे नंबर के टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज दाईं कलाई की चोट के कारण मंगलवार को सिनसिनाटी ओपन से हट गए। यह चोट उन्हें अप्रैल से परेशान कर रही है। स्पेन के अल्काराज इस हार्ड कोर्ट टूर्नामेंट में अपने खिताब का बचाव करने की तैयारी कर रहे थे।

यह प्रतियोगिता यूएस ओपन से पहले महत्वपूर्ण अभ्यास टूर्नामेंट मानी जाती है। टूर्नामेंट निदेशक बॉब मोरान ने कहा, हम जानते हैं कि कार्लोस जल्द से जल्द कोर्ट पर लौटने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। हम उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं और भविष्य में सिनसिनाटी में उनका स्वागत करने की उम्मीद करते हैं। अल्काराज का पिछला टूर्नामेंट बार्सिलोना ओपन था। इसके बाद वह इस सत्र से बाहर चल रहे हैं। हाल की तस्वीरों और वीडियो में उन्हें अभ्यास करते हुए देखा गया था, जिससे उम्मीद थी कि वह 11 अगस्त से शुरू होने वाले सिनसिनाटी ओपन में वापसी कर लेंगे।

# शूटिंग चैंपियनशिप में ला मार्टिनियर कॉलेज को 8 पदक

खेल संवाददाता



गोरखपुर। सेंट जूड्स स्कूल, गोरखपुर द्वारा आयोजित क्षेत्रीय शूटिंग चैंपियनशिप (लड़के) 2026 में ला मार्टिनियर कॉलेज के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। कॉलेज के निशानेबाजों ने प्रतियोगिता में सबसे अधिक 8 पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया। इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर ला मार्टिनियर कॉलेज को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ स्कूल घोषित किया गया और चैंपियनशिप का खिताब भी अपने नाम किया।

चैंपियनशिप में कॉलेज के खिलाड़ियों ने अनुशासन, मेहनत और बेहतरीन निशानेबाजी का प्रदर्शन किया। सभी खिलाड़ियों ने अलग-अलग मुकाबलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के दौरान उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन की सभी ने सराहना की। कॉलेज की छात्रा ओजस्या अग्रवाल ने पूरे टूनार्मेंट में सबसे अधिक 388 अंक (400 में से) हासिल किए। इस शानदार उपलब्धि के लिए उन्हें चैंपियनशिप का सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज चुना गया। उनकी सफलता उनकी कड़ी मेहनत, लगन और अभ्यास का परिणाम है। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन, प्रशिक्षकों और अभिभावकों ने खुशी जताई। व्यक्तिगत स्पधाओं में भी ला मार्टिनियर कॉलेज के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। यशवर्धन दीक्षित ने अपने उत्कृष्ट खेल के दम पर स्वर्ण पदक जीता। वहीं राजवीर सिंह कक्कड़ ने शानदार निशानेबाजी करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। निखिल यादव ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। इन खिलाड़ियों की सफलता ने कॉलेज की कुल पदक संख्या बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में कॉलेज के खिलाड़ियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ मुकाबले खेले और हर दौर में अपनी क्षमता साबित की। सबसे अधिक पदक जीतने के साथ-साथ सर्वश्रेष्ठ स्कूल का सम्मान प्राप्त करना कॉलेज के लिए गर्व की बात है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से स्कूल में खुशी का माहौल है।

कॉलेज के प्रधानाचार्य, शिक्षकों और प्रशिक्षकों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### लाकड़ा ने हॉकी इंडिया की समिति पर उठाये सवाल, दस्तावेज मांगे

नई दिल्ली। भारत की पूर्व महिला हॉकी कप्तान असुंथा लाकड़ा ने उन्हें कारण बताओ नोटिस भेजने वाली हॉकी इंडिया की आचरण समिति के अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाते हुए प्रक्रिया का पालन नहीं करने का आरोप लगाया है। हॉकी इंडिया की आचरण समिति के अध्यक्ष जस्टिस (रिटायर्ड) राघवेंद्र कुमार को भेजे गए नौ पेज के शुरुआती जवाब में लाकड़ा ने पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अलबेला रानी टोप्पो द्वारा की गई शिकायतों में लगाए गए सभी आरोपों को खारिज करते हुए उन्हें झूठा, बेबुनियाद, दुर्भावनापूर्ण, और छवि खराब करने वाला बताया है। हॉकी इंडिया की चयनकर्ता और कार्यकारी बोर्ड की सदस्य लाकड़ा ने कहा मेरे खिलाफ लगाए गए हर आरोप का मैं खंडन करती हूं। आरोप झूठे, बेबुनियाद, गलत इरादे से किए गए।

# मोहित हॉकी विश्व कप में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

एजेंसी



नयी दिल्ली। संयोग से गोलकीपर बने कर्नाटक के 24 वर्षीय मोहित एचएस का भारत के लिए हॉकी विश्व कप खेलने का सपना आखिरकार पूरा होने जा रहा है। वह 15 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

अनुभवी गोलकीपर सूरज करकेरा के साथ मोहित भारतीय टीम के दो गोलकीपरों में शामिल हैं। यह उपलब्धि उनके अब तक के प्रेरणादायक सफर का एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है। भले ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मोहित का अनुभव करकेरा जितना नहीं है, लेकिन हाल के महीनों में उन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया है। खासकर एफआईएच प्रो लीग के अंतिम चरण में उनके दमदार खेल ने चयनकर्ताओं का भरोसा और मजबूत किया। दिलचस्प बात यह है कि मोहित का गोलकीपर बनने का सफर पूरी तरह संयोग से शुरू हुआ था। स्कूल की हॉकी टीम में गोलकीपर नहीं होने के कारण उनके कोच ने उनकी लंबाई को देखते हुए उन्हें इस जिम्मेदारी के लिए चुना।

# असम में बाढ़ से भारी नुकसान: नड्डा

## मुख्यमंत्री के साथ किया बाढ़ प्रभावित नेपालीखुटी इलाके का दौरा



असम। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने असम के बाढ़ प्रभावित इलाकों का बुधवार को दौरा किया और कहा कि तबाही का पैमाना इतना व्यापक है कि हालात को सामान्य होने में समय लगेगा। नड्डा ने असम सीमा पर स्थित नेपालीखुटी इलाके का मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के साथ दौरा किया। यह इलाका 19 जुलाई को आई बाढ़ की हालिया लहर से सबसे बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों में से एक है।

नड्डा ने प्रभावित परिवारों से बातचीत के बाद पत्रकारों से कहा कि मैंने बाढ़ प्रभावित नेपालीखुटी इलाके का दौरा किया। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा भी मेरे साथ थे। हमने तबाही का मंजर देखा। नुकसान इतना बड़ा है कि हालात को सामान्य होने में समय लगेगा। उन्होंने प्रभावित लोगों को केंद्र की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाते हुए कहा कि सरकार उनके साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से आपको भरोसा दिलाना चाहता हूं कि भारत सरकार की तरफ से कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। चाहे वह आर्थिक मदद हो, पुनर्वास हो, मुआवजा हो या संपत्ति के नुकसान के लिए सहायता, सब कुछ मुहैया कराया जाएगा। नड्डा का यह दौरा ऐसे समय में हुआ है जब पूर्वोत्तर राज्य भीषण बाढ़ की स्थिति से जूझ रहा है। बाढ़ जनित घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 89 हो गई है, जबकि पांच जिलों में 1.22 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं और रात भर हुई बारिश के बाद फिर से बाढ़ आने की आशंका बनी हुई है। नड्डा ने शर्मा के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठकर बाढ़ प्रभावित इलाके का दौरा किया क्योंकि बाढ़ आने के 18 दिन बाद भी सड़कों पर कीचड़ और गाद की मोटी परतें जमा हैं और इसी कारण सामान्य वाहनों का उस मार्ग से गुजर पाना संभव नहीं था।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोन जिले से बहकर आने वाली नदी ने एक के बाद एक कई गांवों को तबाह कर दिया है। इससे जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें जमीनी हालात का जायजा लेने के लिए भेजा था और उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ बाढ़ के असर पर विस्तार से चर्चा की है। नड्डा ने कहा कि हम आगे की रणनीति पर चर्चा करने के लिए शाम को समीक्षा बैठक करेंगे। प्रभावित लोगों को तुरंत राहत पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री शर्मा ने हरसंभव कोशिश की है और बड़े पैमाने पर राहत कार्य जारी हैं। उन्होंने कहा कि जहां असम सरकार इस संकट से निपटने के लिए अपने सभी संसाधनों का इस्तेमाल कर रही है, वहीं केंद्र सरकार भी हरसंभव मदद देगी।

# रूस के मिसाइल और ड्रोन हमलों में कीव व आस-पास के क्षेत्रों में 17 लोगों की मौत



कीव। यूक्रेन की राजधानी कीव और उसके आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार रातभर किए गए रूस के मिसाइल और ड्रोन हमलों में 17 लोगों की मौत हो गई तथा 44 अन्य लोग घायल हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बुधवार को यह जानकारी दी।

रूस यूक्रेन के खिलाफ बड़े पैमाने पर लगातार बैलिस्टिक मिसाइल हमले कर रहा है। इस साल गर्मियों से ऐसे हमले लगभग नियमित हो गए हैं। यूक्रेन के पास अमेरिका निर्मित पैट्रियट प्रणालियों की मिसाइलों का सीमित भंडार है। उसके पास मौजूद हवाई रक्षा प्रणालियों में केवल पैट्रियट ही बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराने में सक्षम है। रूस के हमलों में यूक्रेन की इसी कमजोरी का फायदा उठाया जा रहा है। जेलेंस्की ने अन्य देशों से और अधिक अवरोधक मिसाइलें भेजने की अपील की है। ईरान युद्ध के कारण इन मिसाइलों की उपलब्धता और कम हो गई है। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर कहा कि आज मारे गए लोगों की जान बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने वाली प्रणालियां ही बचा सकती थीं। उन्होंने कहा कि हमारे साझेदारों के लिए यह समझना बहुत जरूरी है कि इनकी आपूर्ति में देरी या बैलिस्टिक मिसाइल रोधी प्रणालियां देने में अनिच्छा का सीधा नतीजा ऐसी भयावह जनहानि और तबाही के रूप में सामने आता है। अमेरिका की अगुवाई वाले शांति प्रयासों में कोई प्रगति होती नहीं दिखने के बीच यूक्रेन ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर बातचीत के लिए दबाव बनाने के उद्देश्य से तेल रिफाइनरियों जैसे प्रमुख रूसी स्थलों पर हमले तेज कर दिए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बिना शर्त युद्धविराम का प्रस्ताव रखा था जिसे यूक्रेन ने स्वीकार कर लिया है लेकिन पुतिन ने इसे मानने से इनकार कर दिया है। यूक्रेन ने कंपनी के माल ढुलाई केंद्रों पर बुधवार को एक और हमला करते हुए मॉस्को के दक्षिण में तुला क्षेत्र स्थित उसके एक गोदाम को ड्रोन से निशाना बनाया।

**संक्षेप**

### 10 दिन में राशि एसएनए खातों में हस्तांतरित करें : मुख्य सचिव

पटना। बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बुधवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के तहत केंद्र सरकार से प्राप्त राशि को निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप 10 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से एकल नोडल एजेंसी (एसएनए) अथवा संबंधित बैंक खातों में हस्तांतरित किया जाये। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित एसएएससीआई 2026-27 की समीक्षा बैठक में वित्त सचिव संजय कुमार सिंह, वित्त विभाग की सचिव (व्यय) रचना पाटिल तथा विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव और सचिव शामिल हुए। बैठक में एसएएससीआई योजना के विभिन्न भागों के तहत बिहार को आवंटित तथा जारी की गई राशि की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। भाग-तीन (पूंजीगत व्यय लक्ष्य) तथा डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, खनन क्षेत्र और सीबीजी सुधार जैसे सुधार-आधारित अन्य भागों में बिहार के प्रदर्शन को शीर्ष पर बनाए रखने के लिए सभी विभागीय सचिव स्वयं योजनाओं की नियमित निगरानी करें।

# विदेश सचिव मिसरी ने श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व से की मुलाकात

कोलंबो। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बुधवार को श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर आपसी हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने श्रीलंका में भारत के सहयोग से चल रही विकास परियोजनाओं समेत प्रमुख द्विपक्षीय परियोजनाओं की समीक्षा भी की।

मिसरी एक दिवसीय दौरे पर कोलंबो पहुंचे हैं। उन्होंने श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुर कुमार दिसानायक से मुलाकात की। कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दोनों पक्षों के बीच वार्ता आपसी हितों से जुड़े मुद्दों और श्रीलंका में भारत के सहयोग से चल रही विकास परियोजनाओं समेत प्रमुख द्विपक्षीय परियोजनाओं की समीक्षा पर केंद्रित रही। इसमें कहा गया, बैठक के बाद, दोनों पक्षों ने भारतीय मूल्य में 35 करोड़ अमेरिकी डॉलर की ऋण सुविधा को लेकर समझौतों का आदान-प्रदान किया।

# सड़क हादसों में हर साल 1.8 लाख मौतें

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए चालकों को लेन अनुशासन और यातायात नियमों का वैज्ञानिक प्रशिक्षण देना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि देश में हर साल सड़क हादसों में करीब 1.8 लाख लोगों की मौत हो जाती है।

राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों का जवाब देते हुए गडकरी ने कहा कि यह बेहद दुखद है कि हर साल हमारे यहां 180,000 लोगों की मौत होती है। उन्होंने कहा कि इन मौतों के पीछे कई कारण हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण कारण इंसान का व्यवहार है। हमारे देश में चालकों को अच्छा प्रशिक्षण देने की जरूरत है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि चालकों को लेन अनुशासन और यातायात नियमों का वैज्ञानिक प्रशिक्षण दिया जाना बहुत महत्वपूर्ण है। वह मनोनीत सदस्य सुधा मूर्ति के पूरक प्रश्न का जवाब दे रहे थे। मूर्ति ने कहा था कि देश में अच्छी सड़कें हैं, लेकिन दुर्घटनाएं भी बहुत अधिक हो रही हैं। उन्होंने पूछा था कि क्या सरकार के पास चालकों को लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए कोई नयी व्यवस्था या योजना है ? राष्ट्रीय राजमार्ग बहुत अच्छे हैं, लेकिन कई बार तेज और लापरवाही से वाहन चलाने वाले चालकों के कारण दुर्घटनाएं होती हैं। अधिकतर मामलों में चालक अच्छी तरह प्रशिक्षित नहीं होते और संभव है कि उन्होंने गलत तरीकों से लाइसेंस हासिल किए हों। यह साबित करने के लिए कोई रिकॉर्ड या वीडियो नहीं होता कि उन्होंने ड्राइविंग टेस्ट कैसे पास किया। कई मामलों में नाबालिग चालक भी बिना परिणाम समझे वाहन चलाते हैं। मूर्ति ने सरकार से ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया को और सख्त तथा पारदर्शी बनाने की मांग की।

# सरकार ने भंडारण-आधारित ई-कॉमर्स निर्यात के लिए प्रक्रिया अधिसूचित की



नयी दिल्ली। सरकार ने ऑनलाइन कंपनियों के लिए भंडारण आधारित सीमा पार ई-कॉमर्स निर्यात संबंधी नियम अधिसूचित कर दिए हैं। अधिसूचना के अनुसार, नए नियमों के तहत ऐसी कंपनियां सिर्फ पक्के निर्यात ऑर्डर के आधार पर ही सामान खरीद सकेंगी और निर्यात के लिए अनुमान के आधार पर अग्रिम भंडारण की अनुमति नहीं होगी।

सरकार ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) वाली ई-कॉमर्स कंपनियों को केवल निर्यात के उद्देश्य से भंडारण रखने की अनुमति 23 जुलाई को दी थी। इस व्यवस्था के तहत केवल भारत में निर्मित या उत्पादित वस्तुओं का ही निर्यात किया जा सकेगा। निर्णय के क्रियान्वयन के लिए विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने अधिसूचना जारी करते हुए कहा है कि विदेशी निवेश वाली ई-कॉमर्स कंपनियों को ऑनलाइन माध्यम से केवल निर्यात के लिए माल का भंडारण करने के मकसद से सरकार के साथ एक्सपोर्टर-ऑन-रिकॉर्ड (ईओआर) के रूप में पंजीकरण कराना होगा। अधिसूचना के अनुसार, पात्र ई-कॉमर्स कंपनियां पंजीकृत ईओआर के माध्यम से केवल निर्यात के लिए भंडारण आधारित परिचालन कर सकेंगी। ईओआर पुष्टि किए गए विदेशी ऑर्डर के आधार पर भारतीय सेलर-ऑन-रिकॉर्ड (एसओआर) से भारत में निर्मित वस्तुओं की खरीद कर सकेंगे। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि पंजीकृत ईओआर के माध्यम से भारतीय विक्रेता विदेशी बाजारों तक पहुंच बना सकेंगे, जबकि निर्यात दस्तावेज, सीमा शुल्क औपचारिकताएं, गंतव्य देश के नियामकीय अनुपालन, उत्पाद परीक्षण एवं प्रमाणन, पैकेजिंग, लेबल, आपूर्ति, लॉजिस्टिक और रिवर्स लॉजिस्टिक जैसी जिम्मेदारियां ईओआर निभाएगा। अधिसूचना के अनुसार, ईओआर वह इकाई होगी जिसके पास वैध आयात-निर्यात कोड (आईईसी) और माल एवं सेवा कर पहचान संख्या (जीएसटीआईएन) होगी तथा जो डीजीएफटी के साथ इस ढांचे के तहत पंजीकृत होगी। वह निर्यात के उद्देश्य से एक या अधिक भारतीय विक्रेताओं से सामान खरीद सकेगी।

# टीवीके सरकार के पहला बजट में महिलाओं के लिए 1300 करोड़ का प्रावधान



चेन्नई। तमिलनाडु के वित्त मंत्री एन. मैरी विल्सन ने बुधवार को विधानसभा में तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) सरकार का पहला बजट पेश किया और मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय की कई पहल की सराहना की।

उन्होंने कहा कि सरकार ने कुछ दलों और व्यक्तियों को निविदाओं में मिलने वाले कट (कमीशन) की प्रथा समाप्त कर दी है। सरकार ने टीवीके के प्रमुख चुनावी वादों में शामिल दो स्वर्ण सहायता योजनाओं के लिए।,300 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया है। साथ ही, राज्य को वित्तीय संकट से बाहर निकालने के लिए कई कदम उठाने का दावा किया। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को समाप्त करने की मांग दोहराते हुए विल्सन ने केंद्र सरकार से 12वीं कक्षा के अंकों के आधार पर प्रवेश की पुरानी व्यवस्था बहाल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि महिला लाभार्थियों के लिए सोने के सिक्के एवं रेशमी साड़ी योजना के तहत 812 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस योजना के तहत विवाह के समय दुल्हनों को आठ ग्राम सोना और एक रेशमी साड़ी दी जाएगी। सरकार ने सरकारी अस्पतालों में जन्म लेने वाले नवजात शिशुओं के लिए स्वर्ण अंगूठी योजना के लिए 560 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। यह विजय के नेतृत्व वाली टीवीके का एक चुनावी वादा था। वहीं, वेट्री मडिकनिनी थिट्टम के तहत कॉलेज के छात्रों को लैपटॉप देने की योजना के लिए 2,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि हज समिति के माध्यम से पहली बार हज यात्रा पर जाने वाले लोगों के लिए सब्सिडी 25,000 रुपये से बढ़ाकर 35,000 रुपये की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य को वित्तीय संकट से बाहर निकालने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।

**इंटरटेनमेंट...**

# उदयनिधि स्टालिन पर भड़कीं कंगना



**मुंबई।** अभिनेत्री और बीजेपी सांसद कंगना रनोट ने तमिलनाडु के नेता उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ हुई पुलिस कार्रवाई का समर्थन किया है। उदयनिधि पर एक रैली के दौरान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय और अभिनेत्री तृषा कृष्णन को लेकर अमर्यादित टिप्पणी करने के आरोप लगे थे। इसके बाद चेन्नई पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया था। कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा कि किसी भी सभ्य समाज में अश्लील और अभद्र चुटकुले बर्दाश्त नहीं किए जा सकते। उदयनिधि की गिरफ्तारी को उन्होंने एक अच्छी नजीर बताया है। भले ही जमानत मिल गई हो, पर कार्रवाई जरूरी थी कंगना रनोट ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर इस पूरे विवाद पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा कि सार्वजनिक मंचों से गंदी गालियां देना और गंदे डबल मीनिंग चुटकुले बनाना किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं है। स्टालिन को इस अपराध के लिए जेल भेजा गया। वे भले ही अब तक जमानत पर बाहर आ गए हों, लेकिन यह एक बहुत अच्छी नजीर है। कंगना से पहले बीजेपी नेता खुशबू सुंदर ने भी उदयनिधि के बयान की निंदा करते हुए उनसे तृषा से बिना शर्त माफी मांगने की मांग की थी। चिन्मयी राजनीति में महिलाओं को घसीटना बंद करें गायक चिन्मयी श्रीपदा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट शेयर कर नेताओं की सोच पर सवाल उठाए।

> ❍ **अश्लील और भद्दे चुटकुले बर्दाश्त नहीं, तृषा पर की थी अभद्र टिप्पणी**

उन्होंने लिखा कि अगर राजनीति में शामिल पुरुष अपनी योजनाओं में उन महिलाओं को घसीटना बंद कर दें जिनका इनसे कोई लेना-देना नहीं है, तो यह बहुत बेहतर होगा। चिन्मयी ने आगे कहा कि शुरूआत में वे उदयनिधि की बात का मतलब नहीं समझ पाई थीं। बाद में जब किसी ने इसका अर्थ समझाया तो पता चला कि यह महिलाओं को निशाना बनाने वाली अभद्र भाषा थी। उन्होंने कहा कि युवा नेताओं से बेहतर व्यवहार की उम्मीद थी, लेकिन उन्होंने निराश किया। खुशबू सुंदर ने यह घटिया राजनीति अभिनेत्री और बीजेपी नेता खुशबू सुंदर ने भी उदयनिधि स्टालिन के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी।

# महाभारत में अश्वत्थामा बने प्रदीप रावत का अंतिम संस्कार



**मुंबई।** प्रदीप रावत का जन्म 21 जनवरी 1952 को जबलपुर में हुआ था। उनका मंगलवार को मुंबई में निधन हुआ। एक्टर प्रदीप रावत का अंतिम संस्कार आज मुंबई की बेस्ट कॉलोनी के पास गोरेगांव (पश्चिम) में किया जा रहा है।

अंतिम संस्कार की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। लगान और गजनी समेत कई फिल्मों में नजर आने वाले प्रदीप रावत का 74 साल की उम्र में मंगलवार शाम को निधन हो गया। इसी बीच आमिर खान और रजा मुराद समेत कई सेलेब्स प्रदीप रावत के अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे।

प्रदीप रावत के अंतिम संस्कार के लिए फूलों से सजी अंतिम यात्रा की गाड़ी पहुंची। अंतिम संस्कार के दौरान प्रदीप रावत के बेटे विक्रमादित्य भावुक नजर आए। आमिर खान अपने को एक्टर प्रदीप रावत के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। सलमान खान ने प्रदीप के साथ पुरानी फोटो शेयर कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

> ❍ **'गजनी' जैसी कई फिल्मों में दिखे थे; सलमान ने दुख जताया, आमिर खान श्रद्धांजलि देने पहुंचे**

### बेटी के साथ एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए अभिषेक-ऐश्वर्या

मुंबई। हाल ही में छुट्टियां बिताकर लौटे अभिषेक बच्चन, ऐश्वर्या राय बच्चन और उनकी बेटी आराध्या बच्चन मंगलवार को एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए। इस दौरान ऐश्वर्या और आराध्या ब्लैक आउटफिट में ट्विनिंग करती नजर आईं। आराध्या ने लेदर जैकेट पहनी थी, जबकि ऐश्वर्या ब्लैक वेलवेट ओवरकोट और जींस में दिखीं। अभिषेक बैगी डेनिम और जैकेट में नजर आए। एयरपोर्ट पर परिवार के बर्ताव ने भी लोगों का ध्यान खींचा। अभिषेक ने उन्हें लेने आए सिक्योरिटी कर्मियों का अभिवादन किया, जबकि आराध्या ने फोटोग्राफरों को नमस्ते कहा। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने उनके इस व्यवहार की तारीफ की।

# सलमान खान ने सोहेल को दी आगे बढ़ने की सलाह



**मुंबई।** एक्टर सलमान खान ने हाल ही में अपने छोटे भाई सोहेल खान को उनके तलाक के बाद आगे बढ़ने और किसी को डेट करने की सलाह दी। हाल ही में सलमान खान शो अलायंस के नए एपिसोड में पहुंचे थे, जिसमें सोहेल बतौर कंटेस्टेंट भाग ले रहे हैं। बातचीत के दौरान सलमान ने सोहेल और सीमा सजदेह की शादी का जिक्र करते हुए कहा कि हर रिश्ते में मुश्किल दौर और झगड़े आते हैं। उन्होंने कहा, तुम खुद पर कुछ दोष ले रहे हो। मैं समझता हूं कि तुम यह नहीं कहोगे कि यह आपसी फैसला था। मैंने सीमा के कुछ इंटरव्यू देखे, जिनमें उन्होंने कहा कि रिश्ता टॉक्सिक था और झगड़े होते थे।' उन्होंने आगे कहा, 'हर कपल के बीच झगड़े होते हैं। यह आपके ऊपर है कि रिश्ते में बने रहना है या अलग होना है। एक भाई होने के नाते मैं जानता हूं कि तुमने अपनी तरफ से पूरी कोशिश की और उसने भी की, लेकिन उस समय हालात तुम्हारे पक्ष में नहीं थे। सलमान खान सबसे बड़े भाई हैं और सोहेल खान उनके सबसे छोटे भाई हैं। दोनों सलीम खान के बेटे हैं। सलमान ने सोहेल को नई शुरूआत करने की सलाह देते हुए कहा, किसी को डेट करना शुरू करो। आगे बढ़ो। तुम जानते हो न कि हमारा दिमाग हमारे साथ कैसे खेल खेलता है ? दिमाग की यही आदत है। चाहे जिंदगी की बाकी सारी चीजें कितनी भी अच्छी चल रही हों, लेकिन अगर एक भी ऐसी बात हो जो तुम्हें परेशान कर रही हो, तो तुम बाकी की 99.9% अच्छी चीजों को भूल जाते हो।

उन्होंने आगे कहा कि फिर पूरा ध्यान उसी एक नेगेटिव बात पर टिक जाता है। तुम सोचते रहते हो, 'यार, ये चीज मेरे हित में नहीं है। ये नेगेटिव है। ये मुझे परेशान कर रही है और फिर तुम्हारा दिमाग बार-बार उसी एक बात पर जाता है, उसी के बारे में सोचता रहता है। पिछले कुछ हफ्तों से परिवार को मिस कर रहे सोहेल की सलमान ने अपने फोन से बेटे निर्वाण से वीडियो कॉल पर बात कराई। बेटे से बात कर सोहेल इमोशनल और खुश हो गए। सोहेल और सीमा की पहली मुलाकात चंकी पांडे की सगाई की पार्टी में हुई थी। सोहेल पहली नजर में ही सीमा को दिल दे बैठे।

> ❍ **किसी को डेट करना शुरू करो, बेटे से कराई वीडियो कॉल में बात**




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceofluckhnow@gmail.com